# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

**पादरी बाजार(एसएनबी)** । गुलरिहा इलाके के सेमरा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मकान का ताला तोड़कर पांच लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुटी हैं। महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के भुजौली निवासी विनोद कुमार पुत्र छठी प्रसाद संतकबीर नगर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में गुलरिहा थाना क्षेत्र के जागृति नगर, सेमरा में मकान बनवाकर पूरे परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार की शाम पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव चले गए थे! मंगलवार की दोपहर जब वापस परिवार लेकर गोरखपुर पहुंचे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है तथा कमरे में सामान बिखरा हुआ है व आलमारी टूटी हुई है तथा आलमारी में रखा एक लाख अस्सी हजार रुपये नगद जो पोस्टअफिस के खाते की मैच्योरिटी से मिली थी, सोने का एक मंगलसूत्र, एक माथे का टीका, पांच अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, दो लाकेट तथा दो जोड़ी चांदी का पायल चोरी हो गया है, नगदी समेत कुल चोरी की अनुमानित लागत लगभग 5 लाख रुपये बतायी जा रही है। 112 नम्बर की सूचना पर पुलिस पहुंची और खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी है।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# रेप आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)** । चौरी चौरा थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर नाबालिक लड़की से रेप तथा मारपीट के आरोप में दर्ज मुकदमें के फरार आरोपी विवेक गिरी पुत्र विनोद गिरी निवासी महादेवा जंगल थाना चौरी चौरा को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 376,323,504,506,3/4 पास्को एक्ट 3 (2)(अ) एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# बच्चे के चोरी की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**सहजनवा (एसएनबी)** । नानी के साथ घर से दुकान जा रहे बच्चे की चोरी की सूचना पर बुधवार को पुलिस हलकान रही लेकिन कुछ समय बाद बच्चा मिल गया जिसके बाद पुलिस राहत की सांस ली। सहजनवा थाने के भीटी रावत में रहने वाली नानी के साथ असुदीन (7) पुत्र मैनूदीन रहता है। घर से अपनी नानी के चुड़ी के दुकान पर जा रहा था। अचानक उसकी नानी को लगा कि बच्चा गायब हो गया। किसी ने बाइक पर बैठा कर हरपुर बुदहट की तरफ ले जा रहा है। नानी शोर मचाने लगी । तभी शोर सुनकर कुछ बाइक सवार ने पीछा भी किया। किसी ने उसी समय पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पुलिस पहुँच कर जांच की तो बच्चा प्राथमिक विद्यालय भीटी रावत में मिला। पुलिस ने बच्चे से पुछताक्ष कर वापस चली गयी। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि मामला फर्जी था। बच्चे से पुछताछ की गयी ।

# युवक ने फंदे पर झूलकर कर ली खुदकुशी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चिलुआताल इलाके के ओंकार नगर सिक्टौर बाजार निवासी युवक बुधवार को किसी बात से नाराज था। वह दिन में मायके गयी भाभी को फोन पर खुदकुशी करने की सूचना दी और फिर फंदे से झूलकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। **चिलुआताल प्रतिनिधि** के अनुसार चिलुआताल थाने के सिक्टौर बाजार के महुआतर निवासी दिनेश उर्फ छोटू (18 ) पुत्र ध्रुप निषाद आज सुबह घर पहुंचा और घर पर कोई नहीं दिखा तो वह कुंडे में केबल का फंदा बना कर झूल जाने से पहले अपने भाभी को फोन कर जानकारी दी कि खुदकुशी करने जा रहे है। खुदकुशी की सूचना पर भाभी ने तत्काल स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगल बहादुर अली निवासी अपने ननद के पति बीरू निषाद को जानकारी दी। युवक के बहनोई जबतक पुलिस को जानकारी दी कि उससे पहले वह खुदकुशी कर लिया।

# युवक को जानमाल की धमकी,केस

**चौरीचौरा (एसएनबी)।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शत्रुघपुर निवासी अवनीश मणि त्रिपाठी को डुमरी खुर्द गांव के कुछ मनबढ युवक फोन पर अपशब्दो की बौछार करते हुए जानमाल की धमकी दी है । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दिया है । पीड़ित ने चौरीचौरा इंस्पेक्टर जयंत कुमार सिंह को जिन मनबढ युवकों के खिलाफ तहरीर सौंप कर शिकायत किया है, उसमें सन्नी, भीम पासवान व करन शामिल है । यह सभी आरोपी डुमरी खुर्द गांव के रहने वाले हैं । पीड़ित ने पुलिस को इस घटना के साक्ष्य के तौर पर फोन पर हुई बातचीत का एक आडियो क्लिप भी सौंपी है । पुलिस ने तहरीर पर सन्नी, भीम पासवान व करन के खिलाफ 147,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी गई है ।

# मछली व्यवसायी को बाजार में दौड़ाकर पीटा

पाली (एसएनबी)। सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा पुलिस चौकी अन्तर्गत बाजार में मछली का पैसा मागनें पर मछली व्यवसायी को मनबढ़ो ने सरेआम लाठी डण्डे से दौड़ा - दौड़ा कर पीट दिया। घघसरा चौकी क्षेत्र के कस्बे बुधवार शाम को कुछ युवक मछली खरीदने बाजार में पहुचें।मछली व्यवसायी से मछली खरीदा। व्यवसायी के द्वारा पैसा मांगने पर गाली गुप्ता देते मछली लेकर जाने लगे । व्यवसायी के टोकने पर मनबढ़ युवको ने फोन कर अपने साथियों को बुलाया। कुछ देर में करीब एक दर्जन युवक लाठी डण्डे से लैस होकर पहुंचे और मछली व्यवसायी को पीटेने लगे।जिस पर व्यवसायी जान बचाकर भागने लगा लेकिन मनबढ़ो ने उसे बाजार में बाजार में दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे।जब व्यवसायी अचेत होकर गिर गया।तो मनबढ़ बाजार से चले गए। चौकी इन्चार्ज विनय सिंह ने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

# प्रधान पति ने पुरानी रंजिश में पीटा

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोर्रा निवासी प्रधान पति ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने पट्टीदार को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। परशुराम पुत्र हरिदेव निवासी गोर्रा थाना हरपुर बुदहट जिनके पट्टीदार हरिंदर यादव जो प्रधान पति भी है। पुरानी रंजिश चल रही है। 8 नवम्बर को दोपहर में 12 बजे के करीब पीड़ित और उसके पुत्र अमन को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिये तथा जान मारने की धमकी भी दिये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रधान पति हरिंदर यादव,विशाल यादव,हरिदेव यादव, के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। इस सम्बंधमें प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि परशुराम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पहली बार गोरखपुर में

# मेडिकल माफिया की एक अरब की संपत्ति जब्त

गोरखपुर (एसएनबी)। जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के बाद सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गोरखपुर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने अपराधियों और माफिया के खिलाफ अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। राज नर्सिंग कॉलेज एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी और बहन की पुलिस और प्रशासन ने एक अरब तीन करोड़ पांच लाख सात हजार चार सौ बाइस रुपये की संपत्तियां जब्त कर ली है। लगातार पांच दिनों से चल रही यह कार्रवाई बुधवार को पूरी हो गई।

जब्त की गयी चार संपत्तियों में दुर्गाबाड़ी स्थित राज नर्सिंग होम, जिसकी कीमत 21.30 करोड़ रुपए है। इसके अलावा गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव का जटेपुर उत्तरी स्थित घर जिसकी कीमत 2.24 करोड़ रुपए है। नकहा जंगल स्थित राज गौशाला, जिसकी कीमत 3.20 करोड़ रुपए है और पिपराइच इलाके के जंगल अहमदशाह अली राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज को भी जब्त कर लिया गया है, जिसकी कीमत करीब 12.63 करोड़ रुपए है। इन सभी प्रॉपटी की कीमत करीब 99.21 करोड़ रुपए है।

**32.40 लाख रुपए की गाडियां भी हुई जब्त:** इसके अलावा 32.40 लाख रुपए की गाडियां भी जब्त की गई हैं, जिसमें होंडा कंपनी की कार 7 लाख की, डिस्कवर बाइक 30 हजार की, आल्टो कार 1.20 लाख की, 4 स्कूल बस, जिसकी कीमत 19.20 करीब लाख रुपए है। ट्रैक्टर 2.40 लाख की, टाटा मैजिक 9.24 लाख की, और एवेंजर बाइक 70 हजार की शामिल है।

**अभिषेक के 19 बैंक खाते भी जब्त :** इसके साथ ही आरोपियों के कुल 19 बैंक खाते भी जब्त कर लिए गए हैं। इन बैंक खातों में करीब 3.42 करोड़ रुपए जमा थे वहीं, गैंगस्टर अभिषेक यादव पर गोरखपुर के अलग- अलग थानों में 20 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बिना मान्यता के नर्सिंग कालेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डा अभिषेक उसकी पत्नी समेत 4 आरोपी इस समय जेल में हैं।

**आठ जनवरी को दर्ज हुआ था केस :** पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज कर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कालेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ले लिया था। लगातार छात्रों के आंदोलन और फिर एक छात्र के आत्महत्या की कोशिश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने 8 जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कालेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के परिजनों ने भी तहरीर दी थी।

## राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज का मामला

कॉलेज संचालक ने बिना मान्यता कालेज चलाते हुए सीट से अधिक एडमिशन लेकर हजारों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था। तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश ने आरोपियों की चिन्हित हुई भूमि, भवन,बैंक खाते, नर्सिंग कालेज को कुर्क करने का आदेश दिया था। पांच दिन तक विभिन्न विभागों के साथ संयुक्त कार्रवाई की गयी साथ ही अभी और संपत्ति की तलाश चल रही है। यह कार्रवाई गोरखपुर की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। इस कार्रवाई से अपराधी और माफिया को सीधे तौर पर जीरों टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की गयी है।

**डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**



एसएसपी गोरव ग्रोवर की प्रेस वार्ता। फोटो : एसएनबी

गैंगस्टर डा. अभिषेक यादव की चार संपत्तियां, 19 बैंक खाते और 32.40 लाख रुपये की लग्जरी गाडियां जब्त

गोरखपुर पुलिस की रडार पर अभी और माफिया

एक हजार छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ संचालक ने किया था फर्जीवाड़ा

# चौरीचौरा में तैनात सिपाही प्रियंका की डेंगू से मौत

## जनपद में डेंगू का कहर



चौरीचौरा थाने में आरक्षी प्रियंका सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह। फोटो : एसएनबी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** डेंगू से लगातार बढ़ रहे कहर के बाद सरकारी कागजों में आखिरकार डेंगू से एक महिला सिपाही की मौत हो ही गई। गोरखपुर के चौरीचौरा थाने पर तैनात सिपाही प्रियंका सिंह की बुधवार को लखनऊ ले जाते समय डेंगू से मौत हो गई। सिपाही मूल रुप से जौनपुर की रहने वाली थी और तीन दिन पहले उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर का कहना है कि कांस्टेबिल की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी।

बुधवार की सुबह उसकी स्थिति बिगड़ गई और ऐसे में उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही प्रियंका ने दम तोड़ दिया। बता दें कि 2011 बैच के सिपाही प्रियंका के पति फार्मासिस्ट है। वह तीन साल के बच्चे और पति के साथ किराए के मकान में रहती थीं। इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बताया महिला कांस्टेबल प्रियंका को बुखार और डेंगू के लक्षण थे। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में डेंगू की पुष्टि भी हुई थी। इस दौरान हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही प्रियंका की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

तीन दिन पूर्व जिला अस्पताल में हुई थीं भती, लखनऊ ले जाते समय रास्ते में तोड़ दी दम, डेंगू से मौत होने की चर्चा हालांकि सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि डेंगू संक्रमित थी महिला सिपाही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि जांच में डेंगू की हुई थी पुष्टि

**सरकारी अस्पतालों में 194 डेंगू के मरीज, ग्राफ कुछ और :** अब तक जनपद में 194 डेंगू मरीज मिल चुके हैं। यह सब सरकारी अस्पताल का है जबकि प्राइवेट नर्सिंग होमों में इलाज कराने वालों का आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग को मिल ही नहीं रहा है। जानकार बताते हैं कि अगर यह आंकड़ा मिल जाए तो डेंगू संक्रमितों की संख्या दोगुना हो जाएगी। शाहपुर आवास विकास कालोनी में ही डेंगू के चार मरीज हैं जिसमे से दो ठीक हो चुके हैं। दो अभी भी बीमार है। इसका आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। यही नहीं पैथालोजी लैब वाले भी डेंगू की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को नहीं दे रहे हैं। लोग जांच करा रहे हैं और पुष्टि होने के बाद इलाज कराने लग रहे हैं। इससे समझा जा सकता है कि जनपद में डेंगू संक्रमितों की संख्या कितनी होगी।

# दरवाजे पर खड़ी एक बाइक चोरी तथा दूसरी तालाब में छिपाई मिली

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के तरकुलहां गांव में एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी टीवीएस एक्सेल बाइक चोरी हो गयी। वही पढ़ोसी की बाइक घर से चन्द कदम दूर तालाब के किनारे मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस को स्क्रु ड्राइवर और पीलाश मिला। पीडित ने भटहट चौकी पर तहरीर दी है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। थाना क्षेत्र के तरकुलहां निवासी असगर पुत्र रशीद अली अपनी टीवीएस एक्सएल बाइक चेन से बांध व ताला बंद करके दरवाजे पर खड़ा करके सो रहे थे। बीती रात चोर ताला तोड़कर बाइक उठा ले गए। वहीं पढोसी डब्लू यादव पुत्र चंद्रिका यादव की स्पलेंडर बाइक का लाक तोड़ कर अज्ञात चोर घर से दस मीटर की दूरी पर स्थित तालाब के किनारे खरपतवार (नरकट) से छिपा दिये थे। खरपतवार बिखरा देख महिला इकट्ठा करने लगी तो बाइक देख कर शोर मचाया। तब घटना की जानकारी हुई।

# कुसम्ही बाजार में महिला से ₹25 हजार की टप्पेबाजी

**कुसम्ही बाजार(एसएनबी)।** खोराबार थाने के कुसम्ही बाजार में बड़ौदा बैंक से रुपये निकाल कर बैंक से बाहर आई महिला को कागज की गड्डी देकर टप्पेबाजों ने महिला से 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गए । घटना की जानकारी होने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। खोराबार थाना क्षेत्र के बहरामपुर बड़ी कुरमौल निवासिनी मीरा आज सुबह11 बजे के करीब कुसम्ही स्थित यू पी बड़ौदा बैंक से रुपये निकलने आयी। इस बीच उसकी मुलाकात बैंक में दो युवकों से हो गई और उन्ही से रुपये निकासी के लिए पर्चे भरवाई । जब पैसे निकाल कर महिला बैंक के बाहर आई तो पर्चे भरने वाले युवक महिला के पास आकर बोले आप के पास जो25 हजार का फुटकर है हमे दे दीजिए और और मेरे पास 2 हजार का नोट है जो 25 हजार है आप ले लीजिए । महिला उनकी बातों में आ गई और अपना पैसा दे दिया। महिला जब घर पहुंची तो देखा तो वो कागज की गड्डी निकली । महिला आकर बैंक को सूचना दी। मौके पर पहुंची जगदीशपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है । बिडम्बना यह है कि इस बैंक में कोई सी सी टी वी कैमरा नही लगा है।

**अनबन** लगातार टूट रहीं फेसबुक और वॉट्सएप से दोस्ती कर होने वाली शादियां

# पति-पत्नी में रार, साल भर में टूट रहा फेसबुक का प्यार

### महिला थाना स्थित फैमिली काउंसिलिंग सेंटर पर ऐसे कई मामले आए

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 Nov): फेसबुक पर बात हुई. दोस्ती बढ़ी और जिंदगी भर साथ रहने का फैसला कर लिया. सोशल मीडिया के दौर में फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम की चकाचौंध देख लड़का हो या लड़की तुरंत अट्रैक्ट हो जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर चैटिंग से शुरू हुआ सिलसिला कब प्यार और उसके बाद शादी में भी तब्दील हो जा रहा है. यूं तो जन्म-जन्म के यह रिश्ते सात जन्मों में नहीं बल्कि कुछ वर्षों में ही खत्म हो जा रही है. कुछ साल में एक दूसरे से बोर होकर जोड़े अलग रहने का फैसला यानी तलाक लेने के लिए आवेदन कर रहे हैं. महिला थाना स्थित फैमिली काउंसिलिंग सेंटर पर इधर कई ऐसे मामले आएं हैं, जिनके रिश्ते की शुरुआत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हुई. वे अब एक दूसरे से अलग रहना चाहते हैं. महिला थाना स्थित फैमिली काउंसिलिंग सेंटर टूटते परिवार को जोड़ने का काम करता है. यहां पर परिवार से जुड़े केस आने पर पति पत्नी दोनों की काउंसिलिंग कर उनके झगड़े निपटा कर उन्हें एक बार फिर साथ रहने के लिए प्रेरित करता है. यहां नौ माह यानी 3 अप्रैल से 7 नवंबर के बीच 48 ऐसे मामले आए हैं, जिसमे काउंसिलिंग के बाद भी जोड़ों ने एक साथ रहने पर सहमत न होकर अलग रहने का फैसला लिया है.

**SHOCKING**




परिवार परामर्श केंद्र में लगातार की जाती है काउंसिलिंग.

### दो साल में टूट गया परिवार

**केस 01** शाहपुर इलाके के एक युवक की सोशल मीडिया के जरिए एक लड़की से दोस्ती हुई. चैटिंग के जरिए दोनों की रोज बातें होती थी. बाद में दोस्ती इतनी गहरी हो गई कि वे साथ रहने का फैसला कर लिए. दोनों ने किसी तरह परिवार को मनाकर शादी कर ली. दो साल तो सबकुछ ठीक चला. इसके बाद दोनों में बात-बात में झगड़ा होने लगा. इसके बाद युवक ने अलग होने का फैसला कर लिया. युवती ने भी अलग रहने में ही भलाई बताई. दोनों की काउंसिलिंग भी हुई लेकिन कोई रिजल्ट नही निकला.

### पूरे दिन बातें करते थे, अब देखना भी पंसद नहीं

**केस 02** नौसड़ इलाके की एक लड़की ने कोर्ट में अर्जी देकर तलाक की गुहार लगाई है. उसका आरोप है कि जिस लड़के से उसने शादी की है, वो अब पहले जैसा बिहेव नहीं करता है. इनकी काउंसिलिंग कर दोनों को एक साथ रहने के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन वे अब एक मिनट भी साथ रहना नहीं चाहते हैं. काउंसिलिंग में पता चला कि दोनों की सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी.

### 161 जोड़े ने एक साथ रहने का लिया फैसला

इसी तरह नौ माह में फैमिली काउंसिलिंग सेंटर में अब तक 423 प्रार्थना पत्र आए, जिसमे 161 जोड़े की काउंसिलिंग के बाद एक बार फिर साथ रहने के लिए तैयार हो गए, प्रभारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पारिवारिक न्यायालय में 202 मुकदमा चल रहा है. जबकि इधर 48 और पारिवारिक मुकदमों को पारिवारिक न्यायालय में भेजा गया है.

### फैमिली काउंसिलिंग सेंटर में आए मामले

- अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रार्थन पत्र- 281
- सीधे प्राप्त हुए प्रार्थना पत्र- 83
- जनता दर्शन से आया प्रार्थना पत्र- 01
- आईजीआरएस द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्र- 54
- नौ माह में आए टोटल प्रार्थना पत्र- 423
- सुलह कराए गए केसेज- 161
- केस का निस्तारण- 412
- पेंडिंग है केस-11

**"सोशल मीडिया पर हुई शादियां कम ही दिनों में टूट जाती हैं. कई मामले ऐसे आए जिसमे फेसबुक और वॉट्सएप से दोस्ती हुई थी. अधिकतर 2 से 8 साल एक साथ रह चुके जोड़े अलग होना चाह रहे हैं. हम लोगों का प्रयास होता है कि परिवार टूटने से बचाया जा सके.**

भूपेन्द्र मिश्रा,
प्रभारी, फैमिली काउंसिलिंग सेंटर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 Nov): कैंट पुलिस ने आमजन से ठगी कर फरार चल रहे दो जालसाजों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया. कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि कैंट क्षेत्र के साल 2014 में वर्धमान संमर्ग बैंक नाम से फर्जी कम्पनी खोलकर जालसाज आम लोगों को प्रलोभन देकर रुपया जमा कराए और बाद में कम्पनी बंद कर फरार हो गए. पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका था. दो आरोपित रामगढ़ताल क्षेत्र के लहसड़ी निवासी आलोक रंजन पाण्डेय और खोराबार क्षेत्र के कोनी गांव निवासी सदानन्द पाण्डेय फरार चल रहे थे. पुलिस ने आलोक को मंगलवार की शाम को चारफाटक मोहद्दीपुर से और सदानन्द को बुधवार की सुबह विश्वविद्यालय चौराहा से गिरफ्तार कर लिया. उनके खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज है.

# मैं रामगढ़ताल... मुझ पर वारदातों का दाग

**गोरखपुर का पर्यटन स्थल है रामगढ़ताल एरिया, मनीष हत्याकांड के बाद लगातार होटल-रेस्टोरेंट में हुई वारदातें**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 Nov):** 'मैं रामगढ़ताल हूं. लाइट एंड साउंड शो, बोटिंग की वजह से बढ़ता टूरिज्म और विकास की सुंदरता ही मेरी पहचान है. जिसे देखने और महसूस करने दूर-दूर से लोग आते हैं. कम ही दिनों में मैं देशभर में मशहूर हो गया. जो भी यहां आता है. यादों के तौर पर मोबाइल में मुझे समेट कर ले जाता हूं. मेरे अनगिनत फोटो और वीडियो वायरल हुए, लेकिन इधर कई बड़ी वारदातों का दाग मुझ (रामगढ़ताल) पर लगा है. इससे मैं दुखी हूं. कभी पुलिस की जबरिया सख्ती तो कभी वारदातों के चलते यहां टूरिस्ट कम हुए हैं. ऐसे में यहां आने वालों को अवेयर करने के साथ संदिग्धों पर नजर रखना जरूरी है, ताकि और अपराधों की आंच न आए.

**iCONCERN**




## जनहित में ये कदम उठाना जरूरी

- पर्यटन स्थल की सुरक्षा बढ़ाकर यहां आने वाले लोगों को अवेयर किया जाए.
- इस एरिया में किसी को भी झुंड लगाकर ज्यादा देर तक खड़े रहने की छूट न मिले.
- संदिग्ध लोगों पर पैनी निगाह रखी जाए, ताकि वे कोई भी अपराध करने से पहले सोचें.
- स्टंट करने वालों को रोका जाए. तेज गति में वाहन चलाने वालों पर भी अंकुश लगाया जाए.
- रामगढ़ताल एरिया के होटल-रेस्टोरेंट वारदात की सूचना पुलिस को दें. पुलिस भी क्विक रिस्पांस दे.

## रेस्टोरेंट पर चढ़कर मारपीट

**केस 03**

नवंबर 2022 को फिर ऐसी घटना घटी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर दिल्ली तक चला. रामगढ़ताल स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में एक नवंबर की रात कुछ दबंगों ने मैनेजर और कर्मचारियों से मारपीट की. जिसका वीडियो खूब वायरल हुआ. इससे रामगढ़ताल इलाके जहां पर डेली हजारों लोग घूमने आते हैं, उनकी नजर में यहां की छवि धूमिल हुई.

## कानपुर के रियल एस्टेट कारोबारी का मर्डर

**केस 01**

27 सितंबर 2021 की देर रात कानपुर के रियल एस्टेट कारोबारी मनीष गुप्ता की पुलिस पिटाई में मौत हो गई थी. इस हत्या का आरोप रामगढ़ताल थाने में तैनात तत्कालीन पुलिस कर्मियों पर ही लगा. आरोप था कि रामगढ़ताल इलाके के होटल कृष्णा पैलेस में ठहरे मनीष गुप्ता को पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला था. ये ऐसा हत्याकांड था, जिसका पूरे प्रदेश में विरोध हुआ था.



## मॉडल शॉप पर युवक की हत्या

**केस 02**

अभी मनीष हत्याकांड को कुछ ही दिन बीते थे कि अक्टूबर 2021 के फर्स्ट वीक में ही रामगढ़ताल स्थित मॉडल शॉप पर एक वेटर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. बेकसूर कर्मचारी मनबढ़ बदमाशों की बात नहीं माना, जिसपर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. ये मामला भी काफी दिनों तक चर्चा में रहा.



रामगढ़ताल ऐसा एरिया है, जहां शहर ही नहीं बल्कि बाहर से भी लोग आते हैं. यहां पर अराजकता न फैले, ये जगह सुरक्षित रहे. इसपर पब्लिक के साथ ही पुलिस को भी ध्यान देना होगा.

**पवन उपाध्याय,** पब्लिक



कई ऐसी घटनाएं यहां हो चुकी हैं. इसलिए सुरक्षा के लिहाज से यहां पर विशेष इंतजाम होने चाहिए. हमलोगों को भी चाहिए कि इस जगह की सुंदरता बनी रहे. यहां पर अराजकता न फैले. जिससे गोरखपुर का नाम है.

**अतुल तिवारी,** पब्लिक

# रेस्टोरेंट में मारपीट केस में एसएसपी से मिले अधिवक्ता

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 Nov):** रेस्टोरेंट में मारपीट के मामले में बुधवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से अधिवक्ता मिले. अधिवक्ताओं ने एसएसपी से मांग की कि रेस्टोरेंट में मारपीट करने वाले अराजक तत्वों पर कार्रवाई हो और अधिवक्ता पुत्र और अन्य लोगों पर किए क्रास केस को खत्म किया जाए. रामगढ़ताल थाने को गुमराह करने अराजक तत्वों ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है. इस पर एसएसपी ने भी अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया है कि जांच कर जो सही होगा उसे किया जाएगा.

## एक नवंबर को हुई थी घटना

बीते एक नवंबर की रात को रामगढ़ताल स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में अराजक तत्वों ने घुसकर मारपीट की थी. इस मामले में पीड़ित रेस्टोरेंट संचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया. इसके बाद दूसरे पक्ष ने क्रास एफआईआर पीड़ित पक्ष पर भी करा दी थी. जिसकी जांच चल रही है. बुधवार को अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी, भानू पाण्डेय, रविन्द्र दुबे, अभिमन्यु पांडेय समेत कई अधिवक्ता एसएसपी से मिलने पहुंचे थे. इस दौरान बीते दिनों खोराबार के कजाकपुर स्थित अपेक्स एकेडमी में पानी में डूबकर बच्ची की मौत का मामला भी उठा. अधिवक्ताओं ने एसएसपी से बच्ची की मौत के मामले दोषी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की भी मांग की. साथ ही स्कूल पर भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. अधिवक्ता का कहना है कि स्कूल की मान्यता भी नहीं है.

# गोरखपुर पुलिस का मेडिकल माफिया पर बिग एक्शन

# 1 अरब की संपत्ति जब्त




राज नर्सिंग होम को पुलिस ने सीज कर दिया.

**गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव की 4 संपत्तियां, 19 बैंक खाते और 32.40 लाख की लक्जरी गाड़ियां हुईं जब्त, गोरखपुर पुलिस के रडार पर अभी और माफिया व बदमाश**

**GORAKHPUR (9 Nov):** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के बाद गोरखपुर में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है. राज नर्सिंग कॉलेज एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक गैंगेस्टर डॉ. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी और बहन की पुलिस और प्रशासन ने 100 करोड़ से अधिक 9 संपत्तियां जब्त कर ली हैं. लगातार 5 दिनों से चल रही यह कार्रवाई बुधवार को पूरी हुई.

## 32.40 लाख रुपए की गाड़ियां भी हुई जब्त

इसके अलावा 32.40 लाख रुपए की गाड़ियां भी जब्त की गई हैं. जिसमें होंडा [illegible] कार 7 लाख की, डिस्कवर बाइक 30 हजार की, अल्टो कार 1.20 लाख की, 4 स्कूल बस, जिसकी कीमत करीब 19.20 लाख रुपए है. ट्रैक्टर 2.50 लाख की, टाटा मैजिक 1.25 लाख की, और एवेंजर बाइक 70 हजार की शामिल है.

## डॉक्टर की 99.21 करोड़ रुपए की 4 प्रॉपर्टी जब्त

जब्त की गई 4 संपत्तियों में दुर्गाबाड़ी स्थित राज नर्सिंग होम, जिसकी कीमत 21.30 करोड़ रुपए है. जबकि इसके अलावा गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव का जटेपुर उत्तरी स्थित घर, जिसकी कीमत 2.25 करोड़ रुपए है. नकहा जंगल स्थित राज गौशाला, जिसकी कीमत 35.20 करोड़ रुपए है और पिपराइच इलाके के जंगल अहमद शाह अली राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज को भी जब्त कर लिया गया है. जिसकी कीमत करीब 12.83 करोड़ रुपए है. इन सभी प्रॉपटी की कीमत करीब 99.21 करोड़ रुपए है.

## डॉक्टर के 19 बैंक खाते भी जब्त

इसके साथ ही आरोपियों के कुल 19 बैंक खाते भी जब्त कर लिए गए हैं. इन बैंक खातों में करीब 3.51 करोड़ रुपए जमा थे. वहीं, गैंगेस्टर अभिषेक यादव पर गोरखपुर के अलग- अलग थानों में 20 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं. बिना मान्यता के नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डॉ. अभिषेक उसकी पत्नी समेत 5 आरोपी इस समय जेल में हैं.

**"कॉलेज संचालक ने बिना मान्यता कॉलेज चलाते हुए सीट से अधिक एडमिशन लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था. तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने आरोपियों की चिह्नित भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज को कुर्क करने का आदेश दिया था. पांच दिन कार्रवाई के बाद अभी और संपत्ति की तलाश चल रही है.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

## 8 जनवरी को दर्ज हुआ था केस

पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज कर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ले लिया था. लगातार छात्रों के आंदोलन और फिर एक छात्र के आत्महत्या की कोशिश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की. शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने 8 जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था. जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के परिजनों ने भी तहरीर दी थी.

# प्रधान पति समेत तीन पर केस दर्ज

हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के गोररा निवासी परशुराम ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पट्टीदार प्रधान पति हरिंदर यादव, विशाल यादव और हरिदेव यादव ने पुरानी रंजीश में उसे और पुत्र अमन को लाठी, डंडे से पीटकर घायल कर दिया. जान से मारने की धमकी भी दी है. थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.

# बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में नहीं लगा था कैमरा, जांच में जुटी खोराबार पुलिस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 Nov):** खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से रुपये निकाल कर जा रही महिला के साथ टप्पेबाजी का मामला प्रकाश में आया है. जालसाज कागज की गड्डी थमा 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गया. पीड़िता की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

बहरामपुर बड़ी कुरमौल निवासी मीरा बुधवार की सुबह 11 बजे कुसम्ही स्थित बड़ौदा यूपी बैंक से रुपये निकालने पहुंची थीं. इस बीच मीरा की मुलाकात बैंक में खड़े दो युवकों से हुई. उनकी मदद से उन्होंने धन निकासी का पर्चा भरा. काउंटर से रुपये मिलने के बाद वह बैंक से बाहर पहुंचीं. उनमें से एक युवक मीरा के पास पहुंचा और फुटकर 25 हजार रुपये के बदले दो हजार रुपये के नोट का 25 हजार रुपये देने का झांसा दिया. वह युवकों की बातों में आ गई और 25 हजार रुपये देकर उनके द्वारा दी गई गड्डी को लेकर घर चली गई. घर जाकर देखा तो गड्डी में कागज भरा था. पीड़िता बैंक पहुंची और बैंक के अधिकारियों के साथ पुलिस को सूचना दी. पुलिस की जांच में बैंक में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा मिला.

# हंगामा होते देख थाना प्रभारी को करना पड़ा बीच-बचाव महिला पति को ले गई घर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 Nov):गुलरिहा थाने में बुधवार को पति के साथ दुर्व्यवहार करते देख एक दिव्यांग महिला दारोगा से भिड़ गई. हंगामा होते देख थाना प्रभारी को बीच-बचाव कर मामला शांत कराना पड़ा. इसके पश्चात महिला पति को लेकर वापस चली गई .

जानकारी के अनुसार हलका नंबर एक में चोरी के एक मुकदमे में संदेह के आधार पर क्षेत्रीय दारोगा एक राजगीर मिस्त्री को पूछताछ के लिए बुलाए थे. वह दिव्यांग पत्नी के साथ थाने पहुंचा. मिस्त्री ने परिचय बताया तो दारोगा उसके साथ अभद्रता करते हुए लाकअप में ले जाने लगे. पति के साथ दुर्व्यवहार होते देख दिव्यांग महिला उनसे भिड़ गई. उसे काबू में करने के लिए एक महिला सिपाही भी आगे बढ़ी, लेकिन महिला का उग्र रूप देख उसे पीछे हटना पड़ा. हंगामा होते देख थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने हस्तक्षेप कर दारोगा को वहां से हटाया और महिला की पूरी बात सुनी. महिला ने विरोध जताते हुए कहा कि बिना किसी सुबूत के उसके पति पर चोरी का आरोप लगाकर दुर्व्यवहार करना कानून का कौन सा हिस्सा है. थाना प्रभारी की सहमति पर महिला पति को लेकर घर चली गई.

# वाहन की चपेट में आने बाइक सवार घायल

सहजनवां क्षेत्र के चड़राव भीटिया मार्ग पर वाहन की चपेट में आने से मांट निवासी पलटन निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए. लोगों ने उन्हें सीएचसी ठर्रापार भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है.

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

किशोरी के अपहरण के आरोपित थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सन्नी पासवान उर्फ चंद्रशेखर को पुलिस ने बुधवार को लक्ष्मीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया. आरोपित पर इंटर में पढ़ने वाली किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में उसके पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी. दारोगा अजय कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी को नारी निकेतन भेजा गया है.

# जानमाल की धमकी देने वाले पर केस

चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम शत्रुघ्नपुर निवासी अवनीश मणि त्रिपाठी ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम डुमरी खुर्द निवासी भीम पासवान व करन और बिहार के रहने वाले सन्नी ने जान से मारने की धमकी दी है. पुलिस ने तीनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है.

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

चिलुआताल थाना क्षेत्र के सिक्टौर बाजार में बुधवार की सुबह महुआतर निवासी ध्रुप निषाद के 18 वर्षीय बेटा दिनेश उर्फ छोटू का शव फंदे से लटकता हुआ मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. स्वजन के अनुसार मृतक ने अपनी भाभी को फोन कर फंदा लगाकर जान देने की बात कही. मृतक की भाभी द्वारा यह सूचना ननदोई वीरू निषाद को फोन पर दी गई. स्वजन जब तक घर पहुंचते, ध्रुप केबिल से फंदा लगाकर लटका हुआ था.

# बच्चों को यातायात की दी जानकारी

**SIKARIGANJ (9 Nov):** यूएस सेंट्रल एकेडमी सिकरीगंज में यातायात प्रबंधन के विषय में प्रभारी निरीक्षक खजनी और एसओ सिकरीगंज ने स्टूडेंट्स को जानकारी दी. साथ ही बदलते परिवेश में चौराहों पर स्टाप लाइन/जेब्रा क्रॉसिंग को सड़क उपभोक्ता के रूप में नियमों के पालन करने पर विशेष ध्यान दिया गया.

# किशोर को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**GORAKHPUR :** पिपराइच थाना क्षेत्र के भलुही निवासी मुकद्दर अली के 11 वर्षीय बेटे शमीम मुहम्मद को पिपराइच पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन से बरामद कर बुधवार को स्वजन को सौंप दिया. शमीम सोमवार की सुबह घर से लापता हो गया और पिपराइच रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गोंडा चला गया. जीआरपी की सूचना पर पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन से बरामद किया.

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव का दुष्कर्म के आरोपित विवेक गिरी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. आरोपित पर एक युवती ने एक वर्ष से शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था, जिसमें पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी.

# लापता दो बालिकाओं को पुलिस ने खोज निकाला

गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र से मंगलवार को दो बालिकाएं लापता हो गई थीं। सूचना के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। दो घंटे में दोनों लापता बालिकाओं को तलाश कर पुलिस ने उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की खूब प्रशंसा हो रही है।

# हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

खोराबार। खोराबार इलाके के रजही शिवाला टोला निवासी रामपति निषाद के सीने में भाला एवं फरसा से मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस बुधवार को आरोपित नंदलाल गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आरोपित नंदलाल गौड़ के खिलाफ घायल रामपति के बेटे की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने मंगलवार को धारा 504 व 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम 5 बजें नंदलाल गौड़ की बकरियां रामपति के घर में घुसकर अनाज खा ली थी उल्लाहन देने पर नंदलाल नाराज होकर गाली देने लगा। विवाद आगे बढ़ गया तथा नंदलाल एवं उसके बेटे व पत्नी ने रामपति व पत्नी पर भाला व फर्सा से प्रहार कर दिया।

# किशोरी से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने नाबालिग से मारपीट और छेड़खानी करने के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। रामगढ़ताल थानेदार सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान क्षेत्र के गायघाट बुजुर्ग निवासी कमलेश निषाद के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

एक सप्ताह से चल रही जब्त किए जाने की कार्रवाई पूरी, मकान, जमीन, वाहन और बैंक खाते की रकम भी जब्त की गई

# गैंगस्टर डॉक्टर की 103 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिला प्रशासन और पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज चलाने वाले मेडिकल व शिक्षा माफिया डॉ. अभिषेक यादव और उनकी पत्नी की 53 करोड़ की सम्पत्ति और जब्त कर ली है इसी के साथ डॉक्टर और उनकी पत्नी तथा बहन की कुल 103 करोड़ 5 लाख 422 रुपये की संपत्ति अब तक कुर्क की जा चुकी है। एक हफ्ते से चल रही कुर्की की कार्रवाई बुधवार को पूरी होने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने यह जानकारी दी।

एसएसपी ने कहा कि और भी सम्पत्ति की जानकारी होती है तो उसे भी जब्त किया जाएगा। दरअसल, डॉ. अभिषेक यादव के राज नर्सिंग होम और अन्य भवन को चार नवम्बर को ही पुलिस प्रशासन ने जब्त किया था। उसी समय 100 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति की जब्ती की जानकारी दी गई थी एसपी सिटी ने बताया था कि 50 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की गई है बाकी 50 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति जब्त होनी है। इसी क्रम में बुधवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि डॉ. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी और बहन की पुलिस और प्रशासन ने जमीन-मकान, कॉलेज, वाहन, बैंक खाता सहित नौ संपत्तियां जब्त हुई हैं।

**32.40 लाख की आठ गाड़ियां भी जब्त :** डॉ. अभिषेक यादव की 32.40 लाख रुपये कीमत की गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। जिसमें होंडा डब्ल्यू आरवी कार सात लाख की, डिस्कवर बाइक 30 हजार की, अल्टो कार 1.20 लाख की, 4 स्कूल बस जिनकी कीमत करीब 19.20 लाख रुपए है। ट्रैक्टर 2.50 लाख का, टाटा मैजिक 1.25 लाख की, और एवेंजर बाइक 70 हजार की शामिल है। इसके साथ ही आरोपियों के 19 बैंक खातों से करीब 3.51 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं।



डॉ. अभिषेक के खिलाफ की गई कार्रवाई की बुधवार को जानकारी देते एसएसपी।

## 99.21 करोड़ की चार संपत्तियां जब्त की गईं

जब्त की गई चार संपत्तियों में दुर्गाबाड़ी स्थित राज नर्सिंग होम, जिसकी कीमत 21.30 करोड़ रुपये है। इसके अलावा डॉ. अभिषेक का जटेपुर उत्तरी स्थित घर जिसकी कीमत 2.25 करोड़ है। नकहा जंगल स्थित राज गौशाला जिसकी कीमत 35.20 करोड़ रुपये और पिपराइच इलाके के जंगल अहमद शाह अली स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज भी जब्त किया गया है जिसकी कीमत 12.83 करोड़ है। इन संपत्ति की कीमत 99.21 करोड़ रुपये है।

**19** खातों में जमा 3.51 करोड़ रुपये भी जब्त कराए प्रशासन ने

## संयुक्त सचिव ने 8 जनवरी को दर्ज कराया था केस

पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज पर मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश ले लिया था। छात्रों के आंदोलन और फिर एक छात्र की आत्महत्या की कोशिश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने 8 जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के परिवारीजनों ने भी तहरीर दी थी।

# मेडिकल गिरोह चलाता था डॉ. अभिषेक, जांच जारी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कार्रवाई के तहत कॉलेज पर ताला लगाने के साथ ही अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ पिपराइच थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया। पता चला कि साल 2015 से डॉ. अभिषेक मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में गिरोह चला रहा था।

कोतवाली पुलिस की छानबीन में पता चला कि दुर्गाबाड़ी निवासी डॉ. अभिषेक यादव उसकी पत्नी डॉ. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव, अपने साथी शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य और मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ मिलकर 2015 से यह गिरोह चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में गैंगस्टर ऐक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना तिवारीपुर थाना पुलिस कर रही है।

**16** सितंबर को एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुआ गैंगस्टर एक्ट में केस

## डॉक्टर समेत 5 आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल

एसएसपी ने बताया, कॉलेज संचालक ने बिना मान्यता कॉलेज चलाते हुए सीट से अधिक एडमिशन लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था। पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश ने आरोपियों की चिन्हित भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज को कुर्क करने का आदेश दिया था। बिना मान्यता नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डॉ. अभिषेक उसकी पत्नी समेत 5 आरोपी जेल में हैं।

## व्यवसायी को मनबढ़ों ने सरेआम बाजार में पीटा

घघसरा। घघसरा चौकी के बुधवली बाजार में बुधवार शाम को कुछ युवक मछली खरीदने बाजार में पहुचें। मछली व्यवसायी गोविन्दपुर लोनिया निवासी भीखम निषाद से मछली खरीदा। व्यवसायी द्वारा पैसा मांगने पर गाली गुप्ता देते मछली लेकर जाने लगे। व्यवसायी के टोकने पर मनबढ़ के कुछ साथियों को फोन कर बुला लिए। युवकों ने मछली व्यवसायी की बाजार में पिटाई शुरू कर दी।

## चोरी के टायर व ट्यूब के साथ चोर को पकड़ा

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने बुधवार को चोरी के टायर और ट्यूब के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपित की पहचान कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार क्षेत्र के सहजौली निवासी सुभान अली के रूप में हुई। उसके पास से एसीएल योको स्टोन कंपनी का 255 टायर व 255 ट्यूब बरामद हुआ।

## घर से गायब बालक गोंडा में मिला

पिपराइच। पिपराइच क्षेत्र के भलुहीं निवासी मुकद्दर अली के 11 वर्षीय बेटे शमीम मुहम्मद को पिपराइच पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन से बरामद कर बुधवार को परिजनों को सौंप दिया। शमीम बीते सोमवार को घर से लापता हो गया था। वह उसी दिन दोपहर में पिपराइच रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गोंडा चला गया। जीआरपी की सूचना पर पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन से उसे पकड़ कर लिया।

## उलझने वाले तीन युवकों का शांति भंग में चालान

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के खपड़हवा चौराहे पर मंगलवार शाम को चौराहे पर ठेला लगाने वाले दुकानदारों का चालान के दौरान पुलिस से उलझने वाले तीन युवकों का शांति भंग में चालान किया गया है। गुलरिहा के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय की मौजूदगी में पुलिस चौराहे पर ठेला लगाने वाले दुकानों और सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों का चालान कर रही थी।

शहरी क्षेत्र में 120 व ग्रामीण क्षेत्रों में 74 मरीज मिल चुके हैं अब तक, बुधवार को दो मरीज भर्ती

# डेंगू के चार नए संक्रमित मरीज मिले, महिला सिपाही की मौत

डेंगू का डंक

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डेंगू संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को हुई जांच में डेंगू के चार संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें दो शहरी और दो ग्रामीण इलाकों के रहने वाले हैं। इन मरीजों के मिलने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 194 पहुंच गई है। इनमें शहरी क्षेत्र में 120 और ग्रामीण क्षेत्र में 74 मरीज अब तक मिल चुके हैं।

उधर महानगर में रहने वाली महिला सिपाही की कथित डेंगू से मौत हो गई। सिपाही में रैपिड कार्ड से डेंगू की तस्दीक हुई थी। उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के बिछिया का रहने वाला 25 वर्षीय युवक, रायगंज के 55 वर्षीय व्यक्ति और हड़हवा फाटक के रहने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति में संक्रमण मिला है। बांसगांव क्षेत्र के डडवा चतुर निवासी 32 वर्षीय युवक डेंगू से पीड़ित मिला है। एलाइजा जांच के लिए सैंपल भेजा गया है, जहां डेंगू की पुष्टि हुई है। बताया कि छह मरीज पहले से जिला अस्पताल में भर्ती हैं। दो नए मरीज बुधवार को भर्ती हुए हैं।



जाफरा बाजार में डेंगू के लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## 3 दिन पहले निजी अस्पताल में महिला सिपाही हुई थी भर्ती

गोरखपुर। महानगर में डेंगू जानलेवा हो रहा है। बुधवार को इसके संक्रमण से एक महिला की मौत हो गई। चौरीचौरा थाने पर तैनात सिपाही प्रियंका सिंह की बुधवार को डेंगू से मौत हो गई। वह मूल रूप से जौनपुर की रहने वाली थीं। तीन दिन पहले तबीयत खराब होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रैपिड कार्ड की जांच में डेंगू की तस्दीक हुई। जहां उनकी स्थिति खराब होने पर बुधवार सुबह लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही प्रियंका ने दम तोड़ दिया। वर्ष 2011 बैच की सिपाही प्रियंका के पति फार्मासिस्ट हैं। तीन साल के बच्चे और पति के साथ वे किराए के कमरे में रहती थीं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने प्रियंका की मौत की पुष्टि की है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, कांस्टेबल प्रियंका को बुखार और डेंगू के लक्षण थे। इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। इस दौरान हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही प्रियंका की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## लालडिग्गी पार्क के फव्वारे में डेंगू का लार्वा

गोरखपुर। डेंगू के बढ़ते खतरे के बीच लालडिग्गी पार्क के फव्वारे में डेंगू का लार्वा पनप रहा है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी इसकी सफाई पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि लालडिग्गी पार्क में हर दिन महापौर सीताराम जायसवाल मार्निंग वॉक के लिए आते हैं। पिछले दिनों जिला मलेरिया नियंत्रण अधिकारी अंगद सिंह ने लाल डिग्गी पार्क का निरीक्षण किया। जहां कई जगह डेंगू के लार्वा मिले।

## जल्द शुरू किया जाए टीबी अस्पताल का डेंगू वार्ड

गोरखपुर। एयरपोर्ट स्थित 100 बेड टीबी अस्पताल में डेंगू वार्ड का संचालन जल्द शुरू किया जाए। इसकी मांग तेज कर दी गई। बुधवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में एक बैठक टीबी अस्पताल में हुई। जिसकी अध्यक्षता रूपेश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने टीबी अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाने का फैसला किया गया है। बैठक में संघ के महामंत्री अश्वनी श्रीवास्तव, मदन मुरारी, अनूप श्रीवास्तव, राजेश, सब्बीर अली मौजूद रहे।

# कमिश्नरी परिसर में युवती को मनबढ़ों ने पीटा, केस

गोरखपुर, निज संवाददाता। कमिश्नर से शिकायत करने पहुंची युवती को मनबढ़ों ने बुधवार को कार्यालय परिसर के अंदर पिटाई कर दी। आरोप है कि मनबढ़ों ने युवती का सिर पर हेलमेट से मारने के साथ कई बार जमीन पर लड़ाया। भीड़ जुटता देख वह भागने लगे। भीड़ ने भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस के पहुंचने पर सौंप दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

खोराबार क्षेत्र के पोछिया ब्रम्हस्थान गांव के मझौना बिचला टोला निवासी रामअधार की पुत्री सुनीता किसी मामले में कमिशनर को प्रार्थना पत्र देने आई थी। इसी दौरान दो-तीन युवक उसके पास पहुंचे और शिकायत करने से मना किया। उसके नहीं मानने पर वह पिटाई शुरू कर दिए। हेलमेट से सिर पर मारने के साथ उसका सिर जमीन पर लड़ाने लगे। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को जुटता देख वह छोड़ कर भागने लगे। इस बीच लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस के पहुंचने पर उसे सौंप दिया। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उनके परिवार की रंजिश चल रही है। मंगलवार को भी वह घर पर चढ़कर मारपीट किए थे। पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर वह कमिश्नर से गुहार लगाने पहुंची थी।



मनबढ़ों की पिटाई के बाद पुलिस से अपनी बात कहतीं सुनीता।

- कैंट पुलिस एक आरोपित को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ
- खोराबार क्षेत्र के पोछिया के मझौना बिचला टोला की निवासी है पीड़िता

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

गोरखपुर। झंगहा पुलिस ने बुधवार को अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान झंगहा क्षेत्र के झंगहा टोला महुआरी निवासी सन्नी पासवान उर्फ चन्द्रशेखर के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# बाइक सवार बदमाशों ने छात्र का मोबाइल लूटा

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के जंगल सिकरी मंगलवार की देर शाम बाइक सवार बदमाश छात्र को मोबाइल लूट कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार कुशीनगर के रहने वाले छात्र नीरज सिंह शाम 7 बजे कुशीनगर से गोरखपुर आ रहे थे। बस से जंगल सिकरी बाइपास पर उतर कर पैदल ही कमरे पर जा रहे थे। बाइक से पहुंचे बदमाश झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

# महिला से 25 हजार रुपये की टप्पेबाजी

कुसम्ही बाजार, हिसं। खोराबार क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में यूपी बड़ौदा बैंक से रुपये निकाल कर जा रही महिला से टप्पेबाजी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाज कागज की गड्डी थमा 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़िता की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार खोराबार क्षेत्र के बहरामपुर बड़ी कुरमौल निवासी मीरा बुधवार की सुबह 11 बजे कुसम्ही स्थित यूपी बड़ौदा बैंक से रुपये निकालने पहुंची थी। इस बीच उनकी मुलाकात बैंक में खड़े दो युवकों से हुई। उनकी मदद से उन्होंने रुपये निकासी की पर्ची भरी। काउंटर से रुपये मिलने के बाद वह बैंक से बाहर पहुंची। उनमें से एक युवक उनके पास पहुंचा और उनसे फुटकर 25 हजार रुपये के बदले दो हजार रुपये के नोट का 25 हजार रुपये देने का झांसा दिया। वह उनकी बातों में आ गई। वह 25 हजार रुपये देकर उनके द्वारा दिए गए गड्डी को लेकर घर चली गई। घर जाकर देखा तो गड्डी में कागज भरा हुआ था। पीड़िता बैंक पहुंची और बैंक के अधिकारियों के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच में बैंक में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा मिला।

# पति से दुर्व्यवहार करने पर दरोगा से भिड़ी दिव्यांग महिला

- पुलिस के बुलाने पर थाने पहुंचे थे पति-पत्नी
- इंस्पेक्टर के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाने पर बुधवार को एक दिव्यांग महिला अपने पति के साथ दुर्व्यवहार करते देख दरोगा से भिड़ गई। हंगामा होते देख इंस्पेक्टर को बीच-बचाव कर मामला शांत करना पड़ा। बाद में महिला अपने पति को लेकर वापस चली गई।

गुलरिहा क्षेत्र के हल्का नंबर एक में हुए चोरी के एक मुकदमे में क्षेत्रीय दरोगा एक राजगीर मिस्त्री को पूछताछ के लिए बुलाए थे। राजगीर मिस्त्री अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ थाने पहुंचा। राजगीर मिस्त्री द्वारा परिचय बताते ही दरोगा उसके साथ अभद्रता करते हुए लॉकअप में डालने के लिए ले जाने लगे। पति के साथ दुर्व्यवहार होता देख दिव्यांग महिला दरोगा से भिड़ गई। महिला को शांत कराने के लिए एक महिला सिपाही भी आगे बढ़ी लेकिन महिला का उग्र रूप देख उसे भी पीछे हटना पड़ा।

हंगामा होते देख इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने मामले में हस्तक्षेप कर दरोगा को वहां से हटाया और महिला से उसकी पूरी बात सुनी। महिला ने इंस्पेक्टर के सामने ऐतराज जताते हुए कहा कि बिना किसी सबूत के उसके पति पर चोरी का इल्जाम लगाकर दुर्व्यवहार करना कानून का कौन सा हिस्सा है। इंस्पेक्टर ने महिला की बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि अपने पति को लेकर घर जाइए। इंस्पेक्टर क्षेत्रीय दरोगा को मामले में ठीक से जांच कर ठोस साक्ष्य जुटाने का निर्देश दिया।

# हादसों में मौतें 15% बढ़ीं, गीडा में ज्यादा खून बहा

खूनी सड़कें 1

सरकार जहां ट्रैफिक नियमों का पालन कराने को सख्ती बरत रही है, नियमों के प्रति लोगों को जागरुक कर रही है, इसके बावजूद हादसों का ग्राफ नहीं गिर रहा है। उल्टे गोरखपुर में सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। तेज रफ्तार, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और गलत तरीके से बने कट हादसों की प्रमुख वजह बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि हाईवे पर एक साल में मौतों की संख्या 15 % बढ़ गई है। इस परिवहन दिवस पर आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने खून पी रही सड़कों पर एक श्रृंखला शुरू की है। पेश है पहली किस्त-

■ आशीष श्रीवास्तव

गोरखपुर। सड़कों पर वाहन चलाते समय जानलेवा हादसे पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा हुए हैं। आलम यह है कि हर दूसरे दिन कोई न कोई काल के गाल में समा रहा है जबकि रोजाना दो लोग घायल हो रहे हैं। इसमें सबसे अधिक मौतें गीडा थाना क्षेत्र में हुई हैं जबकि सबसे कम तिवारीपुर थाना क्षेत्र में। जन जागरुकता व सख्ती के बावजूद ये हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाईवे पर होने वाले हादसे और उनमें मौतें चिंताजनक हैं।

यातायात विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार इस साल एक जनवरी से 31 अक्तूबर तक रोड एक्सीडेंट में 405 मौतें हुई हैं जो पिछले साल से 20 फीसदी अधिक है। इसमें सबसे अधिक मौतें गीडा थाना क्षेत्र में हुई हैं जबकि सबसे कम तिवारीपुर थाना क्षेत्र में। गीडा क्षेत्र में 42 तो तिवारीपुर में दो लोगों की जान सड़क दुर्घटना की वजह से गई है। शहरी क्षेत्र में जहां 78 एक्सीडेंट में 88 लोगों की मौत हुई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 343 वाहन दुर्घटनाओं में 379 लोगों की मौत हुई है। जबकि बीते साल 419 और 2020 में 412 लोग सड़क हादसे में जान गंवा चुके हैं। इतने के बाद भी लोग नहीं चेत रहे। हाईवे पर आज भी मानक से अधिक गति में वाहन चलाने की होड़ मची है।

### चिंताजनक

- इस साल 10 माह में हादसों में 405 की हो चुकी मौत
- पिछले साल 419 जिंदगियां निगल गए थे सड़क हादसे
- 2020 में सड़क हादसों में 412 लोगों की हुई थी मौत
- साल दर साल बढ़ती जा रही है हादसे में मौतों की संख्या

## सर्वाधिक सड़क हादसे दोपहिया वाहनों से

बीते 10 माह में जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 405लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ऐसे कई हादसे भी हुए जो पुलिस की रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। इसमें सवाधिक हादसे दोपहिया वाहनों से हुए जबकि बड़े और भारी वाहन हादसों की वजह बनें। सड़क हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों को लेकर कोई भी गंभीर नहीं है। फोरलेन पर गलत तरीके से बने कट और पटरी की तरफ सुरक्षा घेरा न होना हादसे की मुख्य वजह है। खासकर गीडा में इसके चलते आए दिन हादसे होते हैं। हादसों के लिए किसी की जिम्मेदारी तय न होने के चलते भी प्रशासनिक अमला हमेशा ही लापरवाह बना रहता है।



गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग। (फाइल फोटो)

### तीन साल में मौतों का आंकड़ा




स्रोतः यातायात विभाग, गोरखपुर

## हादसे के डेंजर प्वाइंट बने ये स्थल



आंकड़ों के अनुसार जिले में रामनगर कड़जहां, दुबियारी पुल, चौरीचौरा के निबियहवा ढाला, कुसम्ही, सहजनवा चौराहा, दाना-पानी रेस्टोरेंट के पास, बोक्टा चौराहा, भीटी रावत चौराहा, कोनी तिराहा, महावनखोर के अलावा कसिहार के पास भी आए दिन हादसे होते हैं। ज्यादातर हादसे हाईवे पर हुए हैं। कहीं न कहीं इसके पीछे तेज रफ्तार, गलत तरीके से साइड लेने व अचानक से दूसरी लेन में मुड़ना वजह है।

**42** मौतें हुई हैं सड़क हादसे में गीडा क्षेत्र में सर्वाधिक

**02** मौतें हुई हैं तिवारीपुर थाना क्षेत्र में सबसे कम

### बस्ती की अपेक्षा सुरक्षित है संतकबीरनगर

गोरखपुर, बस्ती और संतकबीरनगर की तुलना में हादसों में मरने वालों की संख्या गोरखपुर में अधिक है। जबकि सर्वाधिक सुरक्षित संतकबीरनगर है। वर्ष 2020 में वर्ष में जहां 122 मौतें, 2021 में 135 मौतें और इस साल अब तक 162 मौतें हो चुकी हैं वही संतकबीरनगर में 2020 में 86, 2021 में 107 जबकि 2022 में अबतक 129 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इनका पालन जरूरी

1. वाहन चलाते समय वैध प्रपत्रों संग हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें
2. समय-समय पर आंखों की जांच चिकित्सक से करवाते रहें
3. निर्धारित गति से अधिक एवं नशे या नींद में वाहन नहीं चलाएं।
4. सुरक्षित स्थान मिलने पर ही दाएं तरफ से ही ओवरटेक करें
5. प्रेशर हॉर्न, सायरन एवं चौंकाने वाले हॉर्न का प्रयोग न करें

## मारपीट व छेड़खानी करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना पुलिस ने बुधवार को मारपीट और छेड़खानी के आरोपित कमलेश निषाद को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। (जासं)

## चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : गोरखनाथ थाना पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी के सामान के साथ आरोपित कुशीनगर जनपद के अहिरौली थाना के सहजौली निवासी सुभान अली को गिरफ्तार कर लिया है। (जासं)

# ठगी करने वाले दो जालसाज को दबोचा

गोरखपुर। बुधवार को कैंट पुलिस ने फर्जी कंपनी खोलकर ठगी करने वाले दो जालसाजों को दबोच लिया।

कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़े गए जालसाजों ने वर्ष 2014 में कैंट क्षेत्र में वर्धमान संमर्ग बैंक नाम से फर्जी कम्पनी खोली थी। आम लोगों को प्रलोभन देकर रुपये जमा कराने के बाद कम्पनी बंद कर फरार हो गए थे। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस आठ आरोपितों को पहले ही जेल भेज थी। रामगढ़ताल क्षेत्र के लहसड़ी निवासी आलोक रंजन पांडेय व खोराबार क्षेत्र के कोनी गांव निवासी सदानन्द पाण्डेय फरार चल रहे थे।

# पति को छुड़ाने के लिए दारोगा से भिड़ गई दिव्यांग महिला

**जासं, भटहट** : गुलरिहा थाने में बुधवार को पति के साथ दुर्व्यवहार करते देख एक दिव्यांग महिला दारोगा से भिड़ गई। हंगामा होते देख थाना प्रभारी को बीच-बचाव कर मामला शांत कराना पड़ा। इसके पश्चात महिला पति को लेकर वापस चली गई ।

जानकारी के अनुसार हलका नंबर एक में चोरी के एक मुकदमे में संदेह के आधार पर क्षेत्रीय दारोगा एक राजगीर मिस्त्री को पूछताछ के लिए बुलाए थे। वह दिव्यांग पत्नी के साथ थाने पहुंचा। मिस्त्री ने परिचय बताया तो दारोगा उसके साथ अभद्रता करते हुए लाकअप में ले जाने लगे। पति के साथ दुर्व्यवहार होते देख दिव्यांग महिला उनसे भिड़ गई। उसे काबू में करने के लिए एक महिला सिपाही भी आगे बढ़ी, लेकिन महिला का उग्र रूप देख उसे पीछे हटना पड़ा। हंगामा होते देख थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने हस्तक्षेप कर दारोगा को वहां से हटाया और महिला की पूरी बात सुनी। महिला ने विरोध जताते हुए कहा कि बिना किसी सुबूत के उसके पति पर चोरी का आरोप लगाकर दुर्व्यवहार करना कानून का कौन सा हिस्सा है। थाना प्रभारी की सहमति पर महिला पति को लेकर घर चली गई।

# फर्जी कंपनी खोल ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** फर्जी कंपनी खोलकर लोगों से ठगी करने वाले दो आरोपित को कैंट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में आठ आरोपित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि कैंट क्षेत्र में वर्ष 2014 में वर्धमान संमर्ग बैंक नाम से फर्जी कंपनी खोलकर जालसाज ने आम लोगों को प्रलोभन देकर रुपये जमा कराए। बाद में कंपनी बंद कर फरार हो गए। पीड़ितों ने काफी खोजबीन करने के बाद जालसाजों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। दो आरोपित रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के लहसड़ी निवासी आलोक रंजन पांडेय और खोराबार थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी सदानंद पांडेय फरार चल रहे थे। पुलिस ने आलोक को मंगलवार की शाम चारफाटक मोहद्दीपुर से और सदानंद को बुधवार की सुबह विश्वविद्यालय चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

## धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

- **खोराबार के रजही में भाला से किया था हमला, केस दर्ज**
- **मेडिकल कालेज में भर्ती घायल की हालत गंभीर**

**जासं, कुसम्ही बाजार :** रजही गांव के शिव टोला में मंगलवार को रामपति निषाद पर भाला व फरसा से हमला करने के आरोपित नंदलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घायल रामपति के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। रामपति की मेडिकल कालेज में हालत गंभीर बनी हुई है।



रामपति के घर के पास नंदलाल का मकान है। देवरिया का मूल निवासी नंदलाल आटो चलाने के साथ ही बकरी पालन भी करता है। उसकी बकरी मंगलवार शाम छह बजे रामपति के घर में घुस गई थी और बोरे में रखा अनाज खा लिया था। रामपति पत्नी के साथ उलाहना देने उसके घर गए, तब वह नहीं मिला। बाद में स्वजन के साथ रामपति के घर पर धावा बोल दिया और भाला व फरसे से हमला कर घायल कर दिया। स्वजन के अनुसार रामपति की हालत गंभीर है। डाक्टरों ने तीन यूनिट खून की जरूरत बताई है।

# खत्म हुआ डकैती का क्रास केस तोड़फोड़ करने वालों पर इनाम

**जागरण प्रभाव**

- **रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वालों ने पुलिस को किया था गुमराह**
- **रिंकू व साथियों की तलाश में रामगढ़ताल पुलिस का छापा**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व उपद्रव करने वाले बदमाश व साथियों की तलाश में रामगढ़ताल थाना पुलिस छापेमारी कर रही है। एसएसपी ने घटना में शामिल तीन बदमाशों पर इनाम घोषित किया है। गाड़ी गुलरिहा थाना क्षेत्र में क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ताल थाना पुलिस ने पार्षद, रेस्टोरेंट संचालक व साथियों पर दर्ज डकैती के क्रास केस को खत्म कर दिया है।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने मंगलवार की रात सीओ कैंट श्यामदेव बिंद, प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह को तलब कर सर्किट हाउस के पास रेस्टोरेंट में हुई घटना की जानकारी ली। सीसी कैमरा फुटेज में मारपीट करते दिख रहे बदमाशों पर इनाम घोषित करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। मुख्य आरोपित विनोद मिश्रा को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना में शामिल बदमाश रिंकू, राजकरन व अन्य की तलाश में पुलिस की तीन टीमें छापेमारी कर रही हैं।

**पुलिस को किया गुमराह :** मानबेला के रहने वाले विनोद मिश्रा की गाड़ी का शीशा युवकों ने एक नवंबर की रात में गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनगाई में तोड़ दिया था। इस मामले में विनोद ने गुलरिहा थाने में अज्ञात लोगों पर एनसीआर दर्ज कराया था। चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में साथियों संग घुसकर मारपीट करने के बाद रामगढ़ताल थाना पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को गुमराह कर विनोद मिश्रा ने गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए सपा पार्षद विश्वजीत त्रिपाठी, रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह, मैनेजर शशांक व कर्मचारियों के विरुद्ध पांच नवंबर को डकैती व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज करा दिया।

एक ही मामले में दो मुकदमे दर्ज किए जाने की खबर जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित की, जिसका संज्ञान लेकर एसएसपी ने जांच करायी।

# डा. अभिषेक की 103 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

## प्रशासन ने पिपराइच में राज नर्सिंग पैरामेडिकल कालेज तुरा बाजार की संपत्ति को भी किया सील

- अभी भी चल रही है संपत्तियों की जांच इन्हें भी किया जाएगा कुर्क
- फर्जी मान्यता दिखा छात्रों का नर्सिंग में प्रवेश लेकर ठगी करने का है आरोपित



पिपराइच स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज मे कुर्की की कार्रवाई करने के लिए पहुंची प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** फर्जी प्रवेश लेकर छात्रों से ठगी करने वाले शिक्षा और मेडिकल माफिया डा. अभिषेक यादव के पिपराइच के तुरा बाजार स्थित राज नर्सिंग पैरामेडिकल कालेज पर भी बुधवार को ताला लगाते हुए कुर्क कर दिया गया। डा. अभिषेक की अब तक 103 करोड़ पांच लाख सात हजार 422 रुपये की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया जा चुका है। अभी भी संपत्तियों की जांच चल रही है। जांच के बाद इन्हें भी कुर्क किया जाएगा। गैंगस्टर एक्ट में जिला प्रशासन व पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी संयुक्त कार्रवाई है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को बताया कि जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने गैंगस्टर के आरोपित डा. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी डा. मनीषा यादव व बहन पूनम यादव की चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया था। इसके क्रम में चार नवंबर को दुर्गाबाड़ी रोड स्थित राज नर्सिंग होम, मकान, भूमि व वाहनों को और चिलुआताल के नकहा स्थित भूमि को पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम ने कुर्क किया था, जिसकी कीमत 99 करोड़ 53 लाख 52 हजार 439 रुपये है। इसके पहले अलग-अलग बैंकों में संचालित 20 खातों में जमा तीन करोड़ 51 लाख 54 हजार 983 रुपये जब्त किए जा चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि माफिया डा. अभिषेक पर कोतवाली, कैंट, पिपराइच और लखनऊ के हुसैनगंज थाने में अलग-अलग मामलों में 20 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**छात्रों के साथ की थी धोखाधड़ी:** एसएसपी ने बताया कि डा. अभिषेक ने धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छात्रों को झांसे में लेकर शासन द्वारा स्वीकृत सीटों के अतिरिक्त फर्जी तरीके से राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज में विभिन्न मेडिकल कोर्स में प्रवेश देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया था। नर्सिंग छात्रों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वर्ष 2018-19 में एएनएम, जीएनएम, वर्ष 2019-20 में एएनएम, जीएनएम और सत्र 2020-21 व 2021-22 में प्रवेश के लिए डोनेशन व शासन से निर्धारित फीस से ज्यादा रुपये उनसे वसूले गए। इसके बाद न परीक्षा कराई गई, न ही डिग्री दी गई।

प्रथम सत्र के छात्रों को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी बताकर रजिस्ट्रेशन कराया गया और बाद में स्टेट मेडिकल फैकल्टी बताया जा रहा है। बाद में पता चला कि राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज की मान्यता ही नहीं है। संचालक डा. अभिषेक ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर मान्यता ली है। इसके बाद से जांच शुरू हुई।

**संयुक्त सचिव ने दर्ज कराया था मुकदमा:** डा. अभिषेक यादव के जालसाजी कर ठगी करने का मामला सामने आने पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने इसी साल आठ जनवरी को कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। ठगी के शिकार छात्रों के स्वजन ने भी तहरीर दी थी। बाद में तहसीलदार ने पिपराइच थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शासन की सख्ती पर 16 सितंबर को कोतवाली थाना पुलिस ने डा. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी डा. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डा. पूनम यादव, साथी शक्तिनगर निवासी डा. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनारायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना कर रहे तिवारीपुर के थानेदार मदन मोहन मिश्रा की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने अपराध से अर्जित 100 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया है।

### अब तक इन संपत्तियों की हो चुकी है कुर्की

- जटेपुर उत्तरी में आवास, जंगल नकहा नंबर-दो में राज गोशाला, हुमायूंपुर में राज नर्सिंग होम, हास्टल व आवास, जंगल अहमद शाह अली उर्फ तुर्रा में राज नर्सिंग व पैरा मेडिकल कालेज - कीमत 99 करोड़, 21 लाख, 12 हजार, 439 रुपये।
- दस वाहनों में दो कार, दो बाइक, चार स्कूली बस, एक ट्रैक्टर, एक मैजिक - कीमत 32 लाख, 40 हजार रुपये।
- अलग-अलग बैंकों के 20 खातों को जब्त किया गया - कीमत तीन करोड़, 51 लाख, 54 हजार, 983 रुपये।
- अब तक कुर्क कुल संपत्ति की कीमत - 103 करोड़, 103 करोड़ पांच लाख सात हजार 422 रुपये।

# महिला से 25 हजार का फुटकर मांग थमा दी कागज की गड्डी

**जासं, कुसम्ही बाजार :** खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से रुपये निकाल कर जा रही महिला के साथ टप्पेबाजी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाज कागज की गड्डी थमा 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़िता की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बहरामपुर बड़ी कुरमौल निवासी मीरा बुधवार की सुबह 11 बजे कुसम्ही स्थित बड़ौदा यूपी बैंक से रुपये निकालने पहुंची थीं। इस बीच मीरा की मुलाकात बैंक में खड़े दो युवकों से हुई। उनकी मदद से उन्होंने धन निकासी का पर्चा भरा। काउंटर से रुपये मिलने के बाद वह बैंक से बाहर पहुंचीं। उनमें से एक युवक मीरा के पास पहुंचा और फुटकर 25 हजार रुपये के बदले दो हजार रुपये के नोट का 25 हजार रुपये देने का झांसा दिया। वह युवकों की बातों में आ गई और 25 हजार रुपये देकर उनके द्वारा दी गई गड्डी को लेकर घर चली गईं। घर जाकर देखा तो गड्डी में कागज भरा था।

पीड़िता बैंक पहुंची और बैंक के अधिकारियों के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच में बैंक में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा मिला।

## नदी में डूबे किशोर का शव बरामद

**कैंपियरगंज :** रोहिन नदी के भौराबारी घाट पर मंगलवार को स्नान करते समय डूबे 12 वर्षीय कृष जायसवाल का शव बुधवार को मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। (जासं)

## तीन युवकों का शांति भंग में हुआ चालान

**भटहट :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के खपड़हवा चौराहे पर मंगलवार की शाम दुकानदारों का चालान करने के दौरान पुलिस से भिड़ने वाले तीन युवकों का बुधवार को शांति भंग में चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस से उलझने वाले युवक विशाल व विनय एवं प्रेम जंगल डुमरी नंबर दो के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# बच्चे के अपहरण पर हलकान रही सहजनवां पुलिस

**जासं, भीटी रावत :** सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत चौराहे से बुधवार की सुबह करीब नौ बजे एक सात वर्षीय बच्चे के अपहरण की सूचना पर पुलिस को घंटों परेशान होना पड़ा। उधर, सूचना के बाद सक्रिय दो थानों की पुलिस ने घेराबंदी कर राहगीरों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान पता चला कि अपहृत होने वाला बच्चा स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

बुधवार को सुबह सात वर्षीय बच्चे को लेकर उसकी नानी भीटी रावत हाईवे चौराहे पर स्थित अपनी दुकान पर जा रही थीं। घर से करीब सौ मीटर दूर जाने पर एहसास हुआ कि उनके नाती (बेटी के बेटे) को बाइक सवार लेकर हरपुर की तरफ भाग रहे हैं। वह बदहवास हो गईं और शोर मचाया कि मेरे नाती को लेकर भाग रहे हैं। चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिला भी करीब तीन किमी जोगियाकोल तक पीछे-पीछे दौड़ती रही। कुछ बाइक सवार भी पीछे से गए। इसी दौरान किसी ने स्थानीय पुलिस को भी बच्चे को लेकर भागने की सूचना दे दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पता चला कि जिस हसुद्दीन पुत्र मैनुद्दीन की खोज हो रही है, वह स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ ने कहा कि बच्चा सकुशल स्कूल में ही था, लेकिन भ्रमवश महिला ने बच्चा लेकर भागने का शोर मचाया।

## शिक्षकों के बीच मारपीट में समझौता, चल रही विभागीय जांच

**जासं, सहजनवां :** ब्लाक के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीहापार द्वितीय में शनिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षिका के बीच हुए मारपीट मामले में बुधवार को थाने में समझौता हो गया। हालांकि अभी विभागीय जांच चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद बीएसए आरोपित पर कार्रवाई करेंगे। बता दें कि सीहापार स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वितीय में शनिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार गौड़ और शिक्षिका प्रेमलता अग्रहरि में अनुपस्थित किए जाने को लेकर विवाद हो गया। प्रधानाध्यापक ने शिक्षिका पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। बुधवार को दोनों शिक्षक सहजनवां थाने पर पहुंचे।

## किशोर को पुलिस ने स्वजन को सौंपा

**जासं, पिपराइच :** थाना क्षेत्र के भलुहीं निवासी मुकद्दर अली के 11 वर्षीय बेटे शमीम मुहम्मद को पिपराइच पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन से बरामद कर बुधवार को स्वजन को सौंप दिया। शमीम सोमवार की सुबह घर से लापता हो गया।

**दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार:** मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव का दुष्कर्म के आरोपित विवेक गिरी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपित पर एक युवती ने एक वर्ष से शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था, जिसमें पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी।

**वाहन की चपेट में आने बाइक सवार घायल:** पाली : सहजनवां थाना क्षेत्र के चड़राव भीटिया मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मांट निवासी पलटन निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी ठर्रापार भिजवाया।

## किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, झंगहा :** किशोरी के अपहरण के आरोपित थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सन्नी पासवान उर्फ चंद्रशेखर को पुलिस ने बुधवार को लक्ष्मीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया। आरोपित पर इंटर में पढ़ने वाली किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में उसके पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी।

**जानमाल की धमकी देने वाले पर केस:** मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम शत्रुघ्नपुर निवासी अवनीश मणि त्रिपाठी ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम डुमरी खुर्द निवासी भीम पासवान व करन और बिहार के रहने वाले सन्नी ने जान से मारने की धमकी दी है।

# धारदार हथियार से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार इलाके के रजही में भाला से किया था हमला, केस दर्ज**

**खोराबार।** इलाके के रजही गांव के शिव टोले में मंगलवार को रामपति निषाद पर भाला व फरसा से हमला करने के आरोपी नंदलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। पुलिस ने घायल रामपति के बेटे की तहरीर पर केस दर्ज किया है। उधर, पीड़ित रामपति की मेडिकल कॉलेज में हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, रामपति के घर के पास ही नंदलाल का मकान भी है। देवरिया का मूल निवासी नंदलाल ऑटो चलाने के साथ ही बकरी पालन का काम भी करता है।

मंगलवार को नंदलाल की बकरी रामपति के घर में घुस गई थी और अनाज खा ली थी।

रामपति पत्नी के साथ शिकायत करने नंदलाल के घर पर गए थे। नंदलाल तब घर पर नहीं थे। बाद में आने पर परिजनों के साथ रामपति के घर पर धावा बोल भाला व फरसा से हमला कर घायल कर दिया था।

## युवक को जान से मारने की दी धमकी

**चौरीचौरा।** चौरीचौरा क्षेत्र के शत्रुधनपुर निवासी अवनीश मणि त्रिपाठी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। पुलिस ने डुमरी खुर्द निवासी भीम पासवान, करन व बिहार के सन्नी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवक एक इलेक्ट्रानिक चैनल से जुड़ा है। ब्यूरो

# फर्जी कंपनी खोल जालसाजी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

## प्रलोभन देकर करते थे ठगी, आठ आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** फर्जी कंपनी खोलकर लोगों को प्रलोभन देकर जालसाजी करने के दो आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

दोनों की पहचान रामगढ़ताल के लहसड़ी निवासी रंजन पांडेय व खोराबार के कोनी गांव निवासी सदानंद पांडेय के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि कैंट क्षेत्र में वर्ष 2014 में वर्धमान संमर्ग बैंक नाम से फर्जी कंपनी खोलकर जालसाज आम लोगों को प्रलोभन देकर रुपये जमा कराए थे। बाद में कंपनी बंद कर फरार हो गए थे।

पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, लेकिन दो फरार चल रहे थे। पुलिस ने आलोक को मंगलवार की शाम को चारफाटक मोहद्दीपुर से और सदानंद को बुधवार की सुबह विवि चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### कागज की गड्डी थमाकर 25 हजार उड़ाए

**कुसम्ही बाजार।** खोराबार इलाके के कुसम्ही बाजार स्थित यूपी बड़ोदा बैंक के पास महिला को कागज की गड्डी थमाकर जालसाज 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, खोराबार थाना क्षेत्र के बहरामपुर बड़ी कुरमौल निवासी मीरा का यूपी बड़ौदा बैंक में खाता है। बुधवार सुबह 11 बजे के करीब उन्होंने बैंक से 25 हजार रुपये निकाला। वह जैसे ही बैंक से बाहर निकलीं, बाइक सवार दो युवक मिल गए। इन्हीं युवकों से मीरा ने रुपये निकालने के लिए फार्म भरवाया था। युवकों ने महिला से कहा कि आप के पास 25 हजार के 500 के नोट है, उसे दे दीजिए, मेरे पास रखा 2 हजार के नोट हैं ले लीजिए। युवकों के झांसे में आकर महिला ने रुपये दे दिए। थोड़ी देर बाद महिला ने देखा तो नोट नहीं कागज की गड्डी थी। इसके बाद महिला ने पुलिस को सूचना दी। बैंक में सीसीटीवी कैमरा न होने की वजह से आसपास के कैमरों को पुलिस खंगाल रही है। ब्यूरो

# फरियाद लेकर कमिश्नर दफ्तर आई युवती को दौड़ाकर पीटा

## एक को भीड़ ने पकड़ा, कैंट पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कमिश्नर दफ्तर में बुधवार को फरियाद लेकर आई युवती को कुछ लोगों ने दौड़ाकर पीट दिया।

सरेराह पिटाई देख भीड़ जुटी तो आरोपी भागने लगे। एक आरोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मारपीट व धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया। अन्य आरोपियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

खोराबार पोछिया ब्रह्म गांव की सुनीता का पट्टीदारों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि कुछ दिन पहले मारपीट की गई थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। कमिश्नर के पास बुधवार को सुनीता फरियाद लेकर पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी भी आ गए। आरोप है कि करीब छह की संख्या में आए लोगों ने शिकायत न करने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर मारपीट की गई।



कमिश्नर कार्यालय के पार्किंग में महिला को पीटा। संवाद

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

# अभिषेक की पत्नी व बहन की भी संपत्ति कुर्क

## कॉलेज के दाखिले में दोनों की भूमिका पाए जाने पर गिरोह में किया गया था शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कोतवाली थाने में दर्ज गैंगस्टर केस में दुर्गाबाड़ी निवासी डॉ. अभिषेक यादव के साथ उसकी पत्नी डॉ. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव भी आरोपी हैं। इसी कारण इनकी संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। बहन व पत्नी की भी कॉलेज के दाखिला में भूमिका मिलने पर गैंगस्टर के तहत दर्ज केस में आरोपी बनाया गया है।

डॉ. अभिषेक, पत्नी व बहन के अलावा शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्याम नारायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी भी गिरोह के गुर्गे बताए गए हैं। आरोप है कि सभी ने मिलकर 2015 से गिरोह चला रहे हैं।

एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी विवेचना तिवारीपुर थाने की पुलिस कर रही है।

**छात्रों ने भी दर्ज कराया था जालसाजी का केस :** मामले में पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि वर्ष 2018-19 एएनएम, जीएनएम वर्ष 2019-20 में एएनएम, जीएनएम और सत्र 2020-21 व 2021-22 में प्रवेश के लिए डोनेशन एवं निर्धारित से अधिक फीस ली गई है। इसके बाद न परीक्षा कराई गई और न डिग्री दी गई।

प्रथम सत्र के छात्रों को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी बताकर पंजीकरण कराया गया। बाद में स्टेट मेडिकल फैकल्टी बताया जा रहा है। पता चला कि संस्था की मान्यता नहीं है।

कूटरचित दस्तावेज पर मान्यता ली गई है। सीएमओ की जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। पुलिस ने मामले में पिपराइच थाने में केस दर्ज किया था।






गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव के राज नर्सिंग कॉलेज को पुलिस ने बुधवार को कुर्क किया। संवाद

### इन संपत्तियों को किया गया कुर्क

- जटेपुर उत्तरी स्थित आवास
- जंगल नकहा नंबर दो स्थित राज गोशाला
- हुमायूंपुर स्थित राज नर्सिंग होम, हॉस्टल
- जंगल अहमद शाह अली उर्फ तुर्रा स्थित राज नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज
- दो कार, चार स्कूल बस, एक माल वाहन, दो बाइक
- डॉ. मनीषा यादव के तीन खाते, डॉ. अभिषेक के दो, राज शिक्षण प्रशिक्षण सेवा समिति के सात खाते, स्व. डॉ. राजाराम जिसके नामिनी डॉ. अभिषेक के तीन, राज कुमारी के चार खाते जिसके नामिनी डॉ. अभिषेक यादव हैं।

### अभिषेक पर दर्ज हैं 20 मुकदमे

**डॉ. अभिषेक** पर 20 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें लखनऊ के हुसैनगंज में भी दर्ज मुकदमा शामिल है। गोरखपुर में वर्ष 2016 में दर्ज 14 मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लग गई थी, जिसे फिर से खोला गया था। मई 2022 में तत्कालीन एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने सभी मुकदमों की जांच कराकर एक ही दिन चार्जशीट दाखिल कराई थी। इसके बाद गैंगस्टर का ग्राउंड तैयार हो गया था। बाद में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई।

### किस संपत्ति की कितनी कीमत

कुर्क संपत्ति व आवास की कीमत 99 करोड़, 21 लाख 12 हजार 439 रुपये, दस वाहनों की कीमत 32 लाख 40 हजार रुपये, बैंक खातों में तीन करोड़ 51 लाख, 14 हजार 983 रुपये

# गैंगस्टर डॉ. अभिषेक की 1.35 अरब की संपत्ति कुर्क

## राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज पर भी लगा दिया गया सरकारी ताला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप में गैंगस्टर डॉ. अभिषेक यादव के राज नर्सिंग होम एंड पैरामेडिकल कॉलेज को भी बुधवार को कुर्क कर दिया गया।

इस कार्रवाई के बाद जमीन, आवास, 19 बैंक खातों और 10 वाहनों को शामिल कर डॉक्टर व उसके परिवार की 1,03,05,07,422 रुपये की संपत्ति पर सरकारी ताला लग गया है। यह कीमत सरकारी सर्किल रेट के हिसाब से है।

### पहले आवास, जमीन की गई थी कुर्क, 19 बैंक खाते व 10 वाहन किए गए थे जब्त

बाजार की कीमत देखी जाए तो यह संपत्ति दो अरब रुपये से अधिक की होगी। गोरखपुर में अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।

आरोप है कि पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया था। मामला संज्ञान में आने पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने आठ जनवरी को कोतवाली में राज नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया।

जालसाजी की जानकारी होने पर छात्रों के घरवालों ने भी तहरीर दी। कॉलेज पर ताला लगाने के साथ अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ पिपराइच थाने में मुकदमा दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की। कोतवाली थाने में दर्ज केस की विवेचना तिवारीपुर पुलिस कर रही है। तिवारीपुर के थानेदार मदन मोहन मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ पिपराइच स्थित पैरामेडिकल कॉलेज पहुंचे और उसे कुर्क कर दिए। >> पत्नी और बहन की भी संपत्ति कुर्क : पेज 3

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के गैंगस्टर अभियुक्त डॉ. अभिषेक यादव की एक अरब तीन करोड़ पांच लाख सात हजार चार सौ बाइस रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। कुछ और संपत्तियां संज्ञान में आई हैं, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है, जल्द ही उसे भी कुर्क किया जाएगा। -**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

## फैक्ट्री में चोरी करने के आरोप में दो पकड़े गए

**सहजनवां।** थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर-23 में स्थित एक फैक्ट्री का सामान चोरी कर कबाड़ के यहां बेच रहे दो चोरों को कर्मचारियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने फैक्ट्री के एचआर की तहरीर पर केस दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान रितेश निवासी सेमरी, संतकबीरनगर तथा कबाड़ी मुकेश निवासी दफ्तरी थाना सहजनवां के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को एक फैक्ट्री से दो व्यक्ति कुछ सामान चुराकर बाहर निकले जिसे कर्मचारियों ने देख लिया। पीछा किया तो वह सहबाजगंज स्थिति एक कबाड़ की दुकान पर सामान बेचकर जा रहे थे। कर्मचारियों ने दोनों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दो किग्रा पीतल बरामद हुआ। ब्यूरो

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा।** पुलिस ने अपहरण के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। उसकी पहचान झंगहा क्षेत्र के झंगहा टोला महुआरी निवासी सन्नी पासवान उर्फ चंद्रशेखर के रूप में हुई। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# मंगलसूत्र चोरी करते युवक धराया

**बरहज (एसएनबी)**। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर बरहजिया ट्रेन जैसे ही बरहज रेलवे स्टेशन पर पहुंची कि स्नानार्थियों की भारी भीड़ ट्रेन से उतर रही थी कि इसी बीच एक युवक ने महिला के गले से मंगलसूत्र झपट लिया। गले से मंगलसूत्र निकलते ही महिला चिल्लाने लगी। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने दौड़ाकर युवक को दबोच लिया। रेलवे स्टेशन पर महिला के साथ हुई घटना की जानकारी किसी ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पिटाई कर कड़ाई से पूछताछ की तो युवक ने खड़ी ट्रेन के नीचे मंगलसूत्र फेंकने की जानकारी दी। स्टेशन पर इस तरह की घटना होने से भारी भीड़ जुट गयी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान दान और मेला करने आ रहे श्रद्धालु घटना को लेकर सहम गये। ट्रेन में भीड़ अधिक होने पर चोर उचक्के महिलाओं के जेवरात पर नजर गड़ा देते है और मौका मिलते ही चेन झपटकर चलते बनते है। महिला के गले से मंगलसूत्र गायब होने पर वह रोने लगी। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर महिला के गले से मंगलसूत्र गायब होने की सूचना मिली और मौके पर पुलिस को भेजा गया। पकड़ा गया युवक चोर नहीं था किसी गाड़ी का ड्राईवर था। लोगों ने उसे चोर समझकर पिटाई कर दी।

### सुल्तानपुर के अंडा व्यवसायी से हुई थी 1.37 लाख की लूट

# व्यवसायी को लूटने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

- बरियारपुर पुलिस ने किया घटना का खुलासा, रुपये बरामद
- घटना में प्रयुक्त तीन बाइक व सात मोबाइल फोन बरामद



बुधवार को बरियारपुर पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे। • हिन्दुस्तान

बरियारपुर (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। सुल्तानपुर के रहने वाले अंडा व्यवसायी से बदमाशों ने 1 लाख 37 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस ने बुधवार को इस घटना का खुलासा कर दिया। वारदात में कुल सात बदमाश शामिल थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सुल्तानपुर जिले के थाना अखण्ड नगर के पधौन गांव के रहने वाले परमहंस सिंह देवरिया के थोक व्यापारियों से अंडा खरीदते हैं। सस्ती दर पर अंडा उपलब्ध कराने का झांसा देकर बरियारपुर क्षेत्र के लंगड़ा बाजार से धुसवां की तरफ जाने वाले मार्ग पर उदयपुरा के पास बदमाशों ने उन्हें लूट लिया था। बाइक सवार बदमाशों उनका 1 लाख 37 हजार रुपये लूटा था। मामले में बरियारपुर पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुटी थी।

थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि 8 नवंबर को वे हमराहियों के साथ भ्रमणशील थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सरौरा से घूमनगर जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले विद्यालय श्रीमती चन्द्रवती देवी इण्टर कालेज के पीछे सागौन के बगीचे से वारदात में शामिल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर इनकी पहचान प्रमोद कुशवाहा उर्फ राज पुत्र रामविलाश मौर्या निवासी डीहाखुर्द थाना रामपुर कारखाना, शक्ति यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी डीहाखुर्द थाना रामपुर कारखाना, रुद्रेश मिश्रा पुत्र पशुपतिनाथ मिश्रा निवासी मुजहना घाट थाना तरकुलवा, सन्नी यादव पुत्र रमेश यादव निवासी नौतन थाना बरियारपुर, जाहिद अंसारी पुत्र नूर मोहम्मद अंसारी निवासी गुदीजोर थाना तरकुलवा, सोनू कुमार पुत्र ध्रुव प्रसाद निवासी नौतन थाना बरियारपुर और सतीश कुमार गोड पुत्र अनिल गोड निवासी कुशहरी थाना बरियारपुर जनपद देवरिया के रूप में हुई। उनके पास से लूट के 1 लाख 30 हजार 200 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त 03 मोटरसाईकिल व 07 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बुधवार को सभी का चालान कर दिया।

बदमाशों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई जयप्रकाश दूबे, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनीष यादव, रविन्द्र चौहान, बद्री विशाल, शिव प्रकाश पाण्डेय, मिथलेश कुमार पाल, रघुनाथ यादव, सज्जन चौहान, सुनील यादव, बृजेश चौधरी, राहुल यादव, महिला कांस्टेबल सुधा यादव तथा प्रिया यादव शामिल रहीं।

हिन्दुस्तान 10/11/22

# होमगार्ड व प्रधान सहित तीन पर केस दर्ज

मदनपुर। क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें एक युवती गंभीर रुप से घायल हो गई। मामले में पुलिस ने होमगार्ड व प्रधान सहित तीन पर केस दर्ज किया है। पीड़ता का कहना है कि आरोपियों द्वारा मेरे पुत्र को जान से मारने की धमकी मिल रही है।

हरनहीं पोखरा टोला निवासी ऊषा देवी पत्नी स्व.मुंशी यादव से सात नवंबर को दिन में करीब साढ़े बारह बजे जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। हुए मारपीट में प्रियंका गंभीर रुप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए ले जाया गया। पीड़िता ऊषा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाया था। मामले में पुलिस ने गांव के सतेंद्र यादव पुत्र इंद्रजीत यादव, होमगार्ड सर्वजीत यादव पुत्र विश्वनाथ व गंगाचक गांव निवासी एवं प्रधान देवेंद्र यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान 10/11/22

# पुल से युवती ने लगाई छलांग, लोगों ने बचाया

## हड़कंप

- गोरखपुर की युवती किसी बात को लेकर परिजनों से थी नाराज
- पुलिस ने युवती के परिजनों को बुलाकर सौंपा

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय राप्ती तट स्थित सेमरा पुल से एक युवती ने नदी में छलांग लगा दिया। युवती को डूबता देख मछली पकड़ रहे मछुआरों ने काफी मशक्कत के बाद उसे किसी तरह बाहर निकाला। युवती किसी बात को लेकर नाराज थी। पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर युवती को सौंप दिया। परिजन युवती को लेकर गोरखपुर चले गये।

बुधवार की सुबह करीब आठ बजे पुल पर एक युवती बदहवास दिखाई दी। रास्ते से आने-जाने वाले लोग उसे देख कुछ समझ पाते, उसने नदी में छलांग लगा दिया। युवती को कूदता देख लोग शोर मचाने लगे। जिसे सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर स्थानीय सहित गोरखपुर जनपद की पुलिस भी पहुंच गई। करीब 20 मिनट रेस्क्यू के बाद युवती को सही सलामत बाहर निकाला जा सका। पूछताछ में युवती ने अपना पता गोरखपुर जनपद के भैंसहट गांव का होना बताया। प्रभारी थाना निरीक्षक मुकेश मिश्र ने बताया कि गोरखपुर जनपद का मामला था। लेकिन पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर उसे घर भेज दिया गया।

# पॉक्सो और एससी एसटी का केस दर्ज

पैकौली। नाबालिग लड़की को जबरन गाड़ी में बैठाने व विरोध करने पर मारपीट के आरोप में बुधवार को सुरौली थाने में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपी नाबालिग के गांव के ही है। आरोपियों के खिलाफ पाक्सो व एससीएसटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

सुरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गांव के ही दो युवक सोमवार को सुबह नौ बजे स्कूल के पास से उसके नाबालिग बेटी को जबरन गाड़ी में बैठा कर छेड़खानी करने लगे। लड़की द्वारा शोर मचाने पर उसके साथ मारपीट किए व जातिसूचक शब्दों के साथ गाली देने लगे।

हिन्दुस्तान दि. 10/11/22

### सुल्तानपुर के अंडा व्यवसायी से हुई थी 1.37 लाख की लूट

# व्यवसायी को लूटने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

- बरियारपुर पुलिस ने किया घटना का खुलासा, रुपये बरामद
- घटना में प्रयुक्त तीन बाइक व सात मोबाइल फोन बरामद

बरियारपुर (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। सुल्तानपुर के रहने वाले अंडा व्यवसायी से बदमाशों ने 1 लाख 37 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस ने बुधवार को इस घटना का खुलासा कर दिया। वारदात में कुल सात बदमाश शामिल थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सुल्तानपुर जिले के थाना अखण्ड नगर के पधौन गांव के रहने वाले परमहंस सिंह देवरिया के थोक व्यापारियों से अंडा खरीदते हैं। सस्ती दर पर अंडा उपलब्ध कराने का झांसा देकर बरियारपुर क्षेत्र के लंगड़ा बाजार से धुसवां की तरफ जाने वाले मार्ग पर उदयपुरा के पास बदमाशों ने उन्हें लूट लिया था। बाइक सवार बदमाशों उनका 1 लाख 37 हजार रुपये लूटा था। मामले में बरियारपुर पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुटी थी।

थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि 8 नवंबर को वे हमराहियों के साथ भ्रमणशील थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सरौरा से धूमनगर जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले विद्यालय श्रीमती चन्द्रवती देवी इण्टर कालेज के पीछे सागौन के बगीचे से वारदात में शामिल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर इनकी पहचान प्रमोद कुशवाहा



बुधवार को बरियारपुर पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे। • हिन्दुस्तान

उर्फ राज पुत्र रामविलाश मौर्या निवासी डीहाखुर्द थाना रामपुर कारखाना, शक्ति यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी डीहाखुर्द थाना रामपुर कारखाना, रुद्रेश मिश्रा पुत्र पशुपतिनाथ मिश्रा निवासी मुजहना घाट थाना तरकुलवा, सन्नी यादव पुत्र रमेश यादव निवासी नौतन थाना बरियारपुर, जाहिद अंसारी पुत्र नूर मोहम्मद अंसारी निवासी गुदीजोर थाना तरकुलवा, सोनू कुमार पुत्र ध्रुव प्रसाद निवासी नौतन थाना बरियारपुर और सतीश कुमार गोड पुत्र अनिल गोड निवासी कुशहरी थाना बरियारपुर जनपद देवरिया के रूप में हुई। उनके पास से लूट के 1 लाख 30 हजार 200 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त 03 मोटरसाईकिल व 07 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बुधवार को सभी का चालान कर दिया।

बदमाशों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई जयप्रकाश दूबे, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनीष यादव, रविन्द्र चौहान, बद्री विशाल, शिव प्रकाश पाण्डेय, मिथलेश कुमार पाल, रघुनाथ यादव, सज्जन चौहान, सुनील यादव, बृजेश चौधरी, राहुल यादव, महिला कांस्टेबल सुधा यादव तथा प्रिया यादव शामिल रहीं।

# एडीजी के निर्देश पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**खुखुंदू :** अपराध पर लगाम लगाने व पुलिस की सक्रियता की जांच करने एडीजी कार्यालय गोरखपुर से अधिकारी बुधवार की शाम थाने में पहुंचे। एडीजी गोरखपुर कार्यालय से इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार समेत दो इंस्पेक्टर ने बीट पुलिसिंग, बीट बुक, एचएस निगरानी, अपराध रजिस्टर, आइजीआरएस, प्रार्थना पत्र सहित अन्य रजिस्टरों की जांच की। विवेचना में तेजी लाने व कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। चौराहे व कस्बों में सीसी कैमरा लगाने को कहा। जिससे अपराध पर रोक लगाया जा सके। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि एडीजी जोन गोरखपुर के कार्यालय से दो इंस्पेक्टर व एक दीवान आए थे। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 10/11/22

# लूट के 1.30 लाख रुपये के साथ सात आरोपित गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • सौ.पुलिस

जासं, करौंदी बाजार, देवरिया: दो दिन पूर्व सुल्तानपुर जनपद के अंडा कारोबारी को बगीचे में बुलाकर 1.37 लाख रुपये लूटने के मामले का बरियारपुर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। घटना में शामिल सात आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उनके पास से 1.30 लाख रुपये, घटना के दौरान उपयोग में लाई गई तीन बाइक व सात मोबाइल बरामद किया है।

सुल्तानपुर जनपद के थानाक्षेत्र अखंड नगर के पौधन रामपुर गांव के रहने वाले परमहंस सिंह पुत्र राजप्रताप सिंह जनपद में कई वर्षों से अंडे का कारोबार करते हैं। पांच नवंबर को बदमाशों ने उनके मोबाइल नंबर पर फोन किया और पूछा कि क्या आप अंडे का व्यापार करते हैं। मैं आपको सस्ते दर पर अंडा दिलवा दूंगा। उनकी बातों पर भरोसा कर परमहंस सिंह जब सात नवंबर को अंडा खरीदने देवरिया आए तो बदमाश ने उन्हें उदयपुरा गांव के निकट बगीचे में बुलाया व झोले से 1.37 लाख रुपये लूट लिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार की रात थानाध्यक्ष बरियारपुर सुभाष चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ आरोपितों की तलाश कर रहे थे। तभी सूचना पर सरौरा से धूमनगर के बीच स्थित श्रीमती चंद्रवती देवी इंटर कालेज के पीछे सागौन के बगीचे से आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में रामपुर कारखाना क्षेत्र के डीहाखुर्द गांव के प्रमोद कुशवाहा उर्फ राज पुत्र रामविलाश मौर्य, शक्ति यादव पुत्र मुन्ना यादव, तरकुलवा के मुजहना गांव का रुद्रेश मिश्र पुत्र पशुपतिनाथ मिश्र, बरियारपुर के नौतन का सन्नी यादव पुत्र रमेश यादव व सोनू कुमार पुत्र ध्रुव प्रसाद और कुशहरी का सतीश कुमार गोंड पुत्र अनिल गोंड, तरकुलवा के गुद्दीजोर का जाहिद अंसारी पुत्र नूर मोहम्मद अंसारी शामिल हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, राजकुमार सिंह आदि शामिल रहे।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**करौंदी बाजार :** रुपये के लेनदेन में युवक को अधमरा करने के मामले में बरियारपुर पुलिस ने तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपित नवनीत ओझा, छांगुर ओझा व आकाश ओझा की तलाश कर रही है। बरियारपुर थानाक्षेत्र के दलान गांव के रहने वाले मुकेश ओझा पुत्र रामवेलास ओझा से गांव के नवनीत ओझा ने जून में 52 हजार रुपये उधार लिया था। रुपये वापस मांगने पर फार्म पर ले जाकर हमला बोल दिया, जिसमें मुकेश का सिर फट गया। बेहोशी की हालत में छोटी गंडक नदी किनारे फेंक दिया। इलाज महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में चला। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 10/11/22

# अगवा करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

## ट्रक चालक व सहचालक को अगवा करने का मामला, सिवान के रहने वाले हैं चार आरोपित

- मिर्जापुर से बोल्डर लेकर भटनी आया आया था ट्रक
- साहोपार के पास से ट्रक को आरोपितों ने लिया था कब्जे में

जासं, भटनी, देवरिया: रुपये की लेनदेन के मामले में ट्रक चालक व सहचालक को अगवा करने के आरोप में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश दोनों का अपहरण कर बिहार के सिवान ले जा रहे थे। पांचों को बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इनमें चार सिवान के रहने वाले हैं।

वाराणसी के रहने वाले इशरार खान की मिर्जापुर में ट्रांसपोर्ट एजेंसी है। आरोप है कि आरोपितों का उनसे पैसे के लेनदेन का विवाद चल रहा है। मंगलवार को उनका ट्रक मिर्जापुर से बोल्डर लेकर भटनी के तेनुआ गांव आया था। वहां छोटी गंडक नदी के किनारे बोल्डर पिचिंग का कार्य चल रहा है। ट्रक बोल्डर गिराकर वापस जा रहा था और साहोपार के पास निर्माणाधीन रेल अंडरपास के पास पहुंचा था कि कार सवार पांच



पकड़े गए पांचों आरोपितों के साथ पुलिस टीम • सौ.पुलिस

लोगों ने ट्रक को रोक कर कब्जे में ले लिया। उन्होंने सहचालक मऊ के दोहरीघाट निवासी अनिल को कार में बिठा लिया। चालक मिर्जापुर निवासी सिंटू जायसवाल को भी किनारे कर दिया और उनका एक साथी ट्रक चलाकर ले जाने लगा। चालक ने इसकी सूचना बोल्डर पिचिंग का कार्य कराने वाले सलेमपुर थानाक्षेत्र के कोड़रा ठाकुर गांव निवासी दुर्गेश यादव को दी। दुर्गेश की सूचना पर एसपी संकल्प शर्मा ने पुलिस को ट्रक बरामद करने का निर्देश दिया। चालक का मोबाइल लोकेशन सिवान के मैरवा में मिलने पर वहां पहुंची भटनी पुलिस ने मंगलवार की देर रात ट्रक बरामद कर लिया। साथ ही पांचों आरोपितों बिहार के सिवान जनपद के पचरुखी थानाक्षेत्र के पड़ौली निवासी राकेश कुमार पुत्र राजकुमार सिंह, बड़हरिया थानाक्षेत्र के भामोपाली निवासी सोनू कुमार पुत्र धर्मेंद्र सिंह, विकास कुमार पुत्र धनंजय प्रसाद व सुशील कुमार पुत्र नगीना प्रसाद, भटनी (देवरिया) थानाक्षेत्र के बरसात गांव निवासी बबलू चौरसिया पुत्र सीताराम चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

अमर उजाला दि. 10/11/22

# ड्यूटी के प्रति सजग रहें आरक्षी : एसपी

देवरिया। देवरिया पुलिस लाइंस स्थित प्रेक्षागृह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2015 के बाद भर्ती उपनिरीक्षक, आरक्षी, महिला आरक्षियों की वीआईपी, वीवीआईपी एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों के अतिरिक्त पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि आरक्षी अपने ड्यूटी के प्रति सजग रहें। उन्होंने प्रारंभिक बिंदु बीट प्रणाली, सामान्य अनुशासन, ड्रेस मैनुअल, टर्न आउट, दंगा नियंत्रण योजना, वीआईपी, वीवीआईपी ड्यूटी व सुरक्षा, कानून व्यवस्था, पुलिस संगठन, पुलिस रजिस्टर का विवरण, मानवाधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी पर जोर दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी लाइंस विनय कुमार यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि. 10/11/22

# सात आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

## लंगड़ा चौराहे पर अंडा व्यापारी से हुई लूट का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। उदयपुरा गांव के बगीचे से सोमवार की रात अंडा व्यापारी से लूट के सात आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लूट के 1.30 लाख रुपये, बाइक और मोबाइल फोन मिले हैं। पुलिस उनके आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है।

सुल्तानपुर के थाना अखंड नगर के पधौन रामपुर गांव निवासी परमहंस सिंह अंडा व्यापारी हैं। वह बरियारपुर के घुंसवा चौराहे से अंडा खरीद सुल्तानपुर में सप्लाई करते हैं। सोमवार की रात उनके मोबाइल पर एक युवक ने अंडा व्यवसायी बनकर फोन किया और सस्ते रेट पर अंडे देने की बात कही।

परमहंस लंगड़ा चौराहे के समीप उदयपुरा बगीचे के पास पहुंचे तभी तीन बाइक पर छह युवकों ने असलहे के बल पर उनसे 1.37 लाख रुपये लूट लिया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।

बुधवार की भोर में पुलिस को लुटेरे के बारे में जानकारी मिली कि बिहार बॉर्डर पर लूट के रुपये आपस में बांट रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर लुटेरे भागने लगे।

घेरेबंदी कर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 1.30 लाख रुपये, सात मोबाइल, तीन बाइक और अन्य समान बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुशवाहा, शक्ति यादव निवासी डिहा खुर्द, रामपुर कारखाना, रुद्रेश मिश्र निवासी मुझहना घाट तरकुलवा, सन्नी यादव, सोनू कुमार निवासी नौतन, जाहिद अंसारी निवासी गुड्डीजोर, सतीश कुमार कुशहरी थाना बरियारपुर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

एसओ सुभाषचंद्र पाण्डेय ने कहा कि अंडा व्यापारी से लूट के सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पकड़े गए लुटेरों के आपराधिक रिकॉर्ड देखे जा रहे हैं।

अमर उजाला दि० 10/11/22

# मसाला फेंकने को लेकर मारपीट में सात लोगों पर केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सलेमपुर।** नगर के वार्ड नंबर नौ रेलवे स्टेशन में एक सप्ताह पूर्व दुकान में रखा मसाला फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार की देर रात कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नगर पंचायत के वार्ड संख्या नौ रेलवे स्टेशन रोड पर धीरज की मसाले की दुकान है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने कहा था कि पड़ोस में राजेश ठठेरा की गैस की दुकान है।

दो नवंबर को करीब 12 बजे दिन में राजेश ठठेरा का लड़का अंकेश ने मेरा मसाला फेंक दिया। यह देखकर मेरी भाभी शीला देवी ने मना किया तो अंकेश उनको गाली देने लगा।

इसके बाद लाठी-डंडे से लैस मनबढ़ों ने गोल बनाकर मेरी भाभी शीला देवी व परिवार सदस्यों को मारापीटा। इसमें मैं और मेरे परीवार के शनि, जगमोहन, शीला व मुन्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मंगलवार की देर रात अंकेश, ऋषभ, रमेश, रजत, लाला, बजरंगी, राजेश ठठेरा पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## मिर्जापुर ट्रांसपोर्ट के ट्रक को लेकर भागने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी



भटनी में गिरफ्तार आरोपी। संवाद

भटनी। धमकाकर जबरन ट्रक लेकर भाग रहे पांच युवकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक और कार को थाने लाकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रथम दृष्टया जांच में युवकों और ट्रक मालिक के बीच रुपये के लेन-देन का मामला बताया जा रहा है। कोर्ट में पेशकर पुलिस आरोपियों को जेल भेजने के बाद शिकायतकर्ता और ट्रक मालिक से मामले की जानकारी लेने में जुटी है।

मिर्जापुर ट्रांसपोर्ट से एक ट्रक बोल्डर लेकर मंगलवार को भटनी आया था। बोल्डर गिराने के बाद मां जलपा देवी धर्म कांटा पर तौल हो जाने पर ट्रक वापस जाने को निकला। अभी साहोपार तिराहा अंडरपास के पास पहुंचा था तभी कार सवार पांच लोग मौके पर पहुंचे और ट्रक को रोक लिए। ट्रक चालक से दुर्व्यवहार करने के साथ ही जबरन ट्रक लेकर भागने लगे। चालक ने इसकी जानकारी ठेकेदार दुर्गेश यादव को दी।

सलेमपुर कोतवाली के ठाकुर कोड़रा गांव निवासी शिकायतकर्ता ने मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। एसपी के निर्देश पर भटनी, खुखुंदू और लार पुलिस ने ट्रक को बिहार के मैरवा से बरामद कर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी बनकटा शिव गांव के पास पुरनाछापर बगीचे में मौजूद हैं। किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों आरोपियों को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राकेश कुमार निवासी पड़ौली थाना पचरुटवी सिवान, सोनू कुमार, विकास कुमार, सुशील कुमार निवासी भामोपुर थाना बड़हरिया, सिवान व बबलू चौरसिया निवासी बरसाथ भटनी के रूप में की गई।

एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जांच में ट्रक मालिक और आरोपियों के बीच रुपये का विवाद सामने आया है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# मजदूरों से भरे ट्रक को पकड़ पुलिस ने किया सीज

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार बिहार के नालंदा जनपद से लगभग साठ की संख्या में मजदूर ट्रक से संतकबीरनगर एक ईंट भट्ठे पर जा रहे थे कि सुकरौली के समीप पुलिस ने पकड़ लिया और देर शाम माल वाहक वाहन से सवारी ढोने के मामले पर ट्रक को सीज कर दिया।

बुधवार दोपहर 12 बजे बिहार प्रांत के नालंदा जनपद के गांव तीना से इटावा जनपद के जसवन्तनगर निवासी ट्रक ड्राइवर तारिक अली अपने ट्रक में लगभग साठ मजदूरों को लेकर संतकबीरनगर एक ईंट भट्ठे पर छोड़ने जा रहा था। हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली कस्बे से पहले पुलिस ने पीछा कर ट्रक को पकड़ कोतवाली लायी। इस संबंध में कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी मालवाहक वाहन से सवारी ढोने का प्राविधान नहीं है। इसलिए ट्रक को सीज कर दिया गया है। पैसे का आरोप निराधार है।

# अवैध असलहे के साथ दो गिरफ्तार

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को सेवरही थाने की पुलिस अमल यादव पुत्र रामनरायन यादव एवं अनिल गिरी पुत्र राजेन्द्र गिरी निवासी सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद किया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# चोरी का खुलासा, सामान के साथ तीन चोर गिरफ्तार

## कार्रवाई

**पडरौना, निज संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने नौरंगिया में पांच दिन पहले ताला तोड़कर दो सगे भाइयों के घर हुए लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए घटना में लिप्त तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने करीब एक लाख के गहने व 6550 रुपये नगदी बरामद किया।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि बीते पांच नवंबर को नौरंगिया निवासी सदाशिव मणि त्रिपाठी पुत्र स्व. विश्वनाथ मणि त्रिपाठी एवं उनके भाई विनय मणि त्रिपाठी ने नेबुआ नौरंगिया पुलिस को सूचना दी हम लोग किसी नीजी कार्य हेतु गोरखपुर चले गये थे। वहां से तीन दिन बाद आये तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर गया तो घर में रखा जेवर व अन्य सामान गायब थे।

चोर सदाशिव के घर से 6 बिछुआ, एक पायल, तीन सोने की अंगूठी, सीकड़, झुमकी लगा हुआ सोने का एक जोड़ी कान का झुमका, सोने का चार जोड़ा नाक खिल, दस हजार रूपये नगद चुरा ले गये थे। उनके छोटे भाई विनय के घर से दस हजार नगद और इलेक्टानिक बोलोवर गायब हुआ था। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे लिए पुलिस टीम गठित की गयी।

बुधवार को नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नौरंगिया तिराहा के पास से तीन संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में संदिग्धों ने चोरी की घटना में लिप्त होना स्वीकार किया। पकड़े गये चोरों की पहचान अमित उर्फ लक्कड़ पुत्र श्रीराम प्रताप सिंह, कृष्णा गोंड पुत्र गामा गोंड निवासी नौरंगिया विधायक टोला एवं सफी मोहम्मद उर्फ बबलू पुत्र आरिफ अली निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई।

# पुलिस गश्त की चेकिंग करेंगे सीओ

- लूट व चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस ने बढ़ायी सक्रियता
- रात में 11 बजे से भोर में 4 बजे तक गश्त की होगी चेकिंग

**पडरौना, निज संवाददाता।** लूट एवं चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस ने रात्रि गश्त की सक्रियता बढा दी है। प्रत्येक सर्किल के सीओ हर रात क्षेत्र के तीन थानों की पुलिस गश्त की चेकिंग करेंगे। चेकिंग का समय रात में 11 बजे से 4 बजे भोर तक निर्धारित किया गया है। इसमें मुकामी थानों की पुलिस गश्त के अलावा पीआरवी के लोकेशन की भी जांच होगी। निर्धारित समय तक रात्रि गश्त व चेकिंग की मानीटरिंग एसपी खुद करेंगे।

जिले में जाड़े का मौसम शुरू होते ही चोरों का गिरोह भी सक्रिय हो जाता है। घने कोहरे के दौरान चोरी की घटनाएं और भी बढ जाती हैं। अभी जाड़े ने ठीक से दस्तक भी ठीक से नहीं दी तब तक चोरों ने तमकुहीराज में हाईवे के किनारे स्थित एसबीआई के एटीएम का 21.54 लाख रुपयों से भरा कैश बॉक्स गैस कटर से काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए अपनी दस्तक का अहसाह करा दिया। पुलिस के लिए चोरी की इस घटना का खुलासा करना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में एसपी धवल जायसवाल ने रात्रि गश्त को लेकर पुलिस की सक्रियता बढा दी है। गश्त में पुलिस कर्मियों की लापरवाही को रोकने के लिए निर्धारित किया है कि प्रतिदिन रात में 11 बजे से भोर में 4 बजे तक गश्त की चेकिंग की जाएगी। प्रत्येक सर्किल के सीओ हर रात निर्धारित समय के बीच तीन थानों की पुलिस गश्त की चेकिंग करेंगे। चेकिंग में देखा जाएगा की जिस जगह गश्त के लिए पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है वह वहां तैनात है कि नहीं। इसी तरह पीआरवी पुलिस के लोकेशन की भी जांच की जाएगी। इसकी मानीटरिंग एसपी खुद करेंगे।

> अपराध पर अंकुश लगाये जाने के लिए रात्रिकालीन गश्त में सख्ती बरती जा रही है। सर्किल के सीओ हर रात 11 बजे से भोर में 4 बजे तक तीन थानों की पुलिस व पीआरवी की गश्त की जांच करेंगे। गश्त में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। **-धवल जायसवाल,** एसपी

## धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर ऑनलाइन ट्रांसफर करता था पैसा

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दिल्ली का शातिर साइबर ठग

**शिकंजा**

**पडरौना, निज संवाददाता।** एटीएम से पैसा निकालने आये ग्राहकों को बातों में उलझाकर मदद करने के बहाने पासवर्ड देखकर धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर मौके पर ही पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर करने वाले अन्तरराज्यीय गैंग के शातिर साइबर ठग को कुशीनगर जिले की साइबर सेल एवं कसया थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया साइबर ठग जी ब्लाक फ्रेन्सी क्लब सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी पुरानी दिल्ली का रहने वाला है।

बुधवार को एसपी धवल जायसवाल पकड़े गये साइबर ठग को मीडिया के सामने पेश करते हुए बताया कि एएसपी रितेश कुमार सिंह की देखरेख व सीओ कसया पीयूषकांत राय के नेतृत्व में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में साइबर सेल एवं कसया थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे कसया थाना क्षेत्र विशुनपुरा कट एनएच 28 के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान जॉनी शासी पुत्र महावीर शासी निवासी मकान नं.-5/52 जी ब्लाक फ्रेन्सी क्लब सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी पुरानी दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि हम लोग चार पहिया वाहन से दिल्ली से मुजफ्फरनगर, हापुड़, लखनऊ व गोरखपुर होते हुए एक साथ निकलते हैं। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ जिस पर भीड़भाड़ हो, वहां पर जाकर लाइन में खड़े हो जाते हैं। वहां पहले से लाइन में खड़े व्यक्ति को बातों में उलझा कर उनके एटीएम का पासवर्ड देख लेते हैं और मदद करने के बहाने से धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर उनको दूसरा एटीएम कार्ड दे देते हैं। फिर तुरंत ही गाड़ी में रखे पीओएस मशीन के माध्यम से उस एटीएम का पूरा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं।



बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश करते एसपी धवल जायसवाल। ● हिन्दुस्तान

### कब्जे से यह हुआ बरामद

पुलिस ने साइबर ठग के कब्जे से स्कैचर मशीन (एटीएम से संबंधित), पेटीएम का पीओएस मशीन, अलग-अलग बैंकों के 21 एटीएम कार्ड, 13 सिम, 5 मोबाइल, लग्जरी कार, फर्जी नंबर प्लेट, 22 हजार नगद एवं पीओएस मशीन में फ्रीज कराये हुए 1,51,375 रुपये बरामद हुए।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में साइबर सेल के प्रभारी मनोज कुमार पंत, कसया थाने के वरिष्ठ निरीक्षक हरेराम सिंह यादव, एसआई आदित्य साहू, कां. संजय यादव, संजय गुप्ता, कृष्ण पाण्डेय, साइबर सेल के कां. विजय, चन्द्रभान वर्मा, अनिल,प्रशांत मिश्रा व महिला कां. नेहा शामिल रहे।

# हत्या के दोषी को पांच साल की कैद

**पडरौना, निज संवाददाता।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर तीन विजय कुमार हिमांशु ने कसया थाना क्षेत्र के मैनपुर के टोला तेजवलिया में 15 साल पूर्व आम बीनने को लेकर हुई एक व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी पाए अभियुक्त को पांच साल की कैद व पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न जमा करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय कुमार हिमांशु ने सुनाई सजा
- आम बीनने को लेकर 15 साल पूर्व हुई थी गैर इरादतन हत्या

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उपेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि वादी मुकदमा अनिल पुत्र शिवरतन निवासी मैनपुर टोला तेजवलिया थाना कसया ने 23 मई 2007 को कसया थाने में तहरीर सौंप बताया था कि 23 मई को दिन के दो बजे मेरी बहन बागीचे में आम के पेड़ के नीचे आम बीनने गई थी। पट्टीदार भृगुराशन पुत्र मक्खन ने उसे गाली देते हुये आम बीनने से मना कर दिया। वह रोते हुये घर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी पिता को दी। पिता शिवरतन उनके घर पूछताछ करने के लिए गये तो भृगुराशन और उनके बेटे मनोज व सुनील तथा उसकी पत्नी सोनी ने लाठी डंडा व फरसा से उन्हें बुरी तरह से मारा पीटा। शोर सुन कर चाचा मौके पर पहुंचे तो उक्त लोग उनको भी मारे पीटे।

उक्त लोगों की पिटाई से पिता भृगुराशन को ज्यादे चोट आई। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर सबको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना के बाद दोषी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। सभी आरोपी जमानत पर बाहर थे। इस मामले में कुल 9 गवाह कोर्ट में पेश हुये। विद्वान न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के बाद गुण दोष के आधार पर भृगुराशन को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुये पांच साल की कैद और पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## अवैध असलहे के साथ दो गिरफ्तार

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को सेवरही थाने की पुलिस अमल यादव पुत्र रामनरायन यादव एवं अनिल गिरी पुत्र राजेन्द्र गिरी निवासी सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद किया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसडिला खुर्द गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहू सहित सात लोगों पर गोलबंद होकर मारपीट करने, घर से बाहर कर देने व दस हजार रुपये लेने का आरोप लगाते हुए थाने में न्यायिक मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया था। मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बसडिला खुर्द निवासी फारूक अंसारी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया कुशीनगर में वाद दाखिल कर बताया था कि वह काफी बुजुर्ग हैं। इनका पुत्र असरफ अली बाहर रहता है। उसकी पत्नी हाजिरा बेगम अचल संपत्ति अपने नाम करवाने की जिद करती है। इसको लेकर वह आए दिन मारपीट करती रहती है। एक साल पहले दो सितंबर को बहू हाजिरा बेगम ने अपने मायके के लोगों की मदद से सास के साथ मारपीट करके गहने छीन लिए थे। शिकायत करने पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। इस मामले में कोर्ट ने छह नामजद सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर छह नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट करने,धमकी,चोरी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## प्रधान के पुत्र व पति समेत पांच लोगों पर केस

**सुकरौली।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के महादनपुर सिहुलिया गांव में प्रधान के पुत्र और पति समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। एक महिला ने इनपर मारपीट करने और गहने छीनने का आरोप भी लगाया है। महादनपुर सिहुलिया गांव की रहने वाली रुमाली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण को लेकर हुए विवाद में महिला ग्राम प्रधान के पति और पुत्र समेत पांच लोगों ने मार-पीटकर पहने हुए गहने छीन लिए। महिला ने ग्राम प्रधान के पति और पुत्र समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है। संवाद

# डॉक्टर ने पुलिस के सामने ब्लॉक प्रमुख के पति पर चलाई गोली

- चौकी प्रभारी की फुर्ती से बाल-बाल बचे प्रमुख पति
- कुशीनगर का है मामला आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**कसया (कुशीनगर), हिसं।** कसया में सपहां रोड स्थित पुराना सिनेमा हाल वाली गली में बुधवार को मार्ग निर्माण को लेकर विवाद के दौरान पुलिस की मौजूदगी में एक डॉक्टर ने हाटा ब्लाक प्रमुख के पति पर गोली चला दी। वह बाल-बाल बचे। चौकी प्रभारी संजय सिंह ने आरोपी चिकित्सक को दबोच कर पिस्टल कब्जे में ले लिया। ब्लाक प्रमुख पति की तहरीर पर पुलिस ने चिकित्सक पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुराना सिनेमा हाल वाली गली में ब्लाक प्रमुख पति सुधीर राव व नेत्र चिकित्सक डॉ. संजीव सिंह का मकान है। डॉ. संजीव मूलतः देवरिया के रामगुलाम टोला के रहने वाले हैं। गली में सड़क निर्माण चल रहा है। सुबह काम शुरू हुआ तो चिकित्सक ने अपनी घर के सामने तीन फुट जगह छोड़ कर निर्माण की बात ठेकेदार से कही। वहां मौजूद सुधीर राव ने इस पर आपत्ति जताई। इसे लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी जो कुछ ही देर में झड़प में बदल गयी। इसी बीच नगर चौकी प्रभारी संजय सिंह पहुंच गए। आरोप है कि झड़प के बीच चिकित्सक ने लाइसेंसी पिस्टल निकाल कर सुधीर पर गोली चला दी। चौकी प्रभारी ने पलक झपकते ही चिकित्सक के हाथ पर झपट्टा मार दिया, जिससे गोली सुधीर को न लगकर जमीन पर जा लगी। चौकी प्रभारी ने बड़ी मशक्कत कर चिकित्सक को काबू में किया और पिस्टल छीन ली। पुलिस चिकित्सक को लेकर थाने की ओर बढ़ी तो मार्ग में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लाठी भांज भीड़ को खदेड़ा। पूरा घटनाक्रम मौके पर एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। बाद में सुधीर ने थाने पहुंचकर डॉक्टर के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# 50 पुड़िया स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नगर के सुभाष चौक के समीप बाइक सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 50 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने सुभाष चौक के पास से बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका उसकी तलाशी ली।

## तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, सेवरही :** क्षेत्र के बनरहा रेगुलेटर के पास सेवरही पुलिस ने बुधवार को बाइक सवार दो युवकों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओ संजय कुमार गश्त पर थे। बनरहा रेगुलेटर के पास बाइक सवार दो युवक पुलिस देख बिहार की तरफ तेज गति से भागे।

# 50 पुड़िया स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना :** कोतवाली पुलिस ने नगर के सुभाष चौक से बुधवार को बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 50 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाल राजप्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ दोपहर एक बजे नगर भ्रमण पर थे। सुभाष चौक के पास पुलिस का वाहन देख बाइक सवार एक युवक तेज रफ्तार से बावली चौक की तरफ भागा। पीछा कर पुलिसकर्मियों ने उसे कुछ ही दूरी पर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान बाइक की डिक्की में झोले में रखी 50 पुड़िया स्मैक मिली। स्मैक की मात्रा 24.7 ग्राम पाई गई। पूछताछ में उसकी पहचान अजीत निवासी सेवक छपरा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। (जासं)

# कामगारों से भरे ट्रक को पुलिस ने किया सीज

**जासं, हाटा :** बिहार के नालंदा जनपद से 50-60 कामगारों को ट्रक से संतकबीरनगर के ईंट भट्ठा पर ले जाया जा रहा था। सुकरौली कस्बा के समीप बुधवार की शाम पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया और मालवाहक वाहन से सवारी ढोने के आरोप में उसे सीज कर दिया। पड़ोसी प्रांत बिहार के नालंदा जनपद के तीना गांव से इटावा के जसवंतनगर निवासी चालक तारिक अली ट्रक से मजदूरों को संतकबीरनगर पहुंचाने जा रहा था।

# लंबित विवेचनाओं का शीघ्र करें निस्तारण : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें। विवेचना में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

वे अपने कार्यालय में बुधवार को अर्दली रूम के दौरान कोतवाली पडरौना, जटहाबाजार, कुबेरस्थान, कप्तानगंज, नेबुआ-नौरंगिया के विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने पांचों थानों में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की।

कहे कि तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं। विवेचना में देरी होने का लाभ अपराधियों को मिलता है। साथ ही नागरिकों में पुलिस की छवि प्रभावित होती है। कहे कि विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। ध्यान रहे कि विवेचना पूरी तरह गुण-दोष पर आधारित हो।

एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

चेताया कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले किसी भी दशा में बच नहीं पाएंगे और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह सहित संबंधित थानों के विवेचक मौजूद रहे।

# डरे नहीं छात्राएं, साथ खड़ी है पुलिस : एएसपी

**जासं, कप्तानगंज :** छात्राएं अपने को कमजोर न समझें, शारीरिक और मानसिक मजबूती के साथ हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें। किसी भी तरह की घटना, दुर्घटना या छींटाकशी हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपके साथ खड़ी है, तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यह बातें अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने कही। वह पुलिस विभाग की ओर से कप्तानगंज कस्बा के पीजी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में बुधवार को आयोजित पाठशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियों के आगे बढ़ने में अराजकतत्व बाधक बनेंगे तो पुलिस उनसे सख्ती से निपटेगी। एएसपी ने शासन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसी वारदात होने पर डायल 112 और महिला सुरक्षा के लिए 1090, 181, 1076 समेत विभिन्न हेल्पलाइन पर सूचना दें। पुलिस तुरंत आपकी मदद करेगी। एएसपी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पाठशाला का शुभारंभ किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य संगीता सिंह ने की व संचालन उप प्रधानाचार्य डा. सुनील कुमार पांडेय ने किया। प्रबंधक एसपी सिंह, अनूप कुमार पांडेय, कांस्टेबल विश्वजीत राय, अजय तिवारी, राजदीप ओझा, मयंक कुमार, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।



कप्तानगंज स्थित पीजी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते एएसपी रितेश कुमार सिंह ● जागरण

# अंतरराज्यीय साइबर गैंग का पर्दाफाश

## एटीएम कार्ड बदलकर भोले-भाले लोगों को बनाता था शिकार, 21 एटीएम बरामद

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** साइबर सेल व कसया पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को अंतरराज्यीय साइबर गैंग का पर्दाफाश कर एक जालसाज को गिरफ्तार किया। उसके पास से 21 एटीएम, 13 सिमकार्ड तथा एक पीओएस मशीन आदि बरामद हुआ। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि संयुक्त टीम कसया नगर में सुबह 11 बजे गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि साइबर ठग गिरोह के सदस्य नगर की तरफ आ रहे हैं। टीम ओवरब्रिज के समीप वाहनों की चेकिंग में जुट गई। इस बीच गोरखपुर की तरफ से आए कार को रोका। तलाशी के दौरान कार में एक स्कैचर मशीन, पेटीएम का एक पीओएस मशीन, विभिन्न बैंकों के 21 एटीएम कार्ड, 13 फर्जी सिम, पांच मोबाइल, दो वाहन नंबर प्लेट, 22 हजार नकद मिला। कार चालक की पहचान जानी सास निवासी मकान नंबर 5-52 जी ब्लाक फ्रेंसी क्लब सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी पुरानी दिल्ली के रूप में हुई। उसने स्वीकारा कि उसके गिरोह में 10 से 15 सदस्य शामिल हैं, जो भोले भाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए जालसाज द्वारा बीते दिनों गोरखपुर में धोखाधड़ी किए गए एक लाख 51 हजार 375 रुपये फ्रीज कराए गए।



साइबर गिरोह के सदस्य के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल● जागरण

### अपराध करने का इनका तरीका

एसपी ने बताया कि यह गिरोह चार पहिया वाहन से दिल्ली से मुजफ्फरनगर, हापुड़, लखनऊ, गोरखपुर होते हुए एक साथ निकलते हैं। रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ, जहां भीड़भाड़ हो वहां पर लाइन में लगकर लोगों को बातों में उलझाकर उनके एटीएम का पासवर्ड देख लेते हैं और मदद के बहाने धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर उनको दूसरा एटीएम कार्ड दे देते हैं। फिर तत्काल ही गाड़ी में रख पीओएस मशीन के माध्यम से उस एटीएम का पूरा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर देते हैं। जिस एटीएम में भीड़ कम होती है वहां पर ये लोग एटीएम मशीन में जहां, कार्ड लगता है वहां पर पीतल से बना एक एटीएम स्ट्रेचर लगा देते हैं जब कोई व्यक्ति एटीएम से पैसा निकालने आता है तो एटीएम से पैसा निकलने के पूरे प्रोसेस के बाद एटीएम स्क्रैचर लगा होने के कारण वह पैसा उसी स्क्रैचर में फंस जाता है, जिसको हम लोग बाद में जाकर स्क्रैचर को बाहर निकाल कर के पैसा ले लेते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी साइबर सेल मनोज कुमार पंत, दारोगा हरेराम सिंह, आदित्य साहू आदि शामिल रहे।

### तीन शातिर गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि नेबुआ-नौरंगिया पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दाफाश कर तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। तीनों की पहचान अमित उर्फ लक्कड़ सिंह व कृष्णा गौड़ निवासी नौरंगिया विधायक टोला तथा सफी मोहम्मद उर्फ बबलू निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। तीनों के पास से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण तथा 6550 रुपये नकद मिले। बताया कि बीते पांच नवंबर 2022 को नौरंगिया निवासी सदाशिव मणि त्रिपाठी के घर चोरी की घटना हुई थी। चोरी की इस घटना के पर्दाफाश में एसएचओ अतुल श्रीवास्तव, दारोगा इंद्रभान आदि शामिल रहे।

# फल व्यवसायी की तहरीर पर दो के विरुद्ध मुकदमा

- युघली में पुलिसकर्मियों के अनाधिकृत प्रवेश के मामले में हुई कार्रवाई
- पुलिसकर्मियों से सुलह के बाद लेनदारों पर दर्ज कराया गया मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** घुघली बुजुर्ग गांव में फल व्यवसायी एकबाल के घर में खड्डा थाने के दारोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के साथ लेनदारों के घुसने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मामले में पुलिस को किनारे करते हुए फल व्यवसायी ने खड्डा निवासी जावेद और सिकंदर अली के विरुद्ध अनाधिकृत प्रवेश और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि वायरल वीडियो में यह दोनों आरोपित गाड़ी में जबकि पुलिसकर्मी घर के अंदर दिखाई दे रहे हैं।

मंगलवार को सुबह खड्डा थाने के दारोगा प्रमोद कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, सिपाही राहुल और बृजेश खड्डा के दो व्यापारियों के साथ घुघली बुजुर्ग गांव में पहुंचे थे। आरोप है कि बिना मुकदमें के ही पुलिस एकबाल के घर में घुस गई थी। बाद में हंगामा होने के पर घुघली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा तो उसी दिन देर शाम कुशीनगर के एसपी धवल जायसवाल ने मामले में संलिप्त चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इधर घुघली में फल व्यवसायी को साथ में लेकर देर शाम तक सुलह-समझौता हुआ। फल व्यवसायी ने पुलिस को छोड़कर सिर्फ खड्डा के व्यापारियों के विरुद्ध घुघली थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर घुघली पुलिस ने खड्डा बाजार कुशीनगर निवासी जावेद और सिकंदर अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि भले ही वादी ने सिर्फ दो लोगों के नाम पर तहरीर दी है लेकिन पुलिस की जांच में सभी तथ्यों को सम्मिलित करते हुए विवेचना की जाएगी।

# एक मामले में दर्ज होगी अब एक ही एफआइआर

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** एक ही घटना या एक ही संव्यवहार (एक क्रम में हुई अलग-अलग तथा एक दूसरे से जुड़ी घटनाएं) में हुई घटनाओं में अब एक से अधिक एफआइआर दर्ज नहीं किए जाएंगे। प्रायः ऐसे मामलों में एक से अधिक एफआइआर पंजीकृत किए जाने तथा इन मुकदमों की विवेचना कर अलग-अलग आरोप-पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने को देखते हुए यह

**प्राय : एक ही घटना में दर्ज किए जा रहे अलग-अलग एफआइआर-अब मूल एफआइआर में ही शामिल होंगी एक क्रम में हुई व आपस में जुड़ी अलग-अलग घटनाएं**

कदम उठाया गया है। ऐसा होने से पुलिस का समय व संसाधन दोनों की बचत होगी।

पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों को इस आशय का पत्र जारी कर कहा है कि एक ही घटना या एक ही क्रम में हुई अलग-अलग तथा एक दूसरे से जुड़ी घटनाओं में एक ही एफआइआर दर्ज की जाए। अक्सर ऐसे मामलों में एक से अधिक एफआइआर दर्ज किए जा रहे, जिसका कोई औचित्य नहीं है। कारण कि विवेचना के दौरान विवेचक को यह अधिकार है कि संकलित साक्ष्यों के आधार पर अगर मूल घटना के अलावा किसी अन्य अपराध का होना पाया जाए तो वह दर्ज मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी कर सकता है।

> डीजी कार्यालय से मिले पत्र के क्रम में थानेदारों को एक ही घटना या एक ही संव्यवहार में हुई एक से अधिक घटनाओं के मामले में एक ही एफआइआर दर्ज किए जाने के निर्देश दे इसके कड़ाई से अनुपालन को कहा गया है। इससे समय व संसाधनों की बचत होगी, जिसका लाभ नागरिकों को मिलेगा।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

---

**सख्ती** — मारपीट में लूट की सूचना देकर पुलिस को कर रहे परेशान

# फर्जी सूचना देने वालों पर पुलिस का शिकंजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** पुलिस को झूठी सूचना देकर परेशान करने वालों पर शिकंजा कसने लगा है। लूट, मारपीट सहित अन्य मामलों में फर्जी सूचना देकर परेशान करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस उन्हें जेल भेज रही है। ऐसे में कोई भी मनगढ़ंत कहानी सूचनादाता पर भारी पड़ सकती है।

हाल के दिनों में सामने आए दो मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि किसी भी अपराध की सूचना पर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है, लेकिन कुछ लोग मामूली विवादों में लूट जैसी गंभीर सूचना दे रहे हैं। इसलिए पुलिस को कोई झूठी सूचना न दें।

जिले के भीतर मारपीट, रुपये हड़पने सहित अन्य मामलों में पुलिस को झूठी सूचना देने के प्रकरण सामने आए हैं।

ऐसी शिकायतों की जांच में पीड़ित पक्ष के आरोपों को पुलिस ने सही नहीं पाया है। इसलिए ऐसे मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाटा कोतवाली क्षेत्र में मारपीट के बाद दुकानदार ने साढ़े तीन लाख रुपये लूट की सूचना पुलिस को दे दी थी। मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने दुकानदार सहित मारपीट में शामिल रहे अन्य लोगों का शांतिभंग में चालान किया। इसके पूर्व भी लूट के प्रकरण में पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

## मारपीट में दुकानदार ने पुलिस को लूट की सूचना दी

**केस 1**

07 नवंबर 2022 की रात हाटा कोतवाली क्षेत्र के भीष्वा निवासी हार्डवेयर दुकानदार सोनू जायसवाल ने पुलिस को सूचना दी। बताया कि दुकान में घुसकर बदमाश साढ़े तीन लाख रुपये नकदी लूट ले गए हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने जब जांच की तो पता लगा कि दुकानदार के ड्राइवर ने कुछ लोगों संग मारपीट की थी। इस प्रकरण में पुलिस ने दुकानदार सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई की।

## रुपये हड़पने के लिए दी लूट की सूचना

**केस 2**

26 नवंबर 2022: देवरिया जनपद के रहने वाले संजीव सिंह एक ट्रैक्टर फाइनेंस कंपनी में कर्मचारी हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि वह डेढ़ लाख रुपये लेकर गोरखपुर की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके पास मौजूद नकदी लूट ली। सूचना पर पुलिस ने जब जांच की तो रुपये उनके घर में मिले। तब संजीव ने कहा कि वह रुपये रखकर भूल गए थे। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की।

> *मारपीट सहित अन्य घटनाओं में लोग पुलिस को झूठी सूचना देते हैं। इससे पुलिस को परेशान होना पड़ता है। लोगों से अपील की जा रही है कि पुलिस को झूठी सूचना देकर परेशान न करें। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।*
>
> **- धवल जायसवाल, एसपी**

# चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## पांच नवंबर की रात नकदी समेत करीब पांच लाख की हुई थी चोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र कस्बा के तिराहा के समीप पांच नवंबर की रात्रि एक घर से 20 हजार नकदी सहित पांच लाख का सामान चोर उठा ले गए थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी थी। बुधवार को चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने घटना का पर्दाफाश किया।

पुलिस ऑफिस में एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि नेबुआ नौरंगिया थाने पर एक पीड़ित ने चोरी की तहरीर दी थी। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अमित उर्फ लक्कड़ निवासी नौरंगिया विधायक टोला, कृष्णा गौड़ निवासी साकिन नौरंगिया विधायक टोला थाना नेबुआ नौरंगिया, सफी मोहम्मद उर्फ बबलू निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई है। इनके पास से एक जोड़ी पायल सफेद धातु, अंगूठी पीली धातु, दो कील पीली धातु, पांच जोड़ी बिछिया सफेद धातु, एक अंगूठी सफेद धातु, दो मोबाइल फोन व नकद 6550 रुपये की बरामदगी की गई।

### नकदी और जेवरात ले गए थे चोर

**एसपी** ने बताया कि सदाशिव मणि त्रिपाठी व विनयमणि त्रिपाठी निवासी नेबुआ नौरंगिया कस्बा निवासी ने संयुक्त रूप से पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि वह लोग पांच नवंबर को किसी निजी कार्य के लिए गोरखपुर चले गए थे। तीन दिन पूर्व आए तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर गए तो घर में रखे जेवरात गायब थे। इसमें सदाशिव के छह बिछुआ, एक पायल, तीन सोने की अंगूठी, सीकड़, झुमका सहित अन्य सामान सहित 20 हजार नकद चोरी हो गया है। नेबुआ नौरंगिया के एसएचओ ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी के सामान के साथ तीन चोरों को पकड़ लिया।

# मजदूरों को लेकर जा रहे ट्रक को किया सीज

**हाटा।** बिहार के नालंदा से मजदूरों को लेकर संतकबीरनगर जा रहे एक ट्रक को हाटा कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सीज कर दिया। इस ट्रक में सवार मजदूरों जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि पुलिस मालवाहक वाहन में यात्रियों को बैठाने का जुर्म बताते हुए ट्रक को छोड़ने से इन्कार कर दिया।

बुधवार हाटा कोतवाली के सुकरौली पुलिस चौकी के पास पुलिस ने एक ट्रक को दौड़ाकर पकड़ लिया। ट्रक की जांच की तो उसमें 50 से अधिक संख्या में मजदूर बैठे हुए थे, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। इन सभी मजदूरों को बिहार के नालंदा से संतकबीरनगर जिले के एक ईंट भट्ठे पर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मालवाहक वाहन में यात्री नहीं ढोने के नियम का उल्लंघन मानते हुए ट्रक को थाने पर खड़ा करा लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि किसी भी मालवाहक वाहन से सवारी ढोने पर सख्त रोक है। इसलिए ट्रक को सीज कर दिया गया है। मजदूरों को छोड़ दिया गया है। संवाद

# सुरक्षा के लिए मिलाएं पुलिस के नंबर, तत्काल मिलेगी मदद

## पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कप्तानगंज के सभागार में आयोजित पुलिस की पाठशाला में अपर पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



पुलिस की पाठशाला में शामिल पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं। संवाद



छात्राओं को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह। संवाद

**कप्तानगंज।** अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से बुधवार को पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कप्तानगंज के सभागार में पुलिस की पाठशाला आयोजित हुई। इसमें छात्राओं को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर करने से परहेज करने की सीख दी गई।

मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने कहा कि व्हाट्सएप और फेसबुक पर व्यक्तिगत जानकारी और अनावश्यक संदेश शेयर करने से छात्राओं को बचना चाहिए। किसी भी तरह से खुद को असुरक्षित महसूस करने पर तत्काल 1076, 1090, 112 समेत पुलिस के अन्य हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर पुलिस की मदद ली जा सकती है। इसके अलावा सभी थानों पर महिला हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। यहां महिला पुलिसकर्मी की तैनाती रहती है। इनसे मिलकर अपनी शिकायतों का निस्तारण कराया जा सकता है।

AMAR UJALA FOUNDATION

उन्होंने बताया कि महिला शिकायतकर्ता का नाम और मोबाइल नंबर पुलिस की तरफ से गोपनीय रखा जाता है।

### सलाह- सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर करने से बचें

पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्राओं को जागरूक करने के लिए अमर उजाला की तरफ से आयोजित इस तरह का कार्यक्रम सराहनीय है। इससे छात्राओं को आत्मबल बढ़ेगा। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि छात्राओं के साथ बड़े मंच के साझा होने पर छात्राओं और शिक्षकों के बीच की दूरी कम होती है।

सायना फहमीदा ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं। कक्षा 12 की छात्रा सिद्धि तुलस्यान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है।

कक्षा 12 की छात्रा अंशिका तिवारी ने कहा कि अनजाने में हुई गलतियों को सुधारने की सीख मिलती है।

कार्यक्रम के इस दौरान कप्तानगंज एसएचओ अनिल उपाध्याय, स्कूल के उप प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार पांडेय, कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर यादव, महिला सुरक्षा विशेष दल के प्रभारी अतुल कुमार, अनूप पांडेय, रत्नेश, अवनीश श्रीवास्तव, अजय तिवारी, विश्वजीत राय और करीब 250 छात्राएं मौजूद रहीं।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

## कार्ड बदलकर पीओएस मशीन के माध्यम से करता था रुपये ट्रांसफर

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** एटीएम से रुपये निकालने आए ग्राहकों को बातों में उलझाकर मदद करने के बहाने ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 22 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि युवक की तलाश में साइबर सेल की टीम लगी थी।

एटीएम बूथ में रुपये निकालने गए लोगों को बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने की शिकायत एसपी को मिल रही थी। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी का निर्देश एसपी ने साइबर सेल के प्रभारी मनोज पंत को दिया। टीम बनाकर पुलिस ने जब छानबीन की तो पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान पुरानी दिल्ली के सुल्तानपुरी के फ्रेंसी क्लब, मकान नंबर पांच निवासी जॉनी शासी के रूप में हुई। उसके पास से स्क्रेचर मशीन (एटीएम मशीन से संबंधित), एक पीओएस मशीन, अलग-अलग बैकों के 21 एटीएम कार्ड, 13 फर्जी सिम व अपराध में प्रयुक्त, पांच मोबाइल फोन, दो जोड़ी कूटरचित नंबर प्लेट, अपराध में प्रयुक्त एक कार सहित 22 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

### दिल्ली से गोरखपुर तक खोजते थे शिकार

**पडरौना।** एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया वह अपने साथियों संग चार पहिया वाहन से दिल्ली से मुजफ्फरनगर, हापुड़, लखनऊ और गोरखपुर होते हुए एक साथ निकलता था। रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ जिस पर भीड़भाड़ हो, वहां पर जाकर सभी लाइन में खड़े हो जाते थे। वहां पहले से लाइन में खड़े व्यक्ति को बातों में उलझाकर उनके एटीएम का पासवर्ड देख लेते थे।

इसके बाद मदद करने के बहाने से धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर उनको दूसरा एटीएम कार्ड दे देते थे। तुरंत ही गाड़ी में रखी पीओएस मशीन के माध्यम से उस एटीएम का पूरा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेते थे। पूछताछ में यह भी बताया कि रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ जिस पर भीड़भाड़ कम होती है। वहां पर वह लोग एटीएम में जहां से पैसा निकलता है, वहां पर पीतल से बना एक एटीएम स्क्रेचर लगा देते हैं, जब कोई व्यक्ति एटीएम से पैसा निकालने आता है। तो एटीएम से पैसा निकलने की पूरी प्रोसेस के बाद एटीएम स्क्रेचर होने के कारण वह पैसा उसी में फंस जाता है, जिसको वह लोग बाद में जाकर निकाल लेते थे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-11-2022

# साइबर सेल ने फ्रॉड के 5.27 लाख रुपये वापस कराए

## सफलता

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस कार्यालय के साइबर सेल ने दस पीड़ितों का कुल 5 लाख 27 हजार 975 रुपया साइबर धोखेबाजों से वापस कराया। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद्र राय ने बताया कि टीम उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्परता से कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए दस व्यक्तियों का रुपया वापस कराया गया है। साइबर फ्राड से बचने के लिए सभी लोगों को चाहिए कि वह किसी भी अनजान व्यक्तियो से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि न साझा करें। खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में 1930 पर कॉल करें। फौरन कार्रवाई होगी।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक साइबर सेल के निरीक्षक गिरीश चंद्र राय के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल प्रफुल्ल यादव, कांस्टेबल विश्वजीत पाण्डेय, सत्येन्द्र मल्ल, लाल बहादुर यादव, महिला कांस्टेबल गुंजन यादव की टीम ने पनियरा निवासी विवेक कुमार मद्धेशिया का 32 हजार, सिन्दुरिया के मेडिकल स्टोर संचालक राम प्रताप गुप्ता का डेढ़ लाख, कोल्हुई निवासी भानू प्रताप सिंह का साठ हजार, बहुआर निवासी अखिलेश का 14 हजार 500, भैया फरेंदा निवासी राज नरायन पटेल का 91 हजार 999 रुपया, पुरन्दरपुर निवासी सोनू श्रीवास्तव का पांच हजार, खुटहा बाजार निवासी कन्हैया वर्मा का 54 हजार 496 रुपया, बृजमनगंज बाजार निवासी किशन कुमार गुप्ता का 50 हजार रुपया, फरेंदा निवासी पिंकी जायसवाल का 97 हजार रुपया व निचलौल निवासी अनिल कुमार का 69 हजार 800 रुपया वापस कराया। साइबर सेल के निरीक्षक गिरीश चंद्र राय ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने शिकायतकर्ता से घटना की जानकारी लेकर शीघ्र संबंधित पेमेन्ट गेटवे/मर्चेन्ट से सम्पर्क करके फ्रॉड की गयी धनराशि को रूकवाया। शिकायतकर्ताओं की फ्रॉड की गई धनराशि 5 लाख 27 हजार 795रुपये उनके खाते में वापस करा दी। फ्रॉड की गई धनराशि खाते में वापस आने पर पीड़ितों ने साइबर सेल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किशोर का दूसरे दिन मिला शव

पनियरा। भौराबारी स्थित रोहिन नदी में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर नहाने गये किशोर कृष्णानंद का शव डूबने वाली जगह से कुछ दूरी पर बुधवार की सुबह मिला। मंगलवार को दो किशोर नदी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने गये थे। नहाते समय दोनों डूबने लगे थे। एक को तो लोगों ने बचा लिया था, जबकि दूसरा किशोर लापता हो गया था।

# गुमशुदगी के मामले में पूछताछ

परतावल। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती व उसी गांव के निवासी एक युवक ने चार दिन पहले घर से भागकर कोर्ट में जाकर शादी रचा ली है। घर से फरार युवती के परिजनों ने श्यामदेउरवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने प्रेमी युवक को हिरासत में ले लिया। युवक के परिजनों का आरोप है कि दोनों बालिग हैं। रजामंदी से कोर्ट मैरिज किए हैं। एसओ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि गुमशुदगी के मामले में युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# तस्करी के सामान के साथ दो को किया गिरफ्तार

- अवैध ढंग से धान-गेहूं नेपाल ले जा रहे थे
- एसएसबी टीम ने स्क्रैप गेंहू, धान व कपड़ा पकड़ा

ठूठीबारी, हिसं। एसएसबी टीम ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से स्क्रैप, गेंहू, धान व कपड़ा बरामद किया है। बरामद सामान सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कस्टम सौंप दिया।

भारत नेपाल सीमा से सटे इसी क्रम में एसएसबी ठूठीबारी की स्पेशल टीम ने मुखबिर के सूचना पर क्षेत्र के चंदन नदी के समीप से एक ट्रैक्टर ट्राली पर लदी एक हजार किलाग्राम स्क्रैप व छह बोरी गेंहू, दो बोरी धान, 24 पीस साड़ी, 8 पीस शूट, 24 पीस शाल, थान का कपड़ा, दो साइकिल समेत दो आरोपित कैरियर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर आरोपित युवकों ने अपना नाम छोटू पुत्र श्याम लाल, व आशीष चौधरी बताया है। युवकों को कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर किया जागरूक

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। फरेंदा तहसील सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

इसमें आगामी 12 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूक किया गया। तहसील के सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यो को गांव में किसानों से पराली न जलाने के लिए जागरूक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण असगर अली ने कहा कि स्त्री, गरीब, मजलूम जो न्यायालय में अपना पक्ष नहीं रख सकते उन्हें निःशुल्क विधिक सहायत दी जाती है। लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई।

### रबी के सीजन में अवैध ढंग से नेपाल भेजी जा रही खाद, बाइक से भी होती है तस्करी

# नेपाल बॉर्डर पर धड़ल्ले से हो रही खाद की तस्करी

**03** गुना बढ़ जाती है बॉर्डर पार करते नेपाल में यूरिया की कीमत

- पुलिस,एसएसबी हर दिन कर रहे खाद की बरामदगी
- स्थानीय लोग करते हैं तस्करों की मदद

**भगवानपुर/महराजगंज, हिटी।** धान की कटाई के साथ ही जिले में रबी सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। किसान डीएपी व यूरिया के इंतजाम को लेकर हलकान हैं।

दूसरी तरफ नौतनवा से लेकर निचलौल क्षेत्र से जुड़े नेपाल बार्डर पर खाद की तस्करी बढ़ गई है। नोमेंस लैंड पार करते ही यूरिया का दाम नेपाल में तीन गुना बढ़ जा रहा है। दाम में अंतर के चलते तस्करी ठंड के मौसम में परवान चढ़ने लगी हैं। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां चौकस हैं, लेकिन खाद माफियाओं ने स्थानीय लोगों को कमीशन पर तस्करी में उतार दिया है। पलक झपकते ही भारतीय खाद बार्डर पार नेपाल पहुंच जा रही है। नौतनवा थाना क्षेत्र के रमगढवा, करमहवा, कोहडवल, सरोतरपुर, दुर्गापुर, सिंहपुर, सिरसिया, खोरिया बाजार, परसामलिक थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर, जिगिना, गंगवलिया, सेखुआनी, जमुहानी, हरलालगढ, विचऊपुर, शीशमहल के खाद के गोदाम से बाइक पर चार से पांच बोरी लादकर परसामलिक क्षेत्र के रेहरा, अहिरौली, मर्यादपुर, सेवतरी, सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर, मदरी, मैनिहवा, जसवल, अमहवा, श्यामकाट, नौतनवा थाना क्षेत्र के हर्दीडाली, खनुआ, सुण्डी, कुरहवा खुर्द आदि नाकों से भारतीय खाद को नेपाल मे पहुंचा रहे हैं। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसिया मूक दर्शक बनी हुई हैं। खनुआ क्षेत्र में रामगढ़वा, करमहवा, खोरिया बजार,पीपरा बजार व अड्डा बजार आदि क्षेत्रों में खुली निजी व अवैध खाद की दुकानों की खाद बाइक, टैपो, ई-रिक्शा व टाटा मैजिक वाहनों में भर कर सुबह से लगाए देर रात तक सीमावर्ती गांवों खनुआ, रजिया घाट, केवटलिया, हरदी डाली, मुर्दहिया घाट व सुंडी गांवों में तस्करों द्वारा अस्थाई रुप से बने गोदामों में डंप किया जा रहा है।

**तस्करी के लिए मुफीद बने अंतर्राष्ट्रीय चोर नाके:** परसामलिक क्षेत्र के रेहरा, अहिरौली, मर्यादपुर, सेवतरी, सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर, मदरी, मैनिहवा, जसवल, अमहवा, श्यामकाट, नौतनवा थाना क्षेत्र के हर्दीडाली, खनुआ, सुण्डी, कुरहवा खुर्द आदि नाकों से भारतीय खाद को नेपाल मे पहुंचाकर मालामाल हो रहे हैं। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसिया मूक दर्शक बनी हुई हैं।

**बीते तीन दिन में पैंसठ बोरी खाद बरामद:** पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक पिछले तीन दिन में नौतनवा व ठूठीबारी पुलिस 65 बोरी यूरिया खाद बरामद की है। आठ नवंबर को नौतनवा पुलिस 50 बोरी खाद के साथ 13 आरोपितों को गिरफ्तार की थी। सात नवंबर को नौतनवा पुलिस 11 बोरी व छह नवंबर को ठूठीबारी पुलिस चार बोरी खाद बरामद की थी। बरामदगी के यह आंकड़े भी गवाह हैं कि खुली सीमा से खाद की तस्करी बढ़ रही है।

**दाम में अंतर से परवान चढ़ी तस्करी:** भारतीय सीमा क्षेत्र में यूरिया सरकारी दर पर 266 रुपया प्रति बोरी की दर से मिल रही है। भारतीय सीमा क्षेत्र के ब्लैक मार्केट में चार सौ रुपया में एक बोरी खाद मिल रहा है। एक बोरी यूरिया को नेपाल पहुंचाने के बाद एक हजार नेपाली रुपया आसानी से मिल जा रहा है। खाद ढोने वाले तस्करों को पचास रुपया प्रति बोरी कैरिंग मिल रहा है। इसमें पेट्रोल भी शामिल है। एक बोरी पर चार बोरी यूरिया लाद कर कैरियर सीमा पार पहुंचाने में दो सौ रुपया कमा ले रहे हैं। एक कैरियर हर दिन दो सौ से लेकर ढाई सौ बोरी यूरिया नेपाल पहुंचा रहे हैं। इस कारोबार के खाद माफिया को प्रति बोरी 150 रुपए का फायदा हो रहा है। इस संबंध में नौतनवा के सीओ अनुज कुमार सिंह ने कहा कि सीमा पर पुलिस के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। आए दिन खाद की बरामदगी भी हो रही है। सीमावर्ती गांव में अवैध गोदाम चिन्हित किया जाएगा। तस्करी में जो भी लिप्त मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



परसामलिक क्षेत्र में खाद की तस्करी इन दिनों तेज हो गई है।। • हिन्दुस्तान

## सीमा क्षेत्र के इन इलाकों में डम्प की जा रही खाद

परसामलिक क्षेत्र के नेपाल सीमा से सटे रेहरा, महुलानी, मर्यादपुर पहाडीटोला, सेवतरी, अहिरौली, सोनौली कोतवाली क्षेत्र के जसवल, भगवानपुर, रघुनाथपुर, इस्लामपुर, श्यामकाट, फरेन्दी तिवारी, शेष फरेन्दा उर्फ बैरिहवा,, खनुआ ,हर्दीडाली, नौतनवा थाना क्षेत्र के सुण्डी, बैरिहवां, सम्पतिहा, कुरहवा खुर्द,चण्डीथान आदि जगहों पर डम्प की जाती है डाया यूरिया खाद, रात होते है हजारों बोरियां पहुंच जाती हैं नेपाल।

# खाद की तस्करी पर रोक लगाने की मांग

**जासं, नौतनवा:** आराजी सरकार उर्फ केवटलिया निवासी पंचम ने एसडीएम दिनेश मिश्र को पत्रक देकर भारत से नेपाल में खाद की तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है। पत्रक में उन्होंने लिखा है कि उनके पास चार एकड़ खेत है। खेती का सीजन आते ही सोसायटी के जिम्मेदारों की मिलीभगत से पगडंडी के रास्तों से खाद की तस्करी हो रही है। जिससे किसान खाद के लिए भटक रहे है।

उनका कहना है कि नगर पंचायत सोनौली के कुंसेरवा बाईपास पर स्थित साधन सहकारी समिति महुअवा पर कई ट्रक खाद आ चुकी है।

# नौतनवा के संदीप कुमार बने सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : पुलिस विभाग की बीट प्रणाली में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची जारी हो गई है। नौतनवा के आरक्षी संदीप कुमार को सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी घोषित किया गया है। अक्टूबर में संदीप ने बेहतर कार्य करते हुए अपने बीट क्षेत्र में बेहतर संयोजन किया था।


संदीप कुमार

सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी नामित होने पर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बधाई देते हुए अन्य पुलिसकर्मियों को भी इनसे सीख लेने को कहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीट के पुलिसकर्मी गांव स्तर पर पुलिसिंग का बेहतर इस्तेमाल कर कानून व्यवस्था में मदद करते हैं। बीट प्रणाली में प्रत्येक महीने बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को एडीजी कार्यालय स्तर से चयनित कर उन्हें सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में संदीप कुमार का चयन हुआ है।

# महराजगंज में महसूस किए गए भूकंप के झटके

- देर रात आए भूकंप के बाद लोग निकल आए घर से बाहर
- डर की वजह से रात भर जागते रहे कई घरों के लोग

**जागरण संवाददाता,, महराजगंज :** पड़ोसी देश नेपाल में आए भूकंप का असर महराजगंज में भी देखने को मिला। देर रात 1.50 बजे आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सो रहे लोगों की नींद खुल गई। रात में ही लोग घरों से बाहर निकल आए। शहर में कई लोगों ने पूरी रात बाहर ही टहलकर काटी। दहशत की वजह से काफी देर तक लोग सड़कों पर ही खड़े दिखे।

कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर भी शेयर किया। शहर के निवासी और जिला अस्पताल के लैब तकनीशियन देवेश पांडेय ने बताया कि अस्पताल से काम समाप्त कर देर रात लौटे। बिस्तर पर लेटे थे तभी अचानक झटकों से बगल में रखा गिलास गिरा तो आंख खुल गई। इसके बाद भोर तक जागते रहे। महराजगंज फ्रैक्चर क्लीनिक के डा. पीके श्रीवास्तव ने बताया कि देर भूकंप के झटकों का एहसास हुआ।

# तस्करी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

- अब ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग कर रहे हैं तस्कर
- एसएसबी की टीम ने पकड़ा स्क्रैप सहित गेहूं धान और कपड़ा

**जासं, ठूठीबारी:** कृषि उपयोग में आने वाले ट्रैक्टर ट्राली अब सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों के उपयोगी वाहन बन गए हैं। ठूठीबारी में तैनात एसएसबी टीम ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से स्क्रैप,गेहूं, धान व कपड़ा बरामद किया है। बरामद सामान सहित आरोपितों को गिरफ्तार कर ठूठीबारी कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है।

एसएसबी ठूठीबारी की स्पेशल टीम ने क्षेत्र के चंदन नदी के समीप से एक ट्रैक्टर-ट्राली पर लदा एक हजार किलोग्राम स्क्रैप, छह बोरी गेहूं, दो बोरी धान, 24 पीस साड़ी, आठ पीस शूट, 24 पीस शाल, थान का कपड़ा, दो साइकिल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित युवकों ने अपना नाम छोटू व आशीष चौधरी बताया है। एसएसबी इंस्पेक्टर जयंता घोष ने बताया कि चंदन नदी के पास से बरामद तस्करी के सामान व आरोपितों को कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। बरामद कबाड़ नेपाल के पगडंडियों रास्तों से भारतीय सीमा क्षेत्र में भेज कर तस्कर मोटी रकम कमाते हैं। वर्तमान समय में कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर दर्जनों से अधिक कबाड़ के गोदाम हैं।

## नेपाल में तस्करी के सामान बरामद

भैरहवा (नेपाल) : भैरहवा भंसार कार्यालय की टीम ने बीते दो दिन में रुपंदेही जिले के मायादेवी गांव पालिका में अभियान चला कर तस्करी के सामान बरामद किए है। भैरहवा भंसार कार्यालय के प्रमुख मनीराम पौडेल ने बताया कि कपिलवस्तु जिला मायादेवी गाउपालिका वार्ड नंबर आठ के बरकुल गांव के एक घर में रखा गया भारी मात्रा में कपड़ा, जूता, चप्पल व तंबाकू बरामद हुआ है। जब्त माल दो ट्रक और दो पिकअप जीप में लाद कर भैरहवा लाया गया है। बरामद सामान जब्त कर गोदाम स्वामी समेत आठ अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।



भंसार चोरी के 2 करोड़ से अधिक मूल्य का अवैध सामान जब्त किया। संवाद

# दो करोड़ से अधिक का अवैध सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले में भैरहवा भंसार कार्यालय के अधिकारियों ने तस्करी के खिलाफ अभियान चला कर भंसार चोरी में दो करोड़ से अधिक मूल्य का अवैध सामान जब्त किया है।

भैरहवा सीमा शुल्क कार्यालय प्रमुख मनीराम पौडेल के नेतृत्व में टीम ने बुटवल से एक पिकअप पर लदे कपड़े, तंबाकू समेत अन्य सामान बरामद किया। कपिलवस्तु चकचौड़ा नाका के मायादेवी-8 बरकुल में रखे गोदाम से रेक्सीन व अन्य सामान जब्त कर लिया गया। आंकड़ों के मुताबिक यह 2 करोड़ से ज्यादा का सामान है।

बरामद किए गए सभी सामानों का डेटा एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोदाम में केवल सामान ही मिला है। संदिग्ध की पहचान की जाएगी।

घटना पश्चिमी नेपाल के डोती जिले में आया 6.6 तीव्रता का भूकंप

# भूकंप के बाद सेना और पुलिस के जवान राहत कार्य में जुटे

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पश्चिमी नेपाल के डोती जिले में बुधवार को 6.6 तीव्रता के भूकंप में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। कई मकान गिर गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और नेपाल सेना के जवान राहत बचाव में जुटे हैं।

पुलिस का कहना है कि लोगों की मौत मकानों के मलबे में दबने से हुई। घरों से मलबा हटाने और प्रभावित लोगों के प्रबंधन के लिए नेपाली सेना की एक टीम को तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुरानी मिट्टी के घर नष्ट हो गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप मापन केंद्र के अनुसार, रात 2:12 बजे 6.6 तीव्रता का भूकंप आया और इसका केंद्र डोटी स्थित खाप्ताद राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में था। भूकंप मापन केंद्र ने बताया कि 5.7 तीव्रता के भूकंप ने दिपायल को रात 9:07 बजे भूकंप का केंद्र बनाया। उसके बाद भी बार-बार झटके महसूस हुए। भूकंप के झटके बजहंग, कैलाली, कंचनपुर, बांके, रुकुम पश्चिम में भी महसूस किए गए।

पुलिस उपाधीक्षक भोला भट्टा ने बताया कि डोटी के पूर्वी चौकी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर 3 गरागांव में भूकंप से 6 लोगों की मौत हुई है।

## लोग खुले स्थानों पर बैठने को मजबूर

डोती शिक्षक मिनराज ओझा के अनुसार, अधिकांश स्थानीय लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दल बहादुर देउबा ने बताया कि भूकंप के कारण सयाल ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। वहीं, बाझांग में भूकंप के बाद स्थानीय लोग खुले स्थानों में बैठे हैं। खप्तड़चना-5 की रहने वाली लक्ष्मी देवी जोशी ने कहा कि पूरे गांव के लोग आग जलाकर बाहर बैठ गए। मुख्यालय चैनपुर के लोग भी खुले चौक पर एकत्र हो गए हैं।

# फर्जी वरासत मामले में धरना समाप्त

## तहसीलदार ने त्वरित वरासत के आदेश को निरस्त किया

संवाद न्यूज एजेंसी




लोगों से बातचीत करते तहसीलदार अरविंद कुमार श्रीवास्तव । संवाद

**नौतनवां।** सुकरौली उर्फ अरघा निवासी मोहम्मद अयूब को मृतक दिखाकर फर्जी वरासत कराने के मामले में बुधवार को पीड़ित नौतनवां तहसील परिसर में अनशन पर बैठ गया।

सूचना पाकर धरनास्थल पर तहसीलदार नौतनवां पहुंचे और वरासत को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कहकर अनशन को समाप्त करा दिया।

सुकरौली उर्फ अरघा निवासी मोहम्मद अयूब को जीवित रहते हुए खतौनी की खाता संख्या एक व दो में मृतक दिखाकर दूसरे के नाम वरासत करा दिया गया है।

इस पर अयूब ने हल्का लेखपाल व राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। न्याय नहीं मिलने पर अयूब ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बुधवार को परिजनों के साथ अनशन पर बैठ गया।

इसकी जानकारी होने पर तहसीलदार नौतनवां अरविंद कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर अयूब भी अपनी बात पर अडिग रहा। अयूब ने कहा कि जब तक वरासत खारिज होने का आदेश नहीं होगा, तब तक अनशन नहीं टूटेगा।

इसके बाद तहसीलदार ने मामले की जांच कराई। वरासत गलत मिलने पर उसे निरस्त कर दिया और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। इसके बाद अयूब ने अनशन समाप्त किया। तहसीलदार अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच कर वरासत के आदेश को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त करा दिया गया है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-11-2022

# गोकशी : शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** शिव सेना के जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुरचक गांव में घटित हुये गोकशी के मामले में जिम्मेदार लोगों कड़ी कार्रवाई की मांग किया।ज्ञापन देने के बाद प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि सरकार के कड़े निर्देश के बावजूद गोकशी की घटनायें शर्मनाक है। गदापुरचक गांव में हुये गोकशी मामले में जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय और निर्दोषों का अकारण उत्पीड़न न किया जाय। इसी कड़ी में उन्होने गौशालाओंमें पशुओं की दुर्दशा पर ध्यानाकर्षण करते हुये कहा कि गौशालाओं में जो पशु लाये जाय उन्हें पूरा पोषण मिले और घायल पशुओंका इलाज कराया जाय। सड़कोंपर घूमने वाले आवारा पशु जो आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं उन्हें गौशालाओं में पहुंचाया जाय। कहा कि गोवंश के हत्यारों को किसी कीमत पर न बख्शा जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सर्वजीत मिश्र, आकाश गुप्ता, आदित्य शुक्ल, नागेन्द्र मिश्र, आशीष, संजय कुमार, सूरज यादव, रूद्र आदर्श पाण्डेय आदि शामिल रहे।



दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांगों को लेकर ज्ञापन देते लोग।

# लापता व्यक्ति बरामद परिजनों को सौंपा

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा 12 वर्षो से लापता व्यक्ति को सकुशल बरामद कर उसके परिजन कोसिपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद के निर्देशन में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम को रेलवे स्टेशन बस्ती के पास संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से भटकता हुआ मिला जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम कृष्णा पुत्र स्व.रामदेव निवासी नगर पंचायत सोनौली वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर थाना सोनौली जनपद महाराज गंज उम्र करीब 32 वर्ष बताया जिसके आधार पर उक्त व्यक्ति के परिजन से संपर्क किया गया तो ज्ञात हुआ की उक्त व्यक्ति पिछले 12 वर्षो से लापता चल रहा है तथा परिजन ढूंढते ढूंढते थक हार गए थे तथा मिलने की उम्मीद खो चुके थे। जैसे ही उपरोक्त व्यक्ति के मिलने की सूचना परिजन को मिली वह खुशी से फूले नहीं समा रहे थे तथा परिजन को थाने बुला कर नियमानुसार सकुशल उक्त व्यक्ति की बहन गूंजा देवी पत्नी राजकुमार, पूनम पत्नी अरविंद, रूबी कुमारी पुत्री स्व.रामदेव एवं चचेरेभाईरामअचल की सुपुर्दगी में दिया गया।

# परिषदीय शिक्षकों का धरना आज

**बस्ती (एसएनबी)** । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि कुदरहा विकास खण्ड क्षेत्र के खण्ड शिक्षाधिकारी धीरेन्द्र तिवारी द्वारा वार्ता करने गये संघ पदाधिकारियों के साथ अभद्रता किये जाने की शिकायत की है।पदाधिकारियों के विरूद्ध बीएसए को पत्र लिखे जाने के बाद कार्रवाई के प्रकरण में अभी तक समुचित निस्तारण न होने के कारण 10 नवम्बर गुरूवार को बीएसए कार्यालय के समक्ष धरना दिया जायेगा। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि धरने में परिषदीय शिक्षक, संघ पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# मासूम की मौत पर शिक्षा मित्र नामजद

**बस्ती (एसएनबी)** । जिले की कोतवाली पुलिस ने बीते दिनोंदुधौरा गांव में तालाब में मिली स्कूल पढ़ने गयी तीन वर्षीय मासूम का शव पाया गया था। इस मामलेमें कोतवाली पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा मित्र हत्य का मुकदमा पंजीकृत किया है। बीते चौदह अक्टूबर कोप्राथमिक विद्यालय दुधौरा में चलने वालेआंगनबाड़ी सेन्टर मे पढ़नेकेलिए सुबह 9.30 बजे तीन वर्षीय मासूम अपने घर से गया था। अवकाश के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तोलोग उसके तलाश में निकले। बच्चे का शव गांव के बगल में ही तालाब में पाया गया। इस मामले में लालता प्रसाद पुत्र छविलाल निवासी दुधौरा थाना कोतवाली की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय दुधौरा के शिक्षा मित्र सुरेन्द्र उपाध्याय के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# थानाध्यक्ष को दी गयी विदाई

**बभनान (एसएनबी)** । पैकोलिया के थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह के स्थानांतरण के बाद थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने बिदाई समारोह का आयोजन कर उन्हे फूलमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रकिया है। इस इलाके के लोगों ने महज 24 दिनो के भीतर काफी सहयोग किया और प्यार दिया है। जो हमेशा के लिये यादगार रहेगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक मैनेजर सिंह, जितेन्द्र द्विवेदी, चौकी प्रभारी मुसहा हरिराय, एस आई प्रेमशंकर शुक्ला, देवव्रत शर्मा, गिरिजेश साहनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एससी/एसटी में तीन नामजद पांच अज्ञात पर केस

**हर्रैया(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बांसगांव निवासी एक दलित को मारने-पीटने एवं जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करने के मामले में पीडित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद एवं पांच अज्ञात के विरूद्ध मार पीट एवं हरिजन उत्पीडन का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय कर रहे है। बांसगांव निवासी रोहित गौतम ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पिता लालता प्रसाद सोमवार को प्रातः सिंदुरिया कुंवर गांव के खेत में सरसो की बुआई कर रहे थे। उसी दौरान सिंदुरिया कुंवर निवासी रामनरेश पुत्र सहदेव, ओमप्रकाश एवं राजू उर्फ राजकुमार पुत्रगण रामनरेश अपने पांच अन्य साथियो के साथ उनके खेत में पहुंचे और जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली-गुप्ता देने लगे। उन्होने विरोध किया तो लाठी-डंडा एवं फरसा से उनके ऊपर हमला बोल दिया। इतना ही नही बीच बचाव करने पहुंचे तिलकराम, रामवरन व कनिकराम पर भी हमला किया गया। चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामनरेश, ओमप्रकाश, राजू तथा पांच अज्ञात के विरूद्ध अपराध संख्या 389/2022 धारा 147, 323, 504, 506, 308 आईपीसी तथा 3(1)(द), 3(1)(ध) एवं 3(2)(वी) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस आरोपियों की सरगरमी से तलाश कर रही है।

# फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**छावनी(एसएनबी)**। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कांसटेबल अवधेश एवं पुष्पा यादव ने फरार अभियुक्त देवकली निवासी आकाश वर्मा पुत्र छत्रपाल वर्मा को उसके घर से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके विरूद्ध अपराध संख्या 342/2022 धारा 452, 354 ख, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# वांछित गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)**। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कमलेश यादव, कांसटेबल दीपक यादव एवं अंशुल वर्मा की टीम द्वारा वांछित आरोपी त्रिलोकपुर तिवारी निवासी आकाश कुमार पुत्र रामाज्ञा को बस स्टाप महूघाट से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध संख्या 390/2022 धारा 363, 366 आईपीसी मे वह वांछित चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# चरित्र प्रमाण-पत्र लेने आए छात्रों से की मारपीट

भानपुर। अग्निवीर की भर्ती में शामिल होने को तहसील क्षेत्र में स्थित एक विद्यालय में चरित्र प्रमाण-पत्र लेने आए छात्रों से मनबढ़ किस्म के युवकों ने विद्यालय गेट पर मारपीट की। विद्यालय के प्रबंधक ने सोनहा पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सात पर बिजली चोरी का मुकदमा

हर्रैया। क्षेत्र मे बढ़ती बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को बिजली विभाग की टीम छापेमारी कर सात लोगों पर बिजली चोरी केस दर्ज कराया है।

हर्रैया एसडीओ अन्नत यादव व जेई राजकुमार यादव लाइनमैन के साथ हर्रैया स्टेशन क्षेत्र के गढ़हा राजा गांव में छापेमारी किया। एसडीओ ने बताया कि अवैध बिजली चोरी करते हुए रामदीन वर्मा, राम जनक, महेश यादव, अर्जुन, काशी , श्रीमती, सुखलाल पर विद्युत चोरी का केस दर्ज कराया है।

# कूड़ा-करकट फेंकने को लेकर विवाद

बस्ती। मुंडेरवाथाने के मेहड़ा निवासी दरकशा का आरोप है कि कूड़ा-फेंकने की बात में विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के भुट्टू, बैतुल्लाह, मेहताब और राजू पर केस दर्ज जांच में जुटी है।

# 12 साल बाद लापता युवक को परिवार से मिलाया

**बस्ती।** घर से लापता सोनौली का युवक 12 वर्ष बाद पुरानी बस्ती पुलिस की मदद से अपने घर वालों से मिल सका। बुधवार को उसके परिवार के लोग थाने पहुंचे और युवक को अपने साथ ले गए। थानेदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के दौरान 32 वर्षीय युवक भटकता हुआ मिला।

# चेन खींचने वाली महिला गई जेल

**बस्ती।** सरयू नदी के माझा खुर्द घाट पर माचिस मांगने के बहाने बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन खींचने वाली महिला का बुधवार को पुलिस ने चालान कर दिया। थानेदार आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़ी गई महिला कोतवाली संतकबीरनगर के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मीरगंज की निवासी है। पूछताछ में उसने अपना नाम रीना देवी बताया है।

# गैंगस्टर एक्ट में दो लोगों को मिली सजा

बस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट पीएन त्रिपाठी की अदालत ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम, समाज विरोधी क्रिया कलाप नियंत्रण अधिनियम में राज पांडेय एवं विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी चौधरी को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राम प्रकाश दूबे ने अदालत को बताया कि 24 अक्टूबर 2020 को राज पांडेय, निवासी वार्ड नंबर- आठ सिपाही टोला हरैंया व विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी चौधरी निवासी ग्राम परसपुर थाना कप्तानगंज के विरूद्ध अभियोग दर्ज हुआ था।

# मासूम की हत्या के आरोप में शिक्षामित्र पर मुकदमा

- कोतवाली थाना क्षेत्र के दुधौरा में 14 अक्टूबर को हुई थी घटना
- आंगनबाड़ी केन्द्र गई तीन वर्षीय बालिका की तालाब में मिली थी लाश

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के दुधौरा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गई तीन वर्षीय मासूम का शव तालाब में मिलने के मामले में पुलिस ने एक करीब एक माह बाद हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम में मासूम की पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। मृतका के बाबा लालसा प्रसाद की तहरीर पर गांव के परिषदीय स्कूल के शिक्षामित्र सुरेन्द्र उपाध्याय के खिलाफ आईपीसी 302 के तहत मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

दुधौरा निवासी रवींद्र पाल की तीन वर्षीय पुत्री रान्सी पाल 24 अक्टूबर 2022 की सुबह अपने बाबा लालसा पाल के साथ गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर संचालित प्री नर्सरी में पढ़ाई करने गई थी। बाबा करीब में चल रहे बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। शाम तीन बजे तक बच्ची के घर न पहुंचने पर परिजन उसे खोजते हुए जब पहुंचे तो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया और बच्ची वहां नहीं थी। बगल में चले प्राइमरी स्कूल में जाकर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। इसी बीच देर शाम कुछ बच्चे दुधौरा व छबिलहा गांव के बीच स्थित तालाब तक तलाश करते हुए पहुंच गए तो देखा कि बच्ची का शव पानी में उतराता मिला था। बच्ची का शव गांव से लगभग 600 मीटर दूर तालाब में मिलने व शरीर पर निशान देख अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही थी।

# गोवध प्रकरण में दो और आरोपी दबोचे गए

**फॉलोअप**

- सोनहा थानांतर्गत गदापुर चक गांव का है मामला
- दरोगा सहित 38 पर दर्ज है केस, 10 पहले हो चुके गिरफ्तार

**बस्ती/ भानपुर, हिसं।** सोनहा थाने के गदापुर चक गांव के गोवध प्रकरण में पुलिस ने दो और आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि अतिरिक्त निरीक्षक अपराध भगवान सिंह की टीम ने आरोपी अन्सार अली उर्फ कल्लू और मुबारक अली पुत्रगण इकबाल निवासी गदापुर चक को उनके घर से बुधवार को दिन में गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को गोवध का प्रकरण सामने आने के बाद मंगलवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सोनहा थाने के एसएचओ विनोद कुमार, हल्का दरोगा अनिल यादव, सिपाही विपिन सिंह और सिपाही राहुल को निलंबित कर दिया था। साथ ही एक एसआई, ग्राम प्रधान समेत 18 नामजद और 20 अन्य अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



बुधवार को सोनहा पुलिस की गिरफ्त में गोवध प्रकरण में पकड़े गए दो आरोपी।

पुलिस ने दस आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। गदापुर चक गांव के बाग में सोमवार को गोवध की सूचना पुलिस को दी गई थी।

पुलिस के अनुसार मौके पर पुलिस पहुंची तो शव को मिट्टी में दफन करवा देने की जानकारी ली। इसके प्रकरण की जानकारी विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को हो गई। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी संख्या में ग्रामीणों के जुटने की सूचना पर एसडीएम भानपुर और एसएचओ मौके पर पहुंचे। एसडीएम की मौजूदगी में पशु के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया था।

पोस्टमार्टम में गोवध की पुष्टि हुई थी। इधर तनाव की स्थिति भांपते हुए गांव में सोनहा के अलावा रुधौली, वाल्टरगंज और पुरानी बस्ती थाने की पुलिस टीम भी बुला ली गई।

## गांव में भारी फोर्स तैनात

गोवध प्रकरण के बाद से बने तनाव को देखते हुए गदापुर में चक पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बुधवार को गांव में सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, सीओ प्रशिक्षु सार्थक सेंगर के साथ रुधौली, हर्रैया, वाल्टरगंज, पुरानी बस्ती, कप्तानगंज थाने के पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। सुरक्षा में पीएसी के जवान भी लगे है। सीओ ने बताया कि फरार आरोपितों की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

## दूसरे गांव में शादी का प्रबंध

भानपुर। गोवध प्रकरण को लेकर आरोपितों की धरपकड़ का प्रयास चल रहा है। इन सबको लेकर बुधवार को भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। माहौल को देख गांव निवासी रईस जिनकी बेटी आबिदा खातून की शादी बुधवार को होनी है। उन्होंने शादी का पूरा प्रबंध पड़ोस के गांव पिरैला गरीब से किया। वहीं से बुधवार को शादी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग के परिसर में बुधवार को धरना देते डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारी व सदस्य। • हिन्दुस्तान

# डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने दिया धरना

**बस्ती।** डिप्लोमा इन्जीनियर्स संघ ने संवर्गीय समस्यों के प्रति विभागीय उदासीनता और सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग के परिसर में बुधवार को दिया। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इं. राम प्रकाश यादव ने कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के प्रति सरकार उदासीन है।

# खतौनी में छूटे नाम को दर्ज करने की मांग

**भानपुर।** तहसील के अजगैवा जंगल गांव निवासी लखपती देवी पत्नी तिलकराम ने एसडीएम को अर्जी देकर खतौनी में छोड़ दिए गए नाम को दर्ज कराने की मांग की है। पीड़िता ने एसडीएम को बताया है कि 2017 के 1425 फसली के आदेश में खतौनी फीडिंग के समय उसका नाम दर्ज था। जिसें वर्ष 2021 के 1429 फसली के दौरान कम्प्यूटर चालक ने नाम छोड़ दिया है।

# धरने को सफल बनाने को किया जनसंपर्क

**हर्रैया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में 15 नवंबर को लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेश स्तरीय धरना प्रस्तावित है। बुधवार को विकास खण्ड हर्रैया में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, जिला संगठन मन्त्री विवेक कान्त पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष कुमार शुक्ल व मन्त्री अनिल मौर्य के नेतृत्व में शिक्षकों तथा कर्मचारियों से धरने में शामिल होने का आह्वान किया गया।

# धान का गर्दा उड़ने को लेकर मारपीट

**बस्ती।** लालगंज थाने में तहरीर में दुबौली निवासी रामसजीवन ने आरोप लगाया है कि धान की मड़ाई के दौरान गर्दा उड़ने की बात को लेकर गांव के वीरेन्द्र पांडेय व अन्य ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। वहीं जयप्रकाश पांडेय का आरोप है कि गर्दा घर में आ रहा था। मना करने पर रामसजीवन चौधरी व अन्य ने उनके बेटे वीरेन्द्र व बेटी देविका को मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का आदेश

**बस्ती, हिसं।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी/सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी आलोक वर्मा ने वाहन स्वामी के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में बीमा एजेंट, स्क्रैप डीलर सहित तीन पर केस दर्ज करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिया है। केस दर्ज कर 15 दिन के अंदर कोर्ट को अवगत कराना होगा।

राजेश कुमार मिश्र निवासी आवास विकास कॉलोनी बस्ती की ओर से संजीव कुमार भट्ट एडवोकेट ने न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा कि शिकायतकर्ता राजेश मिश्रा कार के स्वामी है। 30 सितंबर 2018 को आगरा एक्सप्रेस वे पर उक्त वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद 9.4 लाख रुपये में पक्षकारों के बीच समझौता हुआ। बीमा कंपनी ने 6.2 लाख वाहन के ऋण खाते में जमा कर दिया, बची हुई धनराशि तीन लाख रुपए बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने स्क्रैप डीलर विवेक माहेश्वरी को वाहन हैंडओवर करने पर भुगतान कराने की बात कही थी। आरटीओ कार्यालय में जमा कर शिकायतकर्ता रजिस्ट्रेशन कैंसिल करा सकेगा, परंतु ऐसा नहीं किया गया।

# अश्लील इशारा करने वाले पर केस

**बस्ती।** परसरामपुर और हर्रैया पुलिस ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील इशारा करने व गाना गाने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। हर्रैया पुलिस ने एसआई छितेश्वर की तहरीर पर कप्तानगंज थाने के नऊवा गाढ़ा निवासी राजू और परसरामपुर पुलिस ने हेड कांस्टेबल हेमन्त सिंह की तहरीर पर बद्दरपुर निवासी अमृत पर आईपीसी 294 में मुकदमा कायम कर लिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बस्ती।** हर्रैया थाने में तहरीर देकर शेरवाडीह निवासी गुल मोहम्मद ने आरोप लगाया है कि गांव के सादे, सुभान व समसुद्दीन ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर धमकाया। वहीं परसरामपुर के बैठोलिया निवासी आत्माराम का आरोप है कि उनके घर के सामने से आरसीसी रोड पर आने-जाने से मना करने की बात को लेकर गांव के बुधई व अन्य ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा।

# शादी के नाम पर युवती को भगा ले गए

**बस्ती।** परसरामपुर थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 21 वर्षीय बेटी को पांच नवंबर को गांव की एक महिला शादी कराने के नाम पर बुलाकर अपने साथ ले गई। बेटी के वापस न लौटने पर जब उससे पूछताछ की तो अपशब्द कहा। वहीं कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 22 वर्षीय बेटी को विकास नाई छह नवंबर को बहला-फुसलाकर गलत नीयत से अपने साथ भगा ले गया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर युवक घायल

**छावनी।** थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर रामरेखा पुल के पास बाईक सवार दीपक प्रजापति (24) पुत्र नेबूलाल निवासी जैतापुर थाना दुबौलिया ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। वह बुधवार सुबह करीब 8 बजे अपने घर से छावनी कंप्यूटर कोचिंग के लिए जा रहे थे कि सामने से आ रही बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हो गयी।

## महिला अपराध मामले में फरार आरोपी को दबोचा

**छावनी।** छावनी पुलिस ने महिला अपराध से संबंधित वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवकली रानी निवासी आकाश वर्मा पुत्र छत्रपाल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। घर पर पहुची पुलिस टीम को देखकर आकाश भागने लगा था। पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

## हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार ने भी तोड़ा दम

**बस्ती/ पैकोलिया।** जिले के हर्रैया बभनान मार्ग पर पैकोलिया थानांतर्गत पूरा पैकोलिया गांव के पास सड़क हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार ने भी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में उतराती मिली लाश

**कुदरहा, हिंदुस्तान संवाद।** लालगंज थाना क्षेत्र स्थित मनोरमा नदी के तिघरा घाट पर एक 30 वर्षीय युवक का शव उतरता दिखा। नदी में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पत्नी अंजनी व परिवार के लोगों ने मृतक की पहचान किया। जिसकी पहचान कलवारी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के अमरचंद पुत्र रामकरन के रूप में हुई। सूचना पर देर शाम पहुंचे चौकी प्रभारी रखौना चंद्रकांत पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि जून में पत्नी को साथ लेकर अमरचंद मुंबई गया था। 6 नवंबर को पत्नी अंजनी को साथ लेकर मुंबई से सीधे अपने ससुराल पिपरा गौतम आया। 7 नवंबर को अमरचंद के ससुर मनीराम ने फोन करके अमरचंद के छोटे भाई लालचंद को तिघरा घाट पर मोटरसाइकिल मिलने की सूचना दिया और कहा कि अमरचंद कही गायब हो गए है। उनका कहीं पता नहीं चल रहा है। जब अमरचंद का कहीं पता नहीं चल रहा था तो उसके छोटे भाई लालचंद ने बुधवार को उसकी तलाश करना शुरू किया। दोपहर लगभग 2 बजे सूचना मिली कि तिघरा घाट पर एक अज्ञात लाश मिली है।

# गोकशी कांड के विरोध में प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



सोनहा के गदापुरचक गांव में गोकशी के विरोध में प्रशासन को ज्ञापन देते हुए शिवसेना के जिला पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** शिवसेना के जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को डीएम को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया। ज्ञापन में सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुरचक गांव में घटित हुई गोकशी की घटना के जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया। ज्ञापन में कहाकि गौशालाओं में जो पशु लाये जाए उन्हें पूरा पोषण मिले और घायल पशुओं का इलाज कराया जाय। सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशु जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं उन्हें गौशालाओं में पहुंचाया जाय। गोवंश के हत्यारों को किसी कीमत पर न बख्शा जाए।

## गांव से पलायन रोकने को पुलिस व प्रमुख ने की बैठक

**भानपुर।** सोनहा के गदापुरचक गांव में दोनों समुदायों के बीच सौहार्द कायम रखने व वर्ग विशेष के निर्दोष लोगों के घर छोड़कर पलायन नहीं करने को लेकर पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने बैठक की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के रूप में अधिकांश मुस्लिम व कुछ हिन्दू समुदाय के ग्राम प्रधानो ने प्रतिभाग किया।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बने मकान व दुकान को ढहाया

## कार्रवाई

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** पिछले एक दशक से पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बने मकान व दुकान पर बुधवार को जेसीबी चली। वहां पर अन्य लोगों ने भी पीडब्लूडी की जमीन पर कब्जा कर रखा है।

नायब तहसीलदार गौर निखिलेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल मय फोर्स थाना क्षेत्र के गौर रेलवे स्टेशन चौराहे पर पहुंचे। साथ में जेसीबी मशीन देख लोगों में हलचल मच गई। बुधवार को देखते ही देखते स्टेशन चौराहे पर पीडब्ल्यूडी की जमीन में पिछले 10 वर्षों से काबिज भोगी पुत्र भीखी, दिलीप पुत्र अशर्फी लाल, जय प्रकाश पुत्र दूधनाथ, केशव राम पुत्र भुल्लर व चन्द्रभान पुत्र राम उजागिर के स्थाई रूप से बने मकान व दुकान को जमींदोज कर दिया। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी की जमीन में अवैध निर्माण को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

जिस पर हाईकोर्ट ने तहसीलदार हर्रैया को अवैध निर्माण ध्वस्त करने व दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। तहसीलदार हर्रैया के आदेश पर अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया।




तहसील प्रशासन ने गौर में पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बनी दुकान को ढहाया।

# रविंद्र सिंह बने सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : मंगलवार की रात एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सोनहा थाने पर नए प्रभारी निरीक्षक की तैनाती कर दी।

दुबौलिया थाने पर अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में तैनात रविंद्र सिंह को सोनहा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं पैकोलिया थाने के थानाध्यक्ष बनाए गए गजेंद्र सिंह को एक माह के अंदर ही थाने से हटा दिया गया। उन्हें सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बनाया गया है। जबकि सोशल मीडिया सेल के प्रभारी रहे महेश सिंह को थानाध्यक्ष लालगंज बनाया गया है। लालगंज के थानाध्यक्ष रहे दिलीप सिंह को पैकोलिया थाने की कमान सौंपी गई है।

## एक नजर में

# सुरक्षित यातायात के लिए किया गया जागरूक

**गोटवा, बस्ती:** डा .आर जी एस पब्लिक कान्वेंट इंटर कालेज बेलाड़ी में यातायात माह के तहत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट चालान के डर से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए लगाएं। वर्तमान समय में सबसे अधिक मौतें सड़क दुर्घटना में हो रहीं हैं। व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य होता है, इसे किसी भी प्रकार की लापरवाही करके खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए।

# मारपीट में तीन पर मुकदमा

**पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के कुनगाई बुजुर्ग गांव में भूमि विवाद को लेकर एक महिला की पिटाई कर दी गई। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सत्तन पुत्र बरसाती ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके गांव के बब्लू, हरदीन ने उसकी पत्नी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। (जासं)

# लखनऊ में आयोजित धरने में शामिल होने के लिए किया जनसंपर्क

**जासं, बस्ती** : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में 15 नवंबर को लखनऊ के इको गार्डन में आयोजित प्रदेश स्तरीय धरने में जनपद से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे। इसको लेकर शिक्षकों से जन संपर्क कर धरने में शामिल होने की अपील की जा रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के निर्देश पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों, शिक्षणेत्तरकर्मियों और संविदा कर्मियों से संपर्क किया जा रहा है। बुधवार को विकासखंड हर्रैया में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, विवेककांत पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ल व मंत्री अनिल मौर्य के नेतृत्व में शिक्षकों तथा कर्मचारियों से धरने में शामिल होने का आह्वान किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी रवीश कुमार मिश्र ने बताया कि पुरानी पेंशन नीति बहाली, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोइया आदि संविदा कर्मियों के नियमितीकरण किये जाने व नियुक्त हो चुके मृतक आश्रित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को योग्यतानुसार उच्चीकरण, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षक विरोधी प्राविधान हटाने सहित अन्य मांगों को लेकर आयोजित धरने में लोग आवाज बुलंद करेंगे।

# गैंगस्टर एक्ट में दोषियों को दो-दो वर्ष का कारावास

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** न्यायालय सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश पीएन त्रिपाठी ने गैंगस्टर के मामले में राज पांडेय को एवं विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी चौधरी को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाने का भी आदेश दिया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राम प्रकाश दुबे ने अदालत में कहा कि हर्रैया थाना प्रभारी सर्वेश राय तथा हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव व चंद्र कांत पांडेय चेकिंग के लिए 24 अक्टूबर 2020 को निकले थे। वांछित अभियुक्त राज पांडेय निवासी सिपाही टोला कस्बा हर्रैया जनपद बस्ती व विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी चौधरी निवासी परसपुरा थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया गया। राज पांडेय सरगना जबकि टोनी गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया गया। इस गिरोह का समाज में आतंक व्याप्त है। भय से कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने का साहस नहीं करता है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद दोनों को दोषी ठहराया है।



# जिला मजिस्ट्रेट ने 37 मामलों में दिया जिला बदर का आदेश

**जागरण संवाददाता बस्ती :** न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन की अदालत ने 37 मुकदमों के आरोपितों को जिलाबदर का आदेश दिया है।

प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन रमेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी नीलिमा मिश्रा द्वारा राज्य सरकार के तरफ से न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया गया। 37 मामलों में आरोपित के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही व संपत्ति की कुर्की का आदेश न्यायालय ने दिया।

# दुकान के बंटवारे को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** गौर थाने के जोगिया निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दुकान के बंटवारे के विवाद को लेकर राजेश, गिरजेश, राकेश और संदीप ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं रुधौली थाने की छपिया निवासी रेनू का आरोप है कि अमरूद का पेड़ तोड़ने से मना करने पर नंदलाल व श्यामलाल ने हंसिया से मारा पीटा। पुलिस दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। (जासं)

# मासूम की हत्या के आरोप में शिक्षामित्र पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: कोतवाली क्षेत्र के दुधौरा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गई तीन वर्षीय मासूम रान्सी का शव तालाब में मिलने के मामले में पुलिस ने लगभग एक माह बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम में मासूम की पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। मृतका के बाबा लालसा प्रसाद की तहरीर पर शिक्षामित्र सुरेंद्र उपाध्याय के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

दुधौरा निवासी रवींद्र पाल की तीन वर्षीय पुत्री रान्सी पाल 24 अक्टूबर 2022 की सुबह अपने बाबा लालसा पाल के साथ गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर पढने गई थी। बाबा पास में ही चल रहे बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। दोपहर बाद तीन बजे तक बच्ची के घर न पहुंचने पर परिवार के लोग उसे खोजते हुए जब पहुंचे तो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया और बच्ची वहां नहीं मिली।

इसी बीच देर शाम को कुछ बच्चों ने दुधौरा व छबिलहा गांव के बीच स्थित तालाब में बच्ची का शव देखा तो परिवार वालों को सूचना दी। बच्ची का शव गांव से लगभग 600 मीटर दूर तालाब में मिलने व शरीर पर निशान देख अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही थी, मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिक्षामित्र सुरेंद्र उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। हत्या से जुड़े सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

# दुकान से खाद, मोबिल व हार्डवेयर के सामान चोरी



हार्डवेयर की दुकान में चोरी होने पर जुटे लोग ●जागरण

**जागरण संवाददाता, दुबौला, बस्ती** : कप्तानगंज थाने के मुडिलवा गांव में चोरों ने एक हार्डवेयर की दुकान को निशाना बनाया है। दरवाजा और ग्रिल तोड़कर दुकान में घुसे चोरों ने कई सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

थानाक्षेत्र के मधवापुर गांव निवासी सत्यम पांडेय ने बताया कि उनके पिता रामगणेश पांडेय, बगल के मुड़िलवा गांव के सामने हार्डवेयर और खाद बीज की दुकान चलाते थे। फरवरी माह में उनका निधन हो गया था। इसके बाद सत्यम के भाई शुभम दुकान पर बैठने लगे। डेढ़ माह पूर्व दुकान बंद कर शुभम बाहर कमाने चले गए। तब से दुकान बंद चल रही थी। मंगलवार की रात चोर पहले पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और पीछे रखा खाद, सल्फर, जिंक व खेती में प्रयोग होने वाले अन्य रासायनिक सामग्री चोरी कर लिए। मकान के बीच में जो दरवाजा लगा था उसका ताला चोर नहीं तोड़ पाए, तो आगे से उन्होंने छत के पास लगी ग्रिल को उखाड़ लिया। आगे के कमरे में रखा 40 लीटर मोबिल, हार्ड वेयर के तमाम सामान चोरी कर लिए। सुबह जब गन्ने के खेत में राहगीरों ने कुछ सामान फेंका देखा उन्होंने सत्यम को सूचना दी।

# रंजिश में मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** हर्रैया थाने के शेरवाडीह गांव निवासी गुल मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के सादे, सुभान व समसुद्दीन ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। वहीं परसरामपुर के बैठोलिया गांव निवासी आत्माराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके घर के सामने से आरसीसी रोड पर आने-जाने से मना करने की बात को लेकर गांव के बुधई व अन्य ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। (जासं)

# गोकशी के मामले में लिप्त लोगों पर हो कार्रवाई

**जासं, बस्ती :** शिव सेना के जिला प्रमुख प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुरच्चक गांव में हुए गोकशी के मामले में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला प्रमुख ने कहा कि सरकार के कड़े निर्देश के बावजूद गोकशी की घटनाएं शर्मनाक है। गदापुरच्चक गांव में हुए गोकशी मामले में जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। निर्दोषों का अकारण उत्पीड़न न किया जाय। कहा कि गोशालाओं में जो पशु लाए जाए उन्हें पूरा पोषण मिले। घायल पशुओं का इलाज कराया जाए। घूमने वाले बेसहारा पशु आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।

## एक नजर में

# बिजली चोरी का मुकदमा

**हर्रैया, बस्ती :** लगातार बढ़ती बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर 12 लोगों के खिलाफ अवैध बिजली चोरी मुकदमा दर्ज कराया है। हर्रैया के एसडीओ अनंत यादव ने जेई राजकुमार यादव व लाइनमैन हरेंद्रर व दयाशंकर के साथ गढ्हा राजा गांव में छापेमारी किया हैं। गांव में 12 लोग कटिया लगाकर विद्युत का उपयोग करते हुए पाए गए। एसडीओ ने बताया कि बिजली चोरी करने के आरोप में रामदीन वर्मा, राम जनक वर्मा, महेश यादव, अर्जुन, काशी प्रसाद, सिरमती, सुखलाल, श्याम शरण, बिंदेश्वरी, सरयू प्रसाद, गंगाराम, रामभवन पर बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया है।

# पुलिस की मदद से 12 वर्ष बाद परिवार से मिला कृष्णा




पुरानी बस्ती पुलिस ने लापता युवक को परिजनों से मिलवाया • जागरण

- **सोनौली महाराजगंज का रहने वाला है युवक**
- **संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस को मिला युवक**

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुरानी बस्ती पुलिस ने 12 वर्ष बाद एक परिवार को उसकी खुशियां लौटाई तो हर किसी की आंख डबडबा गई। परिवार से बिछड़े 32 वर्षीय युवक को पुलिस ने उसके परिवारवालों को सिपुर्द किया तो उन्होंने पुलिसकर्मियों के प्रति आभार जताया।

थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को रेलवे स्टेशन बस्ती के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच एक युवक भटकता हुआ वहां पहुंचा। पुलिस को संदेह हुआ तो उसने पूछताछ की। युवक ने अपना नाम कृष्णा पुत्र स्व.रामदेव निवासी नगर पंचायत सोनौली वार्ड नंबर एक आंबेडकर नगर थाना सोनौली जनपद महाराजगंज बताया। इसके आधार पर युवक के परिवार वालों से संपर्क किया गया तो पता चला कि वह पिछले 12 वर्षों से लापता था। परिवार के लोग ढूंढते-ढूंढते थक चुके थे। वे उसके मिलने की उम्मीद भी खो चुके थे। जैसे ही उसके मिलने की सूचना परिवारीजन को मिली वह खुशी से फूले नहीं समाए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार के लोगों को पुरानी बस्ती थाने पर बुला कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसकी बहन गुंजा देवी पत्नी राजकुमार, पूनम पत्नी अरविंद, रूबी कुमारी पुत्री स्व. रामदेव एवं चचेरे भाई रामअचल की सिपुर्दगी में उसे सौंप दिया गया।

# चेन स्नेचिंग करने की आरोपित महिला गिरफ्तार

**जासं, कलवारी, बस्ती :** कलवारी पुलिस ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन सरयू नदी के टांडा घाट पर स्नान करने गई वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन उड़ाने की आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि कलवारी मुस्तकम गांव निवासी संतोष कुमार सिंह ने एक महिला चेन स्नेचर पर अपनी मां के गले से चेन छीनने का आरोप लगाया था। कलवारी पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज आरोपित महिला चेन स्नेचर की तलाश कर रही थी। बुधवार को गायघाट की तरफ जाते समय दिन में 12.30 बजे पाऊं चौराहे पर शिकायतकर्ता ने महिला स्नेचर को देखा तो पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रीना देवी निवासी मीरगंज भुवरिया थाना कोतवाली संत कबीर नगर बताया।

# अपहरण की सूचना के चार घंटे में ही बालक बरामद



अपहरण की सूचना के बाद बरामद बालक तथा पुलिस व परिवारीजन ● जागरण

**जासं, बभनान, बस्ती :** बभनान कस्बे में उस समय लोग सन्न रह गए जब स्कूल जाते समय एक बालक के अपहरण की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना के चार घंटे बाद बालक को बभनान से लगभग 10 किलोमीटर दूर गौर ओवरब्रिज से बरामद कर लिया।

बुधवार को नगर पंचायत बभनान के वार्ड नंबर 11 बागेश्वर नगर निवासी प्रदीप जायसवाल ने पुलिस को सूचना दिया कि बभनान कस्बे में स्थित एक स्कूल में जाते समय उनके 10 वर्षीय पुत्र अंश को अज्ञात व्यक्ति अपनी बाइक पर बैठा कर कहीं लेकर चला गया है। चौकी इंचार्ज बभनान जनार्दन प्रसाद ने कांस्टेबल रामभवन चौरसिया,

## पुलिस ने खोजबीन कर बभनान से लगभग दस किलोमीटर दूर गौर ओवरब्रिज के नीचे से किया गया बरामद

कांस्टेबल विक्रम यादव व लवकुश यादव के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की। बाद में पता चला कि अंश मां के डांटने पर नाराज होकर स्कूल न जाने की जिद करते हुए कहीं भाग गया है। पुलिस ने जब खोजबीन शुरू की तो वह बभनान से लगभग 10 किलोमीटर दूर गौर ओवरब्रिज के नीचे बरामद हुआ। चौकी इंचार्ज ने बताया कि में अंश जायसवाल को बरामद कर उसके माता-पिता को सिपुर्द कर दिया गया है।

## तीन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का आदेश

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी /सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी आलोक वर्मा ने वाहन स्वामी के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में बीमा एजेंट, स्क्रैप डीलर सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिया है। मुकदमा दर्ज कर 15 दिन के अंदर न्यायालय को अवगत कराना होगा।

राजेश कुमार मिश्र निदेशक डानवास्को स्कूल आवास विकास कालोनी बस्ती के तरफ से संजीव कुमार भट्ट एडवोकेट ने न्यायालय में अर्जी दाखिल किया जिसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता राजेश मिश्रा वाहन संख्या यूपी 51 एम 0009 के पंजीकृत स्वामी है। 30 सितंबर 2018 को रात 8.30 बजे आगरा एक्सप्रेस वे पर वाहन होंडा कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। वाहन रायल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमित था। दुर्घटना के बाद 949905 रुपये में समझौता पक्षकारों के बीच हुआ। जिसमें से बीमा कंपनी ने 24 दिसंबर 2018 को 628905 रुपये वाहन के ऋण खाते में जमा कर दिया। बची हुई धनराशि तीन लाख बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने स्क्रैप डीलर विवेक माहेश्वरी को वाहन हैंडओवर करने पर भुगतान कराने की बात कहा था। शिकायतकर्ता को पांच नवंबर 2022 को ज्ञात हुआ कि उसका वाहन सही सलामत हालत में सड़क पर चल रहा है और बस्ती की सीमा में भी चलते हुए देखा गया है। इसकी जानकारी होने के बाद शिकायतकर्ता ने विवेक माहेश्वरी आटो वर्कशाप पृथ्वी ग्रैंड होटल के बगल अहमामऊ सुल्तानपुर रोड सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ, प्रवीण सिंह निवासी पत्रकारपुरम ग्वारी चौराहा लखनऊ व राघवेंद्र सिंह ठाकुर चौराहा गोमती नगर लखनऊ के विरुद्ध न्यायालय में शिकायत किया था।

## 37 पर जिला बदर व कुर्की का आदेश

**बस्ती।** जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन की अदालत ने गुंडा अधिनियम में सितंबर से अक्तूबर तक कुल 37 मुकदमों के आरोपियों को जिला बदर व कुर्की का आदेश दिया है।

जिले के विभिन्न थानों में लंबित गुंडा अधिनियम के मुकदमों को जिला मजिस्ट्रेट ने निस्तारित किया है। सरकार की ओर से प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन रमेंद्र मोहन मिश्र के नेतृत्व व निर्देशन में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी नीलिमा मिश्रा ने जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में सितंबर व अक्तूबर में कुल 37 मामलों में प्रभावी पैरवी कर आरोपियों के खिलाफ कुर्की व जिला बदर की कार्रवाई कराई। इसमें गुंडा अधिनियम के कुल 34 मामलों में जिलाबदर, जबकि दो गोवध व एक अन्य मामले में संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की है। संवाद

# मासूम की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## दुधौरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षामित्र व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर आरोप

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के दुधौरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गई तीन वर्षीय मासूम की मौत के मामले में 24 दिनों बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। मृतका के बाबा लालसा प्रसाद ने तहरीर में शिक्षामित्र सुरेंद्र उपाध्याय व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर पानी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देखने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा गया कि मासूम की मौत डूबने से हुई थी। फिलहाल, केस दर्ज करके मामले की तफ्तीश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, दुधौरा निवासी रवींद्र पाल की तीन वर्षीय पुत्री राशि पाल 24 अक्तूबर की सुबह अपने बाबा लालसा पाल के साथ गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर संचालित प्री नर्सरी में पढ़ने गई थी। बाबा करीब में चल रहे बाउंड्रीवाल के निर्माण में मजदूरी कर रहे थे। शाम तीन बजे तक राशि के घर न पहुंचने पर परिवार के लोग उसे खोजते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पर गए तो वह बंद था।

इसी बीच देर शाम कुछ बच्चे दुधौरा व छविलहा गांव के बीच स्थित तालाब तक तलाश करते हुए पहुंचे तो देखा कि पानी से भरे गड्ढे में राशि का शव उतराया था।




**आखिर कब चेतेंगे?**

दुबौलिया क्षेत्र के बच्चों को सामान ढोने वाली गाड़ी से खेलकूद प्रतियोगिता में ले जाया गया। संवाद

# सुरक्षा के लिए लगाएं हेलमेट और सीटबेल्ट

**नगर बाजार (बस्ती)।** यातायात जागरुकता माह के परिप्रेक्ष्य में बुधवार को बेलाड़ी स्थित डॉ. आरजी सिंह पब्लिक कान्वेंट इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट चालान के डर से नहीं, बल्कि अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए लगाएं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य होता है। इसे किसी भी प्रकार की लापरवाही करके खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए। साथ ही प्रत्येक माता-पिता व अभिभावकों को अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने कहा कि बच्चे इस बात की शपथ लें कि वे अपने अभिभावक, माता-पिता, भाई-बहन से कहेंगे कि वे बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन तथा बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन न चलाएं। उनसे नियमों का पालन करने के लिए कहेंगे। संवाद

# अपहरण की थी सूचना, चार घंटे बाद मिला बालक

बभनान (बस्ती)। बभनान कस्बे में स्कूल जाते समय एक बालक के अपहरण की सूचना पर खलबली मच गई। चार घंटे की भागदौड़ के बाद बभनान चौकी की पुलिस टीम को वह बालक 10 किलोमीटर दूर गौर ओवरब्रिज के पास मिला।

गौर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत बभनान के वार्ड नंबर 11 बागेश्वर नगर निवासी प्रदीप जायसवाल ने पुलिस को सूचना दी कि बभनान कस्बे में स्कूल जाते उनके 10 वर्षीय बेटे अंश को कोई अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर लेकर चला गया। पुलिस उसे ढूंढने निकल गई। बाद में पता चला कि अंश मां की डांटने पर स्कूल न जाने की जिद करते हुए उसका हाथ छुड़ाकर कहीं भाग गया था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि बालक को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। संवाद

# बाहर से चुस्त-दुरुस्त और भीतर की व्यवस्था अस्तव्यस्त

**बस्ती।** बाहर से चुस्त-दुरुस्त, सजग और तत्पर दिखने वाली परिक्षेत्र की पुलिस का भीतरी तंत्र सुस्त और अस्त-व्यस्त है। बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जिले के महकमे से जुड़ी शाखाओं का कामकाज सवालिया बना हुआ है। समन सेल को न तो तामीला कराने का पता है, न अपराध शाखाओं के निरीक्षकों को तफ्तीश की जानकारी है। उनको यहां तक जानकारी नहीं है कि उनके जिम्मे कितनी और किस तरह की विवेचना हैं।

परिक्षेत्र के डीआईजी आरके भारद्वाज ने पिछले दिनों एक-एक करके शाखाओं के कामकाज की समीक्षा की तो ज्यादातर शाखाओं का रवैया ढुलमुल पाया गया।

डीआईजी का कहना है कि सबको चेतावनी दी गई है। साथ ही पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारियों को भी आगाह किया गया है।

20 सितंबर को बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिले के साइबर थाना और साइबर क्राइम सेल की समीक्षा की गई। इसमें उनके कार्यों से डीआईजी असंतुष्ट नजर आए। प्रार्थनापत्रों और कार्रवाइयों का विवरण मातहत नहीं दे पाए।

21 सितंबर को तीनों जनपदों की विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखाओं के प्रभारियों को बुलाकर उनके कामकाज की समीक्षा की गई। उसमें कई कमियां पाई गईं। 29 सितंबर को तीनों जिले के मालखाना प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा की गई। वहां भी घोर लापरवाही उजागर हुई। 19 अक्तूबर को शिकायती पत्रों के निस्तारण, आईजीआरएस शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई तो वहां भी कई गड़बड़ी नजर आई। दो नवंबर को रेडियो शाखा की समीक्षा, तीन नवंबर को समन सेल/मॉनीटरिंग सेल के कार्यों की समीक्षा में भी कई बुनियादी कमियां पाई गईं। उसके सेल के प्रभारियों को पता ही नहीं था कि किन मुकदमों की उन्हें निगरानी करनी है। समन, वारंट तामिला में व्यापक कमियां पाई गईं। उन्हें चेतावनी दी गई।

**परिक्षेत्र पुलिस की शाखाओं के कामकाज की डीआईजी ने की समीक्षा**

12 अक्तूबर को डीआईजी ने तीनों जिले के यातायात प्रभारियों को तलब करके उनके कार्यों की समीक्षा की तो वहां सबसे ज्यादा खामी पाई गई। चरमराई हुई यातायात व्यवस्था को सुधारने के निर्देश प्रभारियों को दिए गए। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में कार्रवाई व ऑटो-टैक्सी स्टैंड व्यवस्थित करने की हिदायत दी।

**पीआरवी की तत्परता की हुई सराहना :** 20 अक्तूबर को परिक्षेत्र के यूपी-112 पीआरवी के कामकाज की समीक्षा की गई तो उनका रिस्पॉंस टाइम काफी बेहतर पाया गया। उसके लिए यूपी-112 के प्रभारियों की सराहना की गई। वहीं, सीसीटीएनएस के सिद्धार्थनगर की शाखा से आए कर्मचारी को सेल्यूट का सलीका पता न होने के कारण डांट पड़ी। संवाद

# पीसीएस में चयनित मेधावियों का हुआ सम्मान

## रोटरी क्लब बस्ती मिडटाउन की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम, डीएम प्रियंका निरंजन ने मेधावियों को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** रोटरी क्लब बस्ती मिडटाउन की ओर से पीसीएस परीक्षा 2021 में सफल प्रतिभागियों के सम्मान के लिए आयोजित आयोजित हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम प्रियंका निरंजन ने चयनित मेधावियों को अंगवस्त्र, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी को बधाई दी। कहा कि सभी मिलकर शिक्षा के प्रसार के लिए निपुण भारत को ऊंचाई प्रदान करने का कार्य करेंगे। सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति ने सभी प्रतिभाओं के सम्मान में अपने अनुभव साझा किए। एडीएम कमलेश चंद्र ने कहा कि हर प्रतियोगी छात्र का जो सपना होता है, आपने उसे कर दिखाया है।


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी किए गए सम्मानित। संवाद

रोटरी अध्यक्ष डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया और रोटरी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस डीएस यादव ने सभी शिक्षकों का परिचय कराया। संचालन कार्यक्रम संयोजक रोटरैक्ट मयंक श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर नीलम सिंह प्रधानाचार्य, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद माडिया, सतीश सिंघल, राजन गुप्ता, महेंद्र सिंह, अभितेष श्रीवास्तव, डॉ. एसके त्रिपाठी, उमेश श्रीवास्तव, डॉ. पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

### इनका हुआ सम्मान

गन्ना विकास इंटर कॉलेज मुंडेरवा के राम समुझ। सक्सेरिया इंटर कॉलेज के शिक्षक करुणा कांत। जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटवा कुनगाई के यशवंत कुमार सिंह। नेहरू कृषक इंटर कॉलेज भगवानपुर के शिक्षक नगेंद्र कुमार। अशोक इंटर कालेज छावनी के शिक्षक अमित कुमार पांडेय व अतुल कुमार सिंह राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की सबीहा मुमताज। विजय प्रताप इंटर कॉलेज महसों के उदयभान वर्मा। कस्तूरबा विद्यालय सल्टौआ गोपालपुर की पल्लवी सिंह। राजकीय विद्यालय इंदौनी हरैया के अमर पाल वर्मा।

# गोवंश की हत्या के दो और आरोपी गिरफ्तार

## दरोगा, प्रधान सहित 18 नामजद, 20 अज्ञात पर भी दर्ज है केस, 10 आरोपियों की मंगलवार को ही हो चुकी है गिरफ्तारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गोवंश की हत्या के मामले में सोनहा थाने की पुलिस ने बुधवार को गदापुर चक गांव के दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। अंसार अली उर्फ कल्लू और मुबारक अली गिरफ्तार किए गए हैं। इससे पहले 10 आरोपियों को मंगलवार को दिन में ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

गांव में डीआईजी आरके भारद्वाज, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने जायजा लिया। गांव में अब भी तनाव है। एहतियातन भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

मंगलवार को इस मामले के तूल पकड़ने के बाद एसपी आशीष श्रीवास्तव ने थाने के एसएचओ विनोद कुमार, हल्का दरोगा अनिल यादव, सिपाही विपिन सिंह व राहुल को निलंबित कर दिया गया। मामले में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर हल्का दरोगा अनिल यादव समेत 18 लोगों पर गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।


बुजुर्ग महिला को सुरक्षा का भरोसा दिलाने पहुंची पुलिस की टीम। संवाद

### सोनहा थाने के गदापुर चक गांव में सोमवार को सामने आया था मामला

सोमवार सुबह गदापुर चक गांव की बाग में पशु वध की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि थाने के एक एसआई और आरक्षी मौके पर पहुंचे और पशु के शव को मिट्टी में दफन करवा दिया। इस बात की जानकारी विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को हो गई।

जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी संख्या में ग्रामीणों के इकट्ठा होने की जानकारी मिलने पर एसडीएम भानपुर और एसएचओ मौके पर पहुंचे। एसडीएम की मौजूदगी में पशु के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगने लगा।

बाद में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की तहरीर पर हारून, अब्बूहाजी, हवीब, तौहिद, गुलाब, मुबारक, सफीकुल्लाह हाजी, इम्तियाज अली, रज्जाक, इश्क मिया, जाहिद होमगार्ड, सलीम, रसीद, तजामुल, जुगुन, टिल्लू और ग्राम प्रधान पवन द्विवेदी उर्फ मंटू दुबे निवासी गण गदापुर चक के अलावा एसआई अनिल यादव और अज्ञात 20 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया।

आरोपियों में से जुबेर अहमद, सहाबुद्दीन, अब्दुल अहद, तफ्सीर अहमद उर्फ जुगनू, समीर अहमद, अब्दुल कलाम उर्फ बुद्दू, फैयाज अहमद, अब्दुल रहीम, मो. मारुफ, और इकबाल उर्फ नन्हू निवासी गदापुर चक को उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# निर्दोषों पर कार्रवाई न होने के लिए दिया आश्वासन

## गांव में शांति बहाली के लिए सीओ ने प्रमुख व प्रधानों के साथ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** गदापुरचक गांव में गोवंश की हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे में निर्दोष पर किसी भी दशा में कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी, लेकिन दोषी कतई नहीं बचेंगे।

यह कहना है पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबिकाराम का। वह बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रूधौली राम कृष्ण मिश्रा के साथ ग्राम पंचायत करायन के सभागार में प्रमुख यशकांत सिंह और प्रधानों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने भरोसा दिया कि कुछ लोगों की गलती की सजा पूरे गांव को नहीं दी जाएगी। कहा कि जिन लोगों ने गांव का माहौल खराब करने का प्रयास किया है, प्रशासन उन पर निष्पक्ष तरीके से विधिक कार्रवाई करेगा।



लोगों को घर लौटने के लिए आसपास के गांवों के प्रधानों व ग्रामीणों से अपील करते सीओ अंबिका राम व ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह। संवाद

उन्होंने लोगों से पहले की तरह ही अपने घरों को वापस लौटने और अपनी खेती-किसानी के काम में जुटने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख के साथ अधिकारियों ने गांव का भ्रमण कर जायजा लिया। बंद घरों में मिले बुजुर्गों और महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा देते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को भी घर बुलाने की अपील की। इस मौके पर प्रधान करायन रामसागर, प्रधान पिरैलागरीब अब्दुल रशीद, मणींद्र सिंह, जिलाजीत, जयराम चौधरी, तबारक हुसैन, डब्लू चौधरी, मो. रईस सहित कई प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुलडोजर से खाली कराई सरकारी जमीन

## गौर रेलवे स्टेशन चौराहे का है मामला, न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौर।** रेलवे स्टेशन चौराहे के पीछे कई वर्षों से ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किए लोगों को वहां से हटा दिया गया है। न्यायालय के आदेश पर बुधवार को एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद के निर्देश पर नायब तहसीलदार निखलेश चौधरी, राजस्व निरीक्षक विद्याधर द्विवेदी एवं गौर पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर लगाकर कब्जे को खाली करा कर जुर्माना लगाया।

गौर ग्राम पंचायत के रेलवे स्टेशन चौराहे के पास ग्राम समाज की भूमि पर कई वर्षों से काबिज होकर दिलीप कुमार, भोगी, चंद्रभान और जयप्रकाश टीनशेड व मडई रखकर दुकान खोलकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे, लेकिन न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने सभी के मकान व दुकान को हटा दिया। चेतावनी दी गई है कि सरकारी जमीन पर यदि दोबारा कब्जा करते पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार निखिलेश चौधरी ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई है। सरकारी जमीन से कब्जे को खाली कराया गया है।



गौर में कब्जा हटवाती प्रशासन की टीम। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-11-2022

# एसपी ने बच्चों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा बुधवार को केन्द्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर के विद्यार्थियों यातायात के नियमों पाठ पढ़ाया गया तथा यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलायी गयी।

यातायात माह नवम्बर में चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात जागरुकता का पाठ पढ़ाया गया।इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को सबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र हो जाने पर ड्राईविंग लाईसेन्स बनवाने के पश्चात ही ड्राइव वाहन को ड्राइव करें।वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट, धारण करने के साथ निर्धारित गति-सीमा में यातायात नियमों का पालन करते हुये पूरी सतर्कता एवं सावधानी से वाहन चलाए। वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने, सड़क पर गलत तरीके से व अनावश्यक वाहन न खड़ा करने, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का कदापि प्रयोग न करने तथा ओवरलोडिंग से बचने हेतु अनुरोध करते हुए यातायात नियमों से जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी द्वारा सभी को यातायात के प्रतीक चिन्हों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात जागरूकता सम्बन्धी पम्पलेट्स का भी वितरण किया गया।बच्चों से अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों से जागरूक करने हेतु अनुरोध किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी रय भी उपस्थित रहे।



स्कूली बच्चो को यातायात के नियमों का पालन अपने अभिभावकों से कराने की शपथ

# दस हजार का इनामी गिरफ्तार

परसा(एसएनबी)। वुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे ढेबरुआ पुलिस ने थानाक्षेत्र के मलगहिया मोड़ के पास से दस हजार के इनामिया लुटेरा रुपम ओझा पुत्र अश्वनी ओझा निवासी ग्राम सिसवा जिला बलरामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ राहुल सिंह यादव, उपनिरीक्षक रामगति, आरक्षी राजमणि और विपिन वर्मा शामिल रहे।

# मानव तस्कर से नाबालिग बालिका को कराया गया मुक्त

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** जिले के ककरहवा बर्डर पर तैनात एसएसबी 43वी वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों द्वारा एक नबालिक युवती को मानव तस्कर के चंगुल से बचाने में सफलता पाई है। एक युवक नबालिग युवती को मोटरसाइकिल से नेपाल ले जाने के फिराक में था। लेकिन ककरहवा सीमा पर तैनात चेक पोस्ट पर जब एसएसबी के जवानों व मानव सेवा संस्थान के कर्मियों द्वारा पूछ ताछ की गई, तो मामला मानव तस्करी से प्रेरित लगा। एसएसबी66वी वाहिनी में तैनात एएचटीयू की टीम ने पूछताछ किया तो, मामला मानव तस्करी से सबंधित लगा। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सलाहुद्दीन निवासी ग्राम भदवल पोस्ट नौगढ़ थाना व जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। अग्रिम कार्यवाही हेतु एसएसबी ने मानव सेवा संस्थान की उपस्थिति में नबालिक युवती एवं पकड़े गए अभियुक्त को एएचटीयू सिद्धार्थनगर यूपी पुलिस को सुपर्द कर दिया गया।बताते चले कि आये दिन भारत नेपाल सीमा से मानव तस्करी का मामला सामने आता रहता है।प्रभारी कमाण्डेन्ट आर. केडोगरा ने बताया की भारत नेपाल सीमा पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एव अन्य प्रकार की तस्करी को रोकने के लिए लगातार एसएसबी द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## आईजीआरएस पर जनशिकायतों का निस्तारण

# सिद्धार्थनगर पुलिस का यूपी में पहला स्थान

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण के मामले में माह अक्टूबर मे जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि सिद्धार्थनगर पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तर पर आईजीआरएस की थानावार रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थ नगर के पांच थाने चिल्हिया, मोहाना, गोल्हौरा, ढ़ेबरुआ, व शोहरतगढ़ को भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बताया कि जनपद के समस्त थाना प्रभारीध्थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये गये है कि थाने पर आने वाले पीड़ितधशिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभयपक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक

**एसपी ने पुलिस टीम को दिया बधाई,कहा कि आगे भी पूरी निष्ठा के साथ करते रहे कार्य**

कार्यवाही करें। एसपी ने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है, पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भो को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भो की जांच हेतु जचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण मे वर्ष-2022 के माह अक्टूबर की मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।

जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त संदर्भो का निष्पक्ष जांच हेतु निरन्तर पर्यविक्षण किया जाता रहता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो की जांच आख्या प्राप्त होने पर जांच आख्याओं का भी गहनता से परीक्षण किया जाता है।जांच पुष्टिकारक न होने पर आईजीआरएस संदर्भ की पुनः जांच करायी जाती है ।

# अल्ट्रासाउंड मशीन सीज

बांसी,हिन्दुस्तान संवाद। सीएमओ डॉ.वीके अग्रवाल व एसडीएम प्रमोद कुमार ने बुधवार को खेसरहा सीएचसी के बगल में अवैध रूप से चल रहे नमो अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी मारी की। छापेमारी के दौरान अल्ट्रासाउंड अवैध मिलने पर सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया।

क्षेत्र के लोग बेलौहा कस्बे में सीएचसी के बगल संचालित हो रहे नमो अल्ट्रासाउंड की लगातार शिकायत कर रहे थे। लोगों का आरोप था कि बिना रजिस्ट्रेशन के सेंटर का संचालन हो रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ व एसडीएम ने बुधवार को केंद्र पर छापेमारी की।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि छापेमारी में अल्ट्रासाउंड अवैध मिलने पर सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फरार चल रहा 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। ढेबरुआ थाने की पुलिस ने बुधवार को 10 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था। उस पर लूट, हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

ढेबरुआ थानाध्यक्ष राहुल सिंह यादव ने बताया कि रूपम ओझा पुत्र अश्वनी ओझा निवासी सिसवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर पर लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। उसपर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई है। बुधवार को मलगहिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में राहुल सिंह यादव प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ, एसआई रामगति, आरक्षी राजमणि व विपिन वर्मा शामिल रहे।

## पकड़े गए आरोपित पर दर्ज हैं कई मुकदमे

आरोपित पर थाना ढेबरुआ में धारा 394, 411, 4/25 आर्म्स एक्ट, 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट, बलरामपुर जिला के गौरा चौराहा थाना में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, 8/21 एनडीपीएस एक्ट, बलरामपुर जिला के ही पचपेड़वा थाना में धारा 307 व 3/25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज है।



केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने ई-पत्रिका का विमोचन किया। • हिन्दुस्तान

# बच्चों को दी यातयात नियमों की जानकारी

सिद्धार्थनगर। केंद्रीय विद्यालय में प्रथम बार प्रकाशित विद्यालय की ई-पत्रिका का विमोचन बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने किया। कक्षा चार के छात्र आदर्श कुमार की ओर से एसपी की बनाई गई पोर्ट्रेट को प्राचार्य अश्वनी कुमार राय की अगुवाई में एसपी को सौंपा गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमरेश कुमार ने बच्चों को यातायात संबंधी जानकारी दी।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने फरार चल रहे रेप के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मिश्रौलिया घनश्याम सिंह ने बताया कि अजय निवासी उड़वलिया के खिलाफ धारा 376, 452, 506 के तहत केस दर्ज था। वह तभी से फरार चल रहा था। बुधवार को उसे चेतिया कस्बा से गिरफ्तार कर लिया गया है।



केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने ई-पत्रिका का विमोचन किया। • हिन्दुस्तान

# बच्चों को दी यातयात नियमों की जानकारी

सिद्धार्थनगर। केंद्रीय विद्यालय में प्रथम बार प्रकाशित विद्यालय की ई-पत्रिका का विमोचन बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने किया। कक्षा चार के छात्र आदर्श कुमार की ओर से एसपी की बनाई गई पोट्रेट को प्राचार्य अश्वनी कुमार राय की अगुवाई में एसपी को सौंपा गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमरेश कुमार ने बच्चों को यातायात संबंधी जानकारी दी।

# छात्रों के दो गुट आमने-सामने, पुलिस ने समझाया

सिद्धार्थनगर। शहर के बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज में बुधवार को छात्रों के दो गुट किसी बात को लेकर आमने-सामने आ गए। विवाद की आशंका को देखते हुए प्राचार्य ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत करा दिया। सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी। छात्रों से बात कर उन्हें समझा दिया गया और वह मान गए।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने फरार चल रहे रेप के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मिश्रौलिया घनश्याम सिंह ने बताया कि अजय निवासी उड़वलिया के खिलाफ धारा 376, 452, 506 के तहत केस दर्ज था। वह तभी से फरार चल रहा था। बुधवार को उसे चेतिया कस्बा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चार हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करेगी पुलिस विभाग की टीम

**जासं, सिद्धार्थनगर** : हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के लिए जिले की पुलिस ने चार हिस्ट्रीशीटरों का इतिहास खंगाला है। अब यह हिस्ट्रीशीटर पुलिस की कड़ी निगरानी में रहेंगे। जिनका इतिहास खोला गया है वह पूर्व में गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, भारतीय टेलीग्राम अधिनियम, गैंगस्टर आदि धाराओं में निरूद्ध हो चुके हैं। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से इनका इतिहास खोला गया है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस ने जिनका इतिहास निकाला है उनमें मोहाना थाना क्षेत्र के भरमी निवासी गुरुदास पुत्र बदरी व सनौवर पुत्र इशहाक, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मोहम्मद वसीम व मोहम्मद रईस उर्फ मोहम्मद नईम पुत्रगण सईद अहमद है। जिन पर संबंधित थानों की पुलिस सतत निगरानी करेगी, जिससे कि अगर यह किसी अपराधिक गतिविधि में लिप्त है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दस हजार का इनामी अंतरजनपदीय लुटेरा गिरफ्तार

**जासं, बढ़नी, सिद्धार्थनगर :** ढेबरुआ थाना अंतर्गत मलगहिया से ढेबरुआ पुलिस ने एक दस हजार इनानिया अंतर्जनपदीय लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हासिल की है। बुधवार की दोपहर गश्त के दौरान बढ़नी पचपेड़वा मार्ग पर मलगहिया मोड़ के पास से ढेबरुआ पुलिस ने पड़ोसी जनपद बलरामपुर में गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में आरोपित पचपेड़वा थाना अंतर्गत सिसवा गांव निवासी रूपम ओझा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राहुल सिंह यादव, निरीक्षक अपराध राम गति, राजमणि, विपिन वर्मा आदि शामिल रहे।

# छात्रों को कानून के साथ दी गई योजनाओं की जानकारी



विधिक शिविर में छात्रों को जानकारी देते अधिकारी ● जागरण

**जासं, सिद्धार्थनगर**: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हक हमारा भी तो है अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को सनई स्थित जय किसान इंटर कालेज प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को विधिक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही बताया गया कि समाज के कमजोर वर्ग को निश्शुल्क समक्ष विधिक सेवा उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव चन्द्रमणि ने बताया कि कमजोर वर्गों को निश्शुल्क और सक्षम विधिक सेवा उपलब्ध कराया जाता कि कोई भी नागरिक आर्थिक या अन्य नियोग्यता के कारण न्याय पाने के अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने वादकारियों को लोक अदालत के प्रति प्रेरित करने के लिए अपील की तथा यह भी कहा कि अधिवक्ता लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविरों के आयोजन में सहयोग करें। बांसी क्षेत्राधिकारी देवीगुलाम सिंह ने यातायात नियमों के संबंध में, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता ने छात्रवृत्ति एवं विभाग के अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी अरूण कुमार श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री आवास, कन्या सुमंगला व मनरेगा के संबंध में, उज्जवल कुमार त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी की ओर से श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में आबकारी निरीक्षक अजय कुमार ने मद्यनिषेध व नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। संस्थापक प्रकाश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नबीउल्लाह, श्यामा नंद श्रीवास्तव, सचिदानन्द शुक्ला, जयशंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

30 **वाहनों का चालान**: **डुमरियागंज** : यातायात माह के तहत डुमरियागंज पुलिस ने नगर पंचायत के बैदौलागढ़ चौराहे पर उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में वाहनों की जांच की। बिना हेलमेट, तीन सवारी व सीट बेल्ट न लगाने वाले कुल 30 वाहनों का ई-चालान किया गया, वहीं 25 हजार जुर्माना भी वसूल हुआ।

# पुलिस ने चार की खोली हिस्ट्रीशीट

सिद्धार्थनगर। आरोपियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने चार की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। सभी आरोपित अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

एसपी अमित कुमार आनंद ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बुधवार को गोवध, गैंगस्टर, चोरी आदि में संलिप्त चार आरोपियों के आपराधिक क्रिया-कलापों पर निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली है। गुरुदास पुत्र बदरी व सनौवर पुत्र इस्हाक निवासी भरमी थाना मोहाना, मोहम्मद वसीम व मोहम्मद रईस उर्फ मोहम्मद नईम पुत्र सईद अहमद निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

# अतिक्रमण से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

## शीघ्र अभियान चलाकर खाली कराया जाएगा इटवा चौराहे से अतिक्रमण

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर :** मुख्य चौराहे एवं इसके प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण की समस्या खत्म नहीं हो रही है, नतीजा प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है। बुधवार दोपहर में लोग जाम की समस्या से जूझते दिखाई दिए। साइकिल, बाइक सवार हों या चार पहिया वाहन, अथवा रिक्शा सवार सभी जाम से परेशान रहे।

इटवा को शहर का दर्जा मिलने के बाद भी यहां अतिक्रमण की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। इधर महीनों से प्रशासन की ओर से किसी प्रकार का अभियान नहीं चलाया गया है, जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ठेले वाले सड़क की पटरी पर दुकान लगाते हैं, तो टेंपो वाले सड़क के हिस्से में ही गाड़ी खड़ी करके सवारी भरते हैं। इसकी वजह से चाहे दोपहर हो या शाम, हर समय जाम लग जाता है। प्रतिदिन जाम की समस्या से राहगीर मुश्किल में रहते हैं। इटवा-बढ़नी चौराहे पर सबसे विकट समस्या बनी रहती है। बिस्कोहर, डुमरियागंज, बांसी मार्ग के लोग भी समस्या से परेशान रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि चौराहे पर पुलिस तैनात रहती है। जाम की समस्या पर तुरंत सक्रिय हो जाती है। जहां तक अतिक्रमण की बात है तो नगर और तहसील प्रशासन से वार्ता करके अभियान चलाया जाएगा।



इटवा मुख्य चौराहे पर जाम का दृश्य ● जागरण

### मार्ग दुर्घटना में एक की मृत्यु

**जासं, फुलमनहा :** कोल्हुई-बृजमनगंज मार्ग पर बेलौही गांव के पास दो बाइक सवार टकरा गए। जिसमें एक युवक की मृत्यु हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बुधवार की शाम दो हुई घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज ले जाया गया। जहां पर एक बाइक सवार दिलशाद निवासी कछरा पोखाई थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे बाइक सवार बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नयनसर ग्राम पंचायत के सोनौली निवासी साजिद को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

बढ़या : मिश्रौलिया पुलिस ने बुधवार को वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि अजय निवासी उड़वलिया वांछित चल रहा था। पुलिस टीम के साथ आज इसे चेतिया कस्बे से गिरफ्तार किया गया। (जासं)

# छात्रों में विवाद

# पुलिस ने कराया शांत

**सिद्धार्थनगर।** नगर के बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज में बुधवार को छात्रों के दो गुट किसी बात पर आमने-सामने आ गए। विवाद की आशंका को देखते हुए प्राचार्य ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंच गई और विवाद को शांत करवाया।

**नगर के बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज का मामला**

रेलवे स्टेशन के पास स्थित बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज में छात्र एकत्र हुए थे। किसी बात पर छात्रों के दो गुटों में तकरार शुरू हो गई। विवाद की स्थित बन रही थी कि प्राचार्य ने सदर पुलिस को सूचना दे दी। कोतवाल अजय कुमार यादव ने टीम भेज दी।

मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दो गुटों को समझाया और चेतावनी देकर छोड़ दिया। कोतवाल सदर अजय यादव ने बताया कि जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया। पुलिस टीम के समझाने पर छात्र मान गए। संवाद

# बाइक और साइकिल की भिड़ंत के बाद मारपीट

## लोहरौली गांव के पास हुई घटना, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी



सरिता।



सिरताजी



दयाराम।

**लोटन।** कोतवाली क्षेत्र के लोहरौली गांव के पास मंगलवार को बाइक से हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई साइकिल को बनवाने के मुद्दे पर जमकर मारपीट हो गई। घर में घुसकर हुई मारपीट में 10 लोग जख्मी हो गए, उन्हें लोटन सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के केनवनिया गांव के अजीत साइकिल से अजमा नेपाल से मेला देखकर घर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि लोहरौली निवासी सत्येंद्र की बाइक ने पीछे से चपेट में ले लिया। साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सत्येंद्र ने आरोप लगाया कि अजीत अपनी साइकिल उसके घर ले आया और कहा कि मेरी साइकिल बनवाकर भेज देना। फिर घर आकर अपने परिवार वालों को साथ लेकर चार किलोमीटर दूर लोहरौली पहुंचा।

घर में घुस कर मारपीट की। इस घटना में सिरताजी, सुभावती, सर्वजीत, राजेंद्र, सीता, सरिता, सावित्री, सत्येंद्र कुमार, दयाराम जख्मी हो गए। सत्येंद्र के पिता राजेंद्र ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अजीत कुमार, रामप्रकाश, नितेश कुमार, शैलेश कुमार, सुजीत कुमार के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल देवनंदन उपाध्याय ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाना की पुलिस ने दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी को बुधवार को चेतिया कस्बे से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। मिश्रौलिया थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि क्षेत्र एक गांव की युवती ने 14 अक्तूबर को थाने में तहरीर देकर एक युवक पर आरोप लगाया कि उसके साथ उसने दुष्कर्म किया है। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने मंगलवार देर शाम सोनौली नानकार गांव के पास से एक व्यक्ति को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा और चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि अवैध शराब बनाने की रोकथाम के लिए मंगलवार देर शाम सोनौली नानकार गांव में दबिश दी गई। मौके से एक व्यक्ति को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया, उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज करके चालान कर दिया गया। संवाद

# अवैध रुप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज

**खेसरहा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को नमो अल्ट्रासाउंड सेंटर, खेसरहा में छापा मारा। जांच के दौरान पता चला कि अल्ट्रासाउंड सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहा है।

उसे सीज कर दिया गया। एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार एवं सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने खेसरहा पुलिस के साथ जांच की। सीएमओ ने बताया कि नमो अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत नहीं था और अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। अल्ट्रासाउंड मशीन को सीज कर खेसरहा थाने को सुपर्द कर दिया गया। संवाद

# 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

तुलसियापुर। ढेबरुआ पुलिस ने बुधवार को 10 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ राहुल सिंह यादव ने बताया कि बुधवार को सुबह सवा नौ बजे एनएच-730 पर बढ़नी-पचपेड़वा के बीच मगहिया मोड़ पर 10 हजार का इनामी बदमाश रूपम ओझा निवासी ग्राम सिसवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि रूपम ओझा के खिलाफ ढेबरुआ थाने के अलावा बलरामपुर के पचपेड़वा व गौरा थाने में भी मुकदमे दर्ज हैं। संवाद

# ई-पत्रिका नव पल्लव का हुआ विमोचन

सिद्धार्थनगर। केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को ई-पत्रिका नव पल्लव का विमोचन किया गया। पत्रिका में विद्यालय के क्रियाकलाप की रूपरेखा तथा नए सृजन का सार है।

केंद्रीय विद्यालय की पहली बार प्रकाशित पत्रिका का विमोचन के बाद एसपी अमित कुमार आनंद किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को यातायात के नियम बताए। बच्चों से उनके मन में चल रहे विभिन्न प्रकार के यातायात से संबंधित प्रश्नों को जाने की कोशिश की गई। बच्चों के सवालों का जवाब दिया गया। छात्रों ने ट्रैफिक नियम का पालन करने तथा अपने अगल-बगल के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

एसपी ने विद्यालय के बाल वाटिका के कक्षाओं का अवलोकन किया तथा कार्य अनुभव कक्षा एवं कला विभाग का निरीक्षण किया। टीआई अमरेश कुमार द्वारा पोस्टर के माध्यम से बच्चों को यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्राचार्य अश्विनी कुमार राय ने एसपी का स्वागत किया। संचालन आरबी मिश्र ने किया। इस दौरान धर्मेंद्र जायसवाल, राजेश कुमार यादव, रिचा श्रीवास्तव, रामललित उपस्थित थे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-11-2022

# जनपद स्तरीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण शुरू

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली उत्तर प्रदेश परियोजना (आपात सेवाएं 112) में चार पहिया-दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमाण्डर-सब-कमाण्डर का जनपद स्तरीय 18 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी लाइन्स दीपांशी राठौर द्वारा किया गया। क्षेत्राधिकारी ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, निरीक्षक डायल -112 श्रीमती मंजू सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चाट की दुकान में तोड़फोड, तीन नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की रात करीब 11 बजे कुछ मनबढ़ों ने एक चाट की दुकान में जमकर ताण्डव मचाया। मनबढ़ों ने चाट की दुकान में तोड़फोड़ करते हुए जहा जरूरी सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया तो वहीं दुकानदार समेत उसके मामा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अशरफपुर निवासी रामअशीष पुत्र दिनेश अशरफपुर में चाट की दुकान करता है। पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की रात करीब 11 बजे बगल के तुर्कवलिया नायक गांव निवासी मनबढ़ शैलेष निषाद व मुकेश निषाद पुत्रगण राजेन्द्र निषाद तथा चपरापूर्वी गांव निवासी विकास पुत्र अज्ञात रामअशीष के चाट की दुकान पर पहुंच गए और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। इस बीच रामअशीष और उसके मामा मुकेश पुत्र रामचेत ने जब तोड़ फोड़ करने से उक्त मनबढ़ों को मना किया तो मनबढ़ों ने रामअशीष और उसके मामा मुकेश को मारपीअ कर घायल करके जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायल रामअशीष की तहरीर पर उक्त हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,427,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव तथा उनकी टीम द्वारा वाहन चालकों/मालिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु पम्पलेट वितरित किया गया। यातायात सुरक्षा हेतु बनाए गए मैपल एप के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी। इस अवसर पर उ.नि. भोला प्रसाद, हे.कां. अजय राय, सुरेन्द्र प्रसाद, कां. मयंक पाठक, राममगन, अजय पाण्डेय सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकती मिली बालिका



सेमरियावां (एसएनबी)। दुधारा थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही बुधवार को लगभग दो बजे संदिग्ध परिस्थितियों में 14 वर्षीय बालिका का शव छत की कुंडी से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दुधारा अनिल कुमार दूबे ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच में जुट गए। वहीं इस दौरान घटनास्थल की जांच फोरेंसिक टीम द्वारा भी की गई। करही गांव निवासी मृतक बालिका रागिनी कुमारी के पिता शिव कुमार यादव के अनुसार वह और पत्नी खेत में गये तथा लगभग दो बजे खेत का काम खत्म करके आए तो घर का दरवाजा बंद था। उन्होंने पुत्री को आवाज दी लेकिन वह नहीं आई जब उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से बंद मिला तथा झांक कर देखने पर बेटी का शव दुपट्टे के माध्यम से कुंडी में लटकता मिला। पिता के अनुसार बेटी घर ही रहती थी और पिछले वर्ष कक्षा 8 उत्तीर्ण किया था। चार पुत्रों एवं दो पुत्रियों में मृतक बालिका सबसे छोटी है। घर पर माता-पिता के अतिरिक्त 17 वर्षीय भाई प्रीत यादव ही रहता था लेकिन घटना के वक्त कोई उपस्थित नहीं था। फिलहाल स्थानीय पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दुधारा अनिल कुमार दूबे ने बताया कि शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। आवश्यक जांच की जा रही है।

# पंपलेट को लेकर किया जागरुक

संतकबीरनगर। जनपद की यातायात पुलिस ने बुधवार को वाहन चालकों के बीच में पंपलेट वितरितकर नियम पालन के लिए जागरूक किया।

यातायात माह नवम्बर 2022 पर प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव की टीम ने वाहन चालकों व वाहन मालिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए पम्पलेट वितरित किया।

यातायात सुरक्षा के लिए बनाए गए मैपलस एप (mappls app) के सम्बन्ध में सभी को जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारीं न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के लिए प्रेरित किया। वाहन चलाते समय हैलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# आठ लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**कार्रवाई**

- कोतवाली क्षेत्र के चंगेरा मंगेरा गांव का मामला
- घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए भेजवाया
- केस दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आठ लोगों के विरूद्ध गंभीर धारा में केस दर्ज किया है।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के चंगेरा मंगेरा गांव निवासी छट्ठूराम ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि सुबह सात बजे के लगभग अपने 1/3 भाग के हिस्से में फसल बोने के लिए इंजन से पानी चला रहे थे। इसी दौरान गांव के रूदल पुत्र रामनयन, गौरव पुत्र रूदल, लालचन्द व उदयराज पुत्र रामानन्द, शेषनाथ, बैद्यनाथ पुत्र उदयराज, कन्हैया, कृष्णा पुत्र लालचन्द एक राय होकर हमारे ऊपर लाठी, बांस के टुकड़े, सरिया कुदाल आदि से लैस होकर आये तथा भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की नियत से उतावले हो गए।

उक्त लोगों ने इंजन को बन्द करके जलाने का प्रयास किया। साथ ही दूसरे खेत में बोई हुई फसल जो लगभग 10 हदिन पहले से बोया था आलू लहसुन एवं प्याज सभी लोग जबरन फावड़ा व कुदाल से गिराकर नष्ट कर दिए। उक्त लोग घर में घुसकर पीड़ित के साथ ही घर की लड़कियों औरतों को भी लात, घूसा से काफी मारा पीटा। घटना के बाद से ही परिजन काफी भयभीत हैं तथा कभी भी उक्त लोग जान से मार सकते हैं। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र के अनुसार आरोपितों के विरूद्ध सुसंगत धारा में केस दर्जकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घायलों को मेडिकल परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने 146 वाहनों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 146 वाहनों से जुर्माना भरवाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 146 वाहनों के चालकों से एक लाख 51 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# शादी में गया था परिवार चोरों ने खंगाला घर

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के शहर बरदहिया मोहल्ले में चोरी का मामला प्रकाश में आया। शादी में परिवार गया हुआ था और रात के समय चोरों ने घर को खंगाल लिया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि बरदहिया बाजार स्थित शाहजहां खातून ने अपने शिकायत में बताया कि आठ नवंबर को शाम के समय परिवार के साथ एक शादी के कार्यक्रम में चली गई थी। रात के समय चोरों ने घर में घुसकर रखा हुआ जेवर, घरेलू सामान व 30 हजार रूपए नकदी चोरी कर लिया। शादी से वापस घर पहुंचने के बाद चोरी के घटना की जानकारी हो पाई। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट में घायलों को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। यूपी 112 पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट व विवाद की घटना में घायलों को उपचार के लिए भेजवाया।

पीआरवी 3311 को थाना धनघटा क्षेत्र के रामबाग घाट से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट व विवाद से दो व्यक्तियों के घायल होने के संबन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर विवाद शान्त कराकर मारपीट में घायल आशीष पुत्र दिनेश, मुकेश पुत्र रामचेत ग्राम अशरफपुर को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मलौली भेजवाकर घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा पुलिस को सूचना दी। पीआरवी कर्मियों ने मौके पहुंच मारपीट में घायलों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचायी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

**सख्ती**

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म, अपहरण व पोक्सो एक्ट मामले में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता के अनुसार वह गरीब औरत है। पति पत्नी दोनों मेहनत मजदूरी करते हैं। उसकी दो लड़किया हैं। जिसमें अपनी बड़ी लड़की उम्र 13 साल का विवाह आरोपित विरेन्द्र कुमार वर्मा से तय कर दिया था।

कुछ सभ्रांत लोगों के बताने पर कि नाबालिग का विवाह अपराध है , उसने विवाह से इंकार कर पांच साल बाद विवाह की बात तय की। 5 नवंबर को सुबह सभी लोग काम पर चले गए। दिन में लगभग 11 बजे जब वह काम से घर वापस आई तब देखा कि घर का दरवाजा खुला हैं एवं सारा सामान बिखरा पड़ा था। इससे परेशान होकर अपनी लड़की की खोजबीन करने लगी। पता न चलने पर स्थानीय थाना पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर अगले दिन लड़की सुबह घर वापस आई। उसके बाल व कपड़े बेतरतीब थे और वह काफी डरी एवं घबराई हुई थी। उसे रोता हुआ देखकर कुछ सम्भालने के बाद पूछताछ की तो वह बताई कि विरेन्द्र और उसके दो साथी घर पर आए थे और जबरदस्ती उसे उठा ले गए और गलत काम किया। उनके चंगुल से किसी तरह भाग कर घर आई।

जिसकी शिकायत विरेन्द्र के पिता से की तो वह लोग गाली देकर आमदा फौजदारी हो गए। कोतवाल ने बताया कि पीडिता के प्रार्थना पत्र पर मामले में आरोपित वीरेंद्र, हुबलाल व दो अन्य साथी के विरूद्ध सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों का शुरू हुआ प्रशिक्षण

**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को पुलिस आपात कालीन प्रबन्धन प्रणाली उत्तर प्रदेश परियोजना ( आपात सेवाएं 112 ) का प्रशिक्षण कराया गया। चार पहिया, दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमाण्डर, सब-कमाण्डर का जनपद स्तरीय 18 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी लाइन दीपांशी राठौर ने किया।

क्षेत्राधिकारी ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, निरीक्षक डायल - 112 मंजू सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बैंक के अंदर से उचक्कों ने व्यवसायी के रुपये उड़ाए

- शहर के एक व्यवसायी 1.20 लाख जमा करने गए थे बैंक
- सीसीटीवी फुटेज के सहारे उचक्कों की पहचान में जुटी पुलिस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर स्थित एक बैंक में रुपए जमा करने व्यक्ति को झांसे में लेकर उसके रुपए गायब करने का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित ने मामले की जानकारी कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दिया। सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि गोलाबाजार स्थित बैंक में खलीलाबाद शहर के रहने वाले व्यवसायी 1.20 लाख रूपए जमा करने गए हुए थे। पीड़ित के अनुसार वह जमा फार्म भरकर रूपए जमा करने के लिए लाइन में लगे हुए थे। इसी बीच किसी ने आकर उससे फार्म गलत होने की बात कहा। इसके बाद वह फार्म भरने चले गए। रुपए गिनने के बाद फिर से जब जमा करने पहुंचे तो उसमें से रुपए कम मिले। पीड़ित से मामले की जानकारी लिया जा रहा है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस टीम सीसीटीवी व अन्य माध्यम से मामले की जांच कर रही है। जो मामला सामने आएगा उसके अनुरूप अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिभंग में सात लोगों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में सात आरोपितों का शांति भंग की आशंका में चालान किया। थाना खलीलाबाद पुलिस ने तीन और महुली थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले में चार आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद संबंधित न्यायालय रवानाकर दिया।

# अधिवक्ता की तहरीर पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** जनपद न्यायालय के अधिवक्ता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि सिविल कोर्ट के अधिवक्ता संतोष राय ने अपने शिकायत में बताया कि छह नवंबर को रात 9.15 बजे उनके चाचा हरिगोविन्द राय पुत्र केदारनाथ राय अकारण ही शराब पीकर विधवा मां को घर पर अकेले पाकर भद्दी-भद्दी गाली देने लगे। मां ने अन्दर से दरवाजा बन्द कर अपनी जान बचाई। अगले दिन शाम 4.30 बजे हरिगोविन्द राय के लड़के कृष्ण कुमार राय उर्फ डिम्पू उनको जान से मारने की नियत से खोज रहे थे। न्यायालय से अपनी पत्रावली में पैरवी करने एडीआर बिल्डिंग के सामने पहुंचा ही था तभी कृष्ण कुमार राय उर्फ डिम्पू ईंट उठाकर जान से मारने की नियत से गाली देते हुए हमला कर दिया। किसी तरह कई अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव करके उनकी जान बचाया।

ोतवाल ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर कृष्ण कुमार राय उर्फ डिम्पू पुत्र हरिगोविन्द राय एवं हरिगोविन्द राय पुत्र केदारनाथ राय निवासी बेलहरकला थाना बेलहर कला मोहनापुर नरायणपुर कालोनी थाना शाहपुर चौकी पादरी बाजार जनपद गोरखपुर के विरुद्ध सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# यातायात के नियमों की लोगों को जानकारी देने को बांटे गए पंपलेट

जासं, संतकबीर नगर: यातायात माह नवंबर 2022 को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव ने टीम के साथ वाहन चालकों व वाहन मालिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए पंपलेट वितरित किया। यातायात सुरक्षा के लिए बनाए गए मैपल एप के संबंध में जानकारी दी गयी।

प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने की अपील की गयी। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक भोला प्रसाद, हेड कांस्टेबल अजय राय, सुरेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल मयंक पाठक, कांस्टेबल राममगन, अजय पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट

सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर किया है। तहरीर में लिखा गया है कि सोमवार की देर शाम को मेरी 14 वर्षीय बेटी घर में खाना बना रही थी। मैं कुछ काम से बाहर गई थी। उसी बीच गांव के ही बाढ़ू, ब्रह्मदेव और चन्द्रेश हमारे घर में घुस गए और बेटी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। मेरी पुत्री ने शोर मचाया तो मैं भी मौके पर पहुंच गई। मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस नें तीनों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (जासं)

# साइबर अपराध के प्रति छात्र छात्राओं को किया जागरुक



जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: थाना बखिरा के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद यादव, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार यादव द्वारा बेगम इशहाक इंटर कालेज नंदौर तथा कौशल विकास केंद्र भिटवा के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के संबंध में जागरूक किया गया। साइबर अपराध पर प्रभावी नियत्रंण के लिए प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले रोडवेज बस स्टैण्ड, मुख्य चौराहों, विद्यालयों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर आम जनता को जागरूक किया गया।

इस दौरान बच्चों को इन्टरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट व यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव के बारे में बताया गया। फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियों की भी जानकारी दी गयी। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, वाट्सएप आदि साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में बताया गया। इस दौरान साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्राड , डेबिट,क्रेडिट व बायोमेट्रिक कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड,फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्राड, पालिसी,चिट फंड,लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्राड के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेंचने से संबंधित फ्राड आदि के बारे में जानकारी दी गयी। जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों में पम्पलेट भी वितरित किए गए।

# आपात सेवा के पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ

संतकबीर नगर : रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस आपात कालीन प्रबंधन प्रणाली (आपात सेवाएं 112) में चार पहिया व दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमांडर व सब-कमांडर के जनपद स्तरीय 18 दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन दीपांशी राठौर ने किया। क्षेत्राधिकारी ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखने की बात कही। इसके साथ ही तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व पुलिस के साथ बेहतर समन्वय रखने पर जोर दिया। (जासं)

# उचक्कों ने टेंट व्यवसायी के 78 हजार रुपये उड़ाए

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद के गोला बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से उचक्कों ने एक टेंट व्यवसायी के 78 हजार रुपये बुधवार को उड़ा लिए। मौके से फरार हो गए। वह व्यवसायी 1.36 लाख रुपये बैंक में जमा करने के लिए गया हुआ था। उचक्कों ने झांसा देकर व्यवसायी के झोले में से ये रुपयें उड़ा लिया।

- कोतवाली खलीलाबाद के गोला बाजार पंजाब नेशनल बैंक की घटना
- 1.36 लाख रुपये बैंक में जमा करने के लिए गया था व्यवसायी

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के सरैया बाईपास पर एचआरपीजी कालेज के पास छोटेलाल की टेंट की दुकान है। टेंट की दुकान में कानपुर के व्यापारी का सामान आता है। बुधवार को दोपहर के करीब एक बजे के दुकान के मालिक छोटेलाल छोटे बेटे अमन के साथ कानपुर के व्यापारी के एकाउंट में पैसा जमा करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक की गोला बाजार शाखा में गए थे। वहां पर बैंक में बाउचर भरकर तथा झोले में पैसा लेकर लाइन में लग गए। इस दौरान युवक आया और उनके हाथ से बाउचर ले लिया तथा कहने लगा कि बाउचर गलत भरा हुआ है। इसके बाद वह बाउचर चेक करने के नाम पर उन्हें किनारे ले गया तथा बाउचर के साथ ही झोले में रखे नोटों को भी चेक किया। इसके बाद कुछ संशोधन करके झोला व बाउचर उन्हें वापस कर दिया। उसके जाने के बाद जब उन्होंने झोले के नोट को गिना तो पाया कि उसमें मात्र 58 हजार रुपये ही बचे हुए हैं, बाकी 78 हजार रुपये गायब हैं। इसके बाद वे भागते हुए बैंक के बाहर लड़के के पास गए। तब तक वह युवक मौके से फरार हो चुका था। इस बात की लिखित सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच की। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही चल रही है।

# बाप-बेटे समेत आठ के खिलाफ केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के चंगेरा- मंगेरा में घर में घुस कर मारने-पीटने के मामले में बाप-बेटे समेत आठ के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

चंगेरा- मंगेरा निवासी छट्ठूराम पुत्र मेवालाल का आरोप है कि वह अपने खेत में फसल बोने के लिए पानी चला रहे थे। उसी दौरान गांव के रूदल, गौरव, लालचंदव, उदयराज आदि गोलबंद होकर आए।

आरोप है कि लोग इंजन बंद करके जलाने का प्रयास करे रहे थे। दूसरे खेत में बोये लहसुन, प्याज को फावड़े से खोद कर नष्ट कर दिए। आरोप है कि लोग उसके घर में घुसकर उसे, लड़कियों, महिलाओं को लात, घूसों से मारापीटा।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि मामले में रूदल,. गौरव, लालचंद, उदयराज, शेषनाथ, बैद्यनाथ, कन्हैया और कृष्णा के खिलाफ बलवा; घर में घुसकर पीटने, अपशब्द कहने, जानमाल की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया। संवाद

# जन सेवा की भावना से पीड़ितों की करें मदद : सीओ

संतकबीरनगर। बुधवार को डायल 112 नंबर पीआरवी पर नियुक्त 24 पुलिसकर्मियों के 18 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सीओ लाइंस दीपांशी राठौर ने कहा कि पुलिस आपात कालीन प्रबंधन प्रणाली उत्तर प्रदेश परियोजना (आपात सेवाएं 112) में चार पहिया/दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमांडर/सब-कमांडरों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

पुलिस कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, निरीक्षक मंजू सिंह आदि उपस्थित रहे। संवाद

# नियमों का पालन कर जीवन करें सुरक्षित : टीआई

संतकबीरनगर। टीआई बृजेश यादव ने यातायात नियमों का पालन करने की वाहन चालकों को सीख दी। नियमों का पालन करके जिंदगी सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान पैंफ्लेट का वितरण भी किया।

टीआई बृजेश ने अपनी टीम के साथ वाहन चालकों / वाहन मालिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पैंफ्लेट वितरित किया। यातायात सुरक्षा के लिए बनाए गए मैपल एप के संबंध में जानकारी दी।

टीआई ने हादसों की रोकथाम के उपाय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाएं। बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाएं। नशे की हालत में गाड़ी कत्तई न चलाएं। वाहन को ओवर स्पीड से चलाने से बचें। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग खुद करें।

अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आस-पास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर एसआई भोला प्रसाद, हेडकांस्टेबल अजय राय, सुरेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल मयंक पाठक, राममगन और अजय पांडेय आदि उपस्थित थे। संवाद

# संदिग्ध हाल में किशोरी की जान गई



दुधारा थाना क्षेत्र के करही गांव में गमगीन परिजन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सेमरियावां।** दुधारा क्षेत्र के करही गांव में बुधवार को संदिग्ध हाल में किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिक गई है।

करही गांव निवासी 14 वर्षीय रागिनी पुत्री शिवकुमार यादव उर्फ भुल्लन यादव की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पीड़ित पिता ने बताया कि वह पत्नी के साथ खेत में गए थे। करीब दो बजे खेत से घर लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा बंद था। उन्होंने पुत्री को आवाज दी, लेकिन कोई हरकत नहीं आई। जब उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से बंद मिला तथा झांककर देखने पर बेटी का शव दुपट्टे से कुंडे में लटका मिला।

पिता के अनुसार बेटी घर ही रहती थी और पिछले वर्ष कक्षा आठवीं उत्तीर्ण की थी। चार पुत्रों एवं दो पुत्रियों में रागिनी छोटी थी। घर पर माता-पिता के अतिरिक्त 17 वर्षीय भाई प्रीत यादव ही रहता था, लेकिन घटना के वक्त कोई उपस्थित नहीं था।

एसओ अनिल कुमार दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सर्प दंश से पीड़ित युवक की उपचार के दौरान मौत



शिवा यादव (फाइल फोटो)

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के सकरैचा गांव निवासी सर्प दंश से पीड़ित युवक की उपचार के दौरान बुधवार को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में मौत हो गई। जैसे ही पीड़ित परिजनों को घटना की जानकारी हुई, कोहराम मच गया। पीड़ित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। सकरैचा ग्राम प्रधान के देवर शेषनाथ यादव ने बताया कि गांव के 22 वर्षीय शिवा यादव पुत्र राजेश यादव कंबाइन मशीन पर हेल्पर का काम करते थे। मंगलवार शाम वह लखनोहर में कंबाइन मशीन पर काम कर रहे थे। उसी दौरान शिवा को जहरीले सर्प ने डंस लिया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी नाथनगर ले गए, जहां से उसे पहले जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में बुधवार सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पीड़ित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। संवाद

# पिता-पुत्र की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने पिता-पुत्र के हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के इमिलडीहा निवासी गणेश प्रसाद अपने छोटे बेटे धर्मवीर के साथ 17 अगस्त 2022 की शाम गांव के पूरब खेत में बोरिंग से पानी चलाने गए थे। उसकी रखवाली के लिए झोपड़ी में चारपाई पर बाप-बेटे सोए थे।

सोने के दौरान पिता- पुत्र की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित पत्नी गौसती देवी ने इस मामले में कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था।

विवेचना के दौरान क्षेत्रीय लोगों के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया गया। जिसके आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि गांव

## 17 अगस्त की रात खेत में सोने के दौरान धारदार हथियार से प्रहार कर की गई थी हत्या

के अनुज चौहान ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद हुआ तथा अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह योजना के अनुसार हत्या किया था।

उसने यह अभी बताया कि जब उसे इत्मिनान हो गया कि दोनों लोगों की मौत हुई है, तब वह घटना में प्रयुक्त हथियार को मोटरसाइकिल की डिक्की में छिपा दिया था।

आरोपी अनुज चौहान की तरफ से जमानत अर्जी कोर्ट में दाखिल की गई। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने जोरदार विरोध किया।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# मनकापुर में बालश्रम मिलने पर दो प्रतिष्ठानों को नोटिस

गोण्डा। बाल श्रम उन्मूलन को लेकर बुधवार को दर्जीकुंआ, मछली बाजार व मनकापुर में अभियान चलाया गया। इस दौरान बाल श्रम कराते मिलने पर दो प्रतिष्ठानों के नियोजकों को नोटिस दी गई है। डीएम और एसपी के निर्देश के क्रम में श्रम विभाग ने अभियान चलाया। चाइल्ड लाइन, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम साथ रही।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने बताया संबंधित प्रतिष्ठानों के नियोजकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान मछली बाजार चौकी इंचार्ज वीरेन्द्र शुक्ला, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के उपनिरीक्षक रामप्रसाद, चंद्रेश यादव व चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा, गौचरन, बबिता सिंह, मीनू, अरविंद भी मौजूद रहे।

# घर पर धावा बोलकर पीटा, मुकदमा दर्ज

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के चौखड़िया गांव में मंगलवार देररात कुछ लोगों ने एक घर पर धावा बोल दिया। परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही दरवाजे पर रखे सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

गांव की सरोजा देवी पत्नी शिव शंकर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे गांव के ही तीन सगे भाइयों पर हमला करने का आरोप लगाया है। बताया कि शाम को हुई कहासुनी के बाद देर रात महेश, सुनील और किशन पुत्रगण गायत्री घर में घुसकर उसके पति, देवर और ससुर को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# साइबर अपराधों से बचाव के टिप्स दिए

गोण्डा। एसपी आकाश तोमर के निर्देश पर पुलिस ने बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों को साइबर क्राइम और उससे बचाव की जानकारी दी। जिले के कई शिक्षण संस्थानों में सेमिनार आयोजित कर साइबर अपराध की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही पम्पलेट, पोस्टर के जरिए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और टोल फ्री हेल्प लाइन1930 की जानकारी दी गई।

# अवैध शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम करियापुरवा मौजा जानकीनगर की महिला को दस लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है। वहीं मोकलपुर निवासी कल्लू गौतम को भी कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया है।

# जिले में 302 स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

## सीसीटीवी कैमरों को लगवाने में पुलिस क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी लेगी मदद

**हि अच्छी खबर**

■ प्रदीप तिवारी

गोण्डा। जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए तीसरी आंख की पहुंच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। पुलिस लोगों के सहयोग से जिले के हर प्रमुख चौक - चौराहों को सीसीटीवी कैमरे से लैस की जा रही है। जिसके लिए 302 स्थानों को चिन्हित भी किया जा चुका है। सीसीटीवी कैमरों को लगवाने में पुलिस क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी मदद लेगी। सभी लोगों से इस मुहिम में भागीदारी के लिए पत्राचार भी किया जा रहा है।

एएसपी शिवराज ने बताया कि आपराधिक घटनाओं के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए बहुत मददगार साबित होती है। छोटी - बड़ी हर घटना में पुलिस अब सबसे पहले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का ही सहारा लेकर जांच आगे बढ़ाती है। सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड पुलिस जांच में मील का पत्थर साबित होते हैं। इसी के तहत एडीजी जोन ने चौक - चौराहों को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने के लिए 'आपरेशन त्रिनेत्र' की पहल की। उन्होंने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों को आपरेशन त्रिनेत्र की कामयाबी के लिए लोगों को इस मुहिम से जोड़ने को निर्देशित भी किया था।

- सीसीटीवी से लैस होगा हर क्षेत्र, जोर पकड़ रहा आपरेशन 'त्रिनेत्र'
- पंचायत प्रतिनिधियों व जनसहयोग से लगाया जाएगा कैमरा

**शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र भी होगा आच्छादित :** मंडल मुख्यालय, निकाय क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रमुख चौक - चौराहों को सीसीटीवी से लैस किया जाएगा। वहीं हाइवे पर पड़ने वाले प्रमुख कस्बों में भी लोगों को सीसीटीवी लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिले में भंभुवा, बालपुर, चौरी चौराहा, सदाशिव बाजार, तिरेमनोरमा क्रासिंग, डेहरास, रगडगंज, बलमत्थर, त्योरासी, सूकरखेत, भंभुवा चौकी, धानेपुर, मनकापुर, इटियाथोक सहित 302 स्थानों पर लोगों के सहयोग से सीसीटीवी लगवाने की योजना है।

**ग्राम पंचायतों के सहयोग के लिए डीपीआरओ को पत्र :** पुलिस महकमें ने ग्राम पंचायतों के सहयोग के लिए डीपीआरओ से भी पत्राचार किया है। बताया जाता है कि ग्राम प्रधानों, जिपं सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ब्लाक प्रमुखों से संपर्क कर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए पुलिस प्रेरित करेगी। गोरखपुर में इस मुहिम के परवान चढ़ने के बाद गोण्डा में भी अमली जामा पहनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

# 24 लाख रुपयों से बदलेगी थानों की सूरत

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस के आधुनिकीकरण के साथ ही थानों की भी सूरत बदली जाएगी। 24 लाख से अधिक रुपयों से थानों को लकदक किया जाएगा। थानों के रंग - रोगन के साथ ही परिसर को खूबसूरत बनाने के लिए अन्य जतन भी किए जाएंगे। फूल के साथ ही खूबसूरत और छायादार पेड़ों का भी रोपण किया जाएगा।

पुलिस अपनी साख मजबूत बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण के साथ ही अन्य बाहरी आवरणों को चुस्त-दुरुस्त करने की कवायद में जुटी हुई है। जिसके तहत थानों को सुविधाओं से लैस करने के साथ ही परिसर व भवनों को भी लकदक किया जाएगा। एएसपी शिवराज ने बताया कि थानों की सूरत बदलने के लिए सबसे ज्यादा परसपुर व करनैलगंज को पांच - पांच लाख की धनराशि दी जाएगी।

- थानों का कराया जाएगा रंग - रोगन, परसपुर व करनैलगंज को पांच लाख
- धानेपुर, कौड़िया, मनकापुर व कोतवाली नगर को डेढ़ - डेढ़ लाख

वहीं धानेपुर, कौड़िया, मनकापुर और कोतवाली नगर को डेढ़ - डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे जबकि इटियाथोक को एक लाख और अन्य थानों को पचास - पचास हजार रुपए सूरत बदलने के लिए दिए जाएंगे। एएसपी शिवराज ने बताया कि कुल 24 लाख रुपयों से थानों को और भी बेहतर के साथ ही खूबसूरत बनाया जाएगा। सभी थानाध्यक्षों को साफ-सफाई के लिए पहले ही निर्देशित किया गया है। थानों परिसर के भी उचित देखभाल के निर्देश दिए गए हैं।

> बदलते वक्त के साथ पुलिस का आधुनिकीकरण तेजी से हो रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद शुरू की गई है। इससे अपराधियों पर अंकुश लगाना बहुत आसान होगा। साथ ही थानों की दशा भी सुधारी जाएगी। –आकाश तोमर, एसपी

# मुकदमा कराया

**आर्यनगर** : मनोहरजोत गांव निवासी रोहित कुमार का बनगांई के पास बाइक सवार से टक्कर लग गई थी। इसमें वह घायल हो गए थे। उनके भाई पवन कुमार ने कौड़िया थाने में कटरा बाजार के निंदुरा निवासी अर्श खान पर मुकदमा कराया है। (संसू)

# रंजिश में मारपीट, चार पर केस

**नवाबगंज (गोंडा)।** चौखड़िया गांव में रंजिश को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर परिवार वालों की पिटाई कर दी। मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। थाना क्षेत्र के चौखड़िया गांव के नाथ पुरवा की रहने वाली सरोज देवी पत्नी शिवशंकर ने बताया कि मंगलवार की रात तकरीब आठ बजे गांव के महेश राना, सुनील राना, अनिल राना तथा किशन राना रंजिश को लेकर लाठी डंडा लेकर उसके घर पर चढ़ आए और उसके पति शिवशंकर, ससुर रामबरन, देवर हरिश्याम को मारने लगे। सभी को पिटता देख वह बचाने दौड़ी तो उसे भी मारापीटा और घर में तोड़फोड़ की। जिसमें रामबरन गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# ट्रैक्टर ट्राली के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने अवैध बालू खनन करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि गैसड़ी पुलिस ने अजय कुमार यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव निवासी जिगिहवा को बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार किया है।

# यातायात उल्लंघन में 195 वाहनों का कटा चालान

बलरामपुर। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 195 वाहनों का चालान किया गया। यह जानकारी यातायात क्षेत्राधिकारी ज्योति श्री ने देते हुए बताया कि ई-चालान कर एक लाख 55 हजार 600 रुपया समन शुल्क वसूला गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का अरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के बाद अभियुक्त को जरवा पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। चौकी प्रभारी बघेलखंड उपनिरीक्षक राम कुमार वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी ने अभियुक्त इसरार अहमद पुत्र निसार अहमद को नाबालिग बालिका के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने एवं बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से भगाने की शिकायत की थी।

# धोखाधड़ी के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस ने धोखाधड़ी मामले के दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हेड कांस्टेबल जावेद खान, अखिलेश यादव, रामनरेश ने चौधरीडीह के पास नोखई पुत्र राम सुमिरन व ननकऊ पुत्र आंधी को गिरफ्तार किया है।

# बाइक लूट में शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सफलता**

- बदमाश ने पुलिस टीम पर की फायरिंग, जैकेट से बची एसआई की जान
- बाइक, तमंचा, जीवित कारतूस, खोखा बरामद तीसरे की चल रही तलाश

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस ने गत दिनों हुई बाइक लूट की घटना में शामिल दो अभियुक्तों को मंगलवार देर रात कोड़री घाट के निकट गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश ने उपनिरीक्षक पर फायरिंग की। बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण उनकी जान बच गई।

बदमाशों के पास लूट की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व छीनी गई बाइक बरामद हुई है। उनके पास एक देसी तमंचा जीवित कारतूस व खोखे भी पाए गए हैं। चार नवंबर देर शाम थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत बैरही पुल के निकट अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी बाइक छीन ली थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने एसपी नम्रता श्रीवास्तव, सीओ दरवेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज को घटना का शीघ्र अनावरण का निर्देश दिया था। इसके अतिरिक्त क्राइम ब्रांच के निरीक्षक श्याम लाल यादव व सर्विलांस टीम की भी मदद बदमाशों को पकड़ने में लिए जाने की बात कही थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक मंगलवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि बाइक लूटने वाले दो बदमाश नेपाल की ओर जाने वाले हैं। वे लूटी गई बाइक को नेपाल में बेचना चाहते हैं। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज, एसआई ओम नारायण मिश्र, उपेंद्र कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सत नारायण यादव, कांस्टेबल अमित कुमार, प्रवीण यादव, कृष्णकांत पटेल, देवेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, प्रभात सिंह व अमरीश पांडेय को कोड़री घाट पुल पर गाड़ाबंदी करने का निर्देश दिया गया। लगभग ढाई बजे रात को कोड़री घाट की ओर आते हुए दो बाइक सवार दिखे। रोकने पर एक बदमाश ने उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव पर तमंचे से तीन फायर किया। तीनों गोलियां बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी जिससे उनकी जान बच गई। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। मौके पर रामपुर कोलवा निवासी करन पांडेय उर्फ विनय को पुलिस ने पकड़ लिया।

रितिक तिवारी उर्फ अभिनव तिवारी नामक दूसरा अभियुक्त मौके से भागने में सफल रहा। करन के बताने पर घटना में शामिल तीसरे अभियुक्त नहर बालागंज निवासी अक्षत श्रीवास्तव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। मौके पर दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। 315 बोर का देसी तमंचा, तीन खोखे व नाइन एमएम प्रतिबंधित बोर के दो कारतूस भी पाए गए। पुलिस अधीक्षक ने घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को बधाई दी है।

# महिला उत्पीड़न व छेड़छाड़ में तत्काल होती है कार्रवाई

## मिशन शक्ति

बलरामपुर, संवाददाता। संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। महिला उत्पीड़न व छेड़छाड़ संबंधी मामले में पुलिस तत्काल कार्रवाई करती है। महिलाएं व छात्राएं अपराध संबंधी सूचनाएं हेल्पलाइन नंबर पर दे सकती हैं। यह बातें क्षेत्राधिकारी सिटी दरवेश कुमार ने मिशन शक्ति के तहत भगवतीगंज चौराहे पर कही। सीओ सिटी मिशन जागरूकता के तहत बुधवार को लोगों को जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एंटी रोमियो टीम का बराबर लोगों के बीच में रहकर अपराध पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है। एंटी रोमियो टीम सिविल ड्रेस में चौराहे व अन्य स्थानों पर तैनात रहती है। कहा कि यूपी आपातकालीन 112 बहुत ही मददगार साबित हो रहा है। थाने में जाकर 24 घंटे महिला हेल्प डेस्क पर भी शिकायत की जा सकती है। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने कहा कि एसपी के निर्देश पर बराबर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर टीम लोगों को जागरूक भी कर रही है। महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व आत्म विश्वास दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# यातायात के नियम सबको बताये गये

बलरामपुर, संवाददाता। यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ वाहन चालकों को भी जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री ने बताया कि ग्राम धुसाह में बलरामपुर-बहराइच मार्ग पर वाहन चालकों व छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। बताया कि नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन न चलाएं, दो पहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। यातायात प्रभारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि हमेशा वाहनों के वैद्ध कागज साथ रखें। वाहनों के बीमा प्रदूषण की जांच अवश्य कराएं।

# महिलाओं को किया जागरूक

**उतरौला :** नगर क्षेत्र में पुलिस टीम ने मिशन शक्ति को लेकर महिलाओं को जागरूक किया। महिला आरक्षी रिचा अग्निहोत्री व रीना राना ने बताया कि कोई महिलाओं के साथ हिंसा करता है, अपमानपूर्वक व्यवहार करें, मोबाइल व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से परेशान करें, सार्वजनिक व कार्यस्थलों पर छेड़छाड़ करता है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटना होने पर महिलाएं तत्काल 1090 व 112 पर फोन कर सूचना दें। (संसू)

# दो आरोपित गिरफ्तार

**संसू, हरैया सतघरवा:** हरैया थाना की पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के भवानीडीह गांव निवासी ननकऊ व नोखई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 195 वाहनों का चालान

**बलरामपुर :** यातायात माह के दौरान जिले के कई थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि 195 वाहनों का चालान कर एक लाख 45 हजार 600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है। (संसू)

# दुष्कर्म आरोपित को 10 साल की कैद

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि अनिल पांडेय के विरुद्ध पाक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। तत्कालीन ललिया प्रभारी निरीक्षक बीपी यादव ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मानीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव, विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह की प्रभावी पैरवी पर न्यायालय ने उसे 10 साल कैद व 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# मुठभेड़ में बाइक लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार

## चार नवंबर को बदमाशों ने लूटी थी बाइक एक तमंचा तीन कारतूस व एक खोखा बरामद

**संसू, बलरामपुर** : देहात कोतवाली पुलिस ने बाइकसवारों पर हमला कर लूट करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। गत दिनों लुचुइया व बिथरिया परसपुर में गौरव मिश्र व भवानी प्रसाद मिश्र को लोहे की राड से हमला कर बदमाश बाइक लूट ले गए थे। पुलिस ने रामपुर कोलवा निवासी करन पांडेय व नहर बालागंज निवासी अक्षत श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा बदमाश रितिक तिवारी उर्फ अभिनव तिवारी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। लुटेरों के पास से लूटी गई प्लेटिना बाइक, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक, एक तमंचा, तीन कारतूस व दो खोखे बरामद हुए हैं।



आरोपितों के साथ पुलिस टीम व जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना दाएं ● जागरण

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि देहात पुलिस को सूचना मिली कि चार नवंबर को बैरही पुल से लूटी गई प्लेटिना बाइक को बेचने के लिए बदमाश हरैया के रास्ते नेपाल जाने वाले हैं। उपनिरीक्षक ओम नारायण मिश्र ने अपनी टीम के साथ कोड़री घाट पुल पर रात करीब ढाई बजे चेकिंग लगाई। जैसे ही दो व्यक्ति कोड़री घाट पुल की तरफ आते दिखाई दिए, पुलिस ने उन्हें रोका। अभियुक्तों ने तीन राउंड फायर किया। एक गोली उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया। उसने अपना नाम करन पांडेय उर्फ विनय पांडेय निवासी रामपुर कोलवा बताया। दूसरा बदमाश रितिक तिवारी उर्फ अभिनव तिवारी भाग निकला। तीसरे अभियुक्त अक्षत श्रीवास्तव को उसके घर नहर बालागंज से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना का अनावरण करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज, उपनिरीक्षक श्यामलाल यादव, उपेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सत्य नारायण यादव, कांस्टेबल अमित कुमार, प्रवीण यादव, कृष्णकांत पटेल, देवेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, प्रभात सिंह व अमरीश पांडेय शामिल रहे।

### दुष्कर्म आरोपित को 10 साल की कैद

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि अनिल पांडेय के विरुद्ध पाक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। तत्कालीन ललिया प्रभारी निरीक्षक बीपी यादव ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मानीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव, विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह की प्रभावी पैरवी पर न्यायालय ने उसे 10 साल कैद व 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

**बालू खनन में एक गिरफ्तार, बलरामपुर :** क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि जिगनिहा निवासी अजय कुमार यादव को बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।( संसू)

# दुष्कर्मी को दस साल जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय ने दस साल की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार वर्मा ने बताया कि ललिया के एक गांव के व्यक्ति ने दो अक्तूबर 2013 को ललिया थाने में अनिल पांडेय के खिलाफ नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर न्यायालय में बयान दर्ज कराया।

पुलिस ने छानबीन कर अनिल पांडेय के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सरकारी अधिवक्ता ने छह गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन के बाद एफटीसी के न्यायाधीश अभिनतम उपाध्याय ने अनिल पांडेय को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी मानते हुए दस साल के कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ेगा।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार

## लूटी गई बाइक बेचने नेपाल जा रहे थे दो बदमाश, एक मौके से फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। कोतवाली देहात के बैरही पुल के पास पांच दिन पहले हुई लूट के मामले में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। कोड़रीपुल के पास मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ में एक लुटेरे को मौके से तथा दूसरे को नहर बालागंज से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से लूटी गई बाइक के साथ ही तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। इस मामले में फरार चल रहे एक अन्य लुटेरे की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

**बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद**

**निशानदेही पर एक अन्य को भी दबोचा**

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि चार नवंबर को देहात कोतवाली क्षेत्र में बैरही पुल के पास लूट का मामला सामने आया था। इसके अनावरण के लिए एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ दरवेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम को लगाया गया था। मंगलवार को पुलिस टीम को जानकारी मिली कि



बलरामपुर में घटना का खुलासा करते एसपी राजेश कुमार सक्सेना व पकड़े गए आरोपी। संवाद

लूटी गई बाइक को हरैया के रास्ते नेपाल ले जाकर बेचने की तैयारी की जा रही है। इस पर उपनिरीक्षक ओम नारायण मिश्र की अगुवाई में पुलिस टीम कोड़री घाट पुल के पास वाहन चेकिंग करने लगी।

रात करीब ढाई बजे बाइक सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर उन्होंने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। इसमें से एक गोली उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से बलरामपुर के नगर कोतवाली के रामपुर कोलवा गांव निवासी करन उर्फ विनय पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। जबकि रितिक उर्फ अभिनव तिवारी मौके से भाग निकला। पुलिस ने करन के पास से लूटी गई बाइक बरामद की है। पुलिस टीम पर फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस भी बरामद हो गया है। करन की निशानदेही पर पुलिस ने नहर बालागंज स्थित घर से अक्षत श्रीवास्तव को भी गिरफ्तार कर लिया। अक्षत बाइक लूट की वारदात में शामिल था। वहीं, फरार रितिक की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

एसपी ने बताया कि लुटेरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज, स्वाट प्रभारी श्यामलाल यादव, उपनिरीक्षक ओम नारायण मिश्र, उपेंद्र कुमार यादव व जितेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की है।

# पांच बाल श्रमिक कराए मुक्त

**बलरामपुर।** चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग व एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम ने बुधवार को महराजगंज व तुलसीपुर क्षेत्रों में बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान महराजगंज व तुलसीपुर के पांच प्रतिष्ठानों से पांच बाल श्रमिक मुक्त कराए गए। प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। (संवाद)

# किसानों की समस्याओं का कराएं समाधान

**रेहराबाजार (बलरामपुर)।** राशन वितरण में मनमानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू (टिकैत) के नेताओं ने बुधवार को बीडीओ को मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजबहादुर शर्मा, संगठन मंत्री रामउग्रह वर्मा, शेषराम, शिवकुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

# मारीजुआना व नकदी बरामद

बलहा। नानपारा कोतवाली पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से मारीजुआना व नकदी बरामद की गई है। बरामद मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत पचास हजार आंकी गई है।

एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि नानपारा सीओ राहुल यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा राकेश कुमार सिंह, मुख्य सिपाही नागेन्द्र सिंह, सिपाही निरूपम दुबे ने मलंगपुरवा निवासी कुर्बान अली को 950 ग्राम मारीजुआना बरामद किया। उसके पास से मादक पदार्थ की बिक्री से हासिल 18,830 रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# दो बाइक पर सवार तीन असलहा तस्कर गिरफ्तार

- मोतीपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त मुहिम
- गिरफ्तार आरोपियों के पास से बरामद हुए पांच असलहे

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर थाने की पुलिस व एसओजी ने आपरेशन तमंचा के तहत दबिश देकर दो बाइक पर सवार तीन असलहा तस्करों को धर दबोचा। इनके पास से पांच असलहे व दो बाइक बरामद की गई है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

गोरखपुर जोन एडीजी अखिल कुमार ने अवैध असलहों की बरामदगी को आपरेशन तमंचा की मुहिम चलाई है। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि मोतीपुर इलाके में अवैध असलहा तस्करों की सक्रियता पर इन आरोपियों की धड़पकड़ को मोतीपुर थाने की पुलिस के सहयोग को एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व मिहींपुरवा सीओ राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम प्रभारी अनुज त्रिपाठी व उनकी टीम को लगाया गया था। बुधवार को मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार सिंह की ओर से दरोगा वीर बहादुर यादव, अवधेश कुमार पाल, मुख्य सिपाही पदुम नाथ सिंह, सिपाही गौरव गौड़, अभिषेक सरोज, संदीप यादव व एसओजी मुख्य सिपाही साहब सिंह, अजीत सिंह, राजेन्द्र यादव, सिपाही आदर्श भट्ट, नवीन तिवारी, नरोत्तम पुरी, मनीष यादव सर्विलांस सेल के मुख्य सिपाही करुणेश शुक्ला, सिपाही नितिन अवस्थी ने मटिहा मोड़ गायघाट के पास दबिश दी। दो बाइक पर सवार तीन युवकों को पकड़ा और तलाशी ली। उनके पास से चार तमंचा 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर का बरामद किया गया।



मोतीपुर थाने में असलहा व दो बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखीमपुर जिले के धौरहरा थाने के मैला के मजरे कलुआपुर निवासी मोनू मिश्रा, विजय यादव, मिर्जापुरवा के पसियनपुरवा निवासी छवि के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी असलहा बिक्री करने के फिराक में थे। दोनों बाइक सीज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# राम के जीवन से लें प्रेरणाः एसएसपी

बहराइच। रिसिया ब्लॉक के विश्राम घाट पर सामाजिक संस्था सदभावना की ओर से श्रमिक चौपाल आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एसएसपी केशव कुमार चौधरी व विशिष्ट अतिथि सीओ राजीव कुमार सिसोदिया रहे। एसएसपी ने कहा कि राम के जीवन से प्रेरणा लें।

एसएसपी ने कहा कि भगवान राम ने आदर्श समाज की नींव रखी है। समाज में फैला विकृतियां राम के आचरण को उतारने से ही समाप्त हो पाएंगी। जब तक मनोदशा सही नहीं होगी, समाज में फली भ्रांतियां लोगों की जिंदगी के लिए विष के समान रहेंगी। इससे बचने के लिए हर लोगों को अच्छा काम करना होगा। सद्भावना के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव ने सभी आगंतुकों को स्वागत किया। संस्था के संस्थापक योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि श्रमिकों के उत्थान के लिए संस्था का हर कार्यकर्ता 24 घंटे जी जान से जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलने ही कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी है।

# रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर में विस्फोट, तीन घायल

## मकान में आग लगने से जगह-जगह दरार पड़ी, धमाके से दहल गए आसपास के लोग, पुलिस और दमकल भी मौके पर पहुंची

बहराइच, संवाददाता। शहर के गुल्लावीर रोड रेलवे क्रासिंग के पास नुरुद्दीनचक में बुधवार दोपहर एक बाग स्थित मकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में तीन लोग झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। मकान में आग लगने से दीवारों में जगह-जगह दरार पड़ गई। लोगों ने घायलों को आनन- फानन में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव पुलिस बल के साथ पहुंच गए। दमकल भी मौके पर पहुंच गया।

दरगाह थाने के गुल्लावीर रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास नुरुद्दीनचक में राबिया पत्नी रज्जब उर्फ राजू के मकान में बुधवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे बलरामपुर जिले के गैसड़ी निवासी मकसूद पुत्र मारूफ, सिद्धार्थ नगर जिले के शोहरतगढ़ थाने के अंतरी बाजार निवासी शमसुल रहमान पुत्र अहमद व दरगाह थाने के गुल्लावीर कालोनी निवासी अभिषेक कश्यप पुत्र मालिक राम अवैध रूप से गैस सिलेंडर से गैस रिफिलिंग कर रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिससे गैस रिफिलिंग कर रहे तीनों युवक झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। मकान में आग लग गयी जिससे उसमें जगह- जगह दरारें पड़ गईं। हादसा होते ही थाने व दमकल को सूचना दी गई। घायलों को मलबे से निकाल कर तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जानकारी मिलते ही एसएचओ मनोज कुमार सिंह यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, सालारगंज पुलिस चौकी प्रभारी नितिन उपाध्याय पुलिस बल के साथ पहुंच गए। एएसपी सिटी व सीओ सिटी भी पहुंच गए। मामले की गहनता के साथ तहकीकात शुरू हो गई है।



सिलेंडर विस्फोट में क्षतिग्रस्त मकान।



नुरुद्दीनचक में सिलेंडर में विस्फोट के बाद लगी भीड़ जांच करती पुलिस व अन्य

**तीन दिन पूर्व ही किराए पर लिया गया था मकान :** दरगाह थाने के नुरुद्दीन चक में राबिया पत्नी रज्जब अली उर्फ राजू का पक्का मकान तीन दिन पूर्व ही शम्सुल रहमान ने किराए पर लिया था। शम्सुल रहमान गुल्लावीर रोड स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी में किराने की दुकान चलाता है। वह गैस सिलेंडर की भी बिक्री करता है। उसने कालोनी में मकान आंवटित करा रखा है।

मकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही थी। मकान के बाहर बरामदे में जितनी संख्या में गैस सिलेंडर रखे थे। यदि इनमें आग लग गई होती तो इलाके में बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे ने गैस के साथ शहर में हो रहे अवैध रिफिलिंग के खेल का खुलासा कर दिया है। शहर की मिष्ठान्न दुकानों, चाय दुकानों, अंडे के ठेलों आदि व्यावसायिक गतिविधियों में डामेस्टिक सिलेंडर का प्रयोग होता है। इस खेल के पीछे की यही खास वजह है।

**मकान मालिक को गैस रिफिलिंग की नहीं लगी भनक:** दरगाह के नुरुद्दीनचक निवासिनी राबिया पत्नी रज्जब के मुताबिक उसने शमसुल रहमान को तीन दिन पहले ही मकान किराए पर दिया था। शमसुल रहमान ने परिवार को रहने के नाम पर मकान किराए पर लिया था। राबिया का कहना है कि वह काम करने जाती है। उसे नहीं पता था कि यहां गैस रिफिलिंग की जा रही है।

### 70 फीसदी झुलसे हैं तीनों घायल

बहराइच । शहर स्थित मेडिकल कालेज में आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक डा. भरत पांडेय ने बताया कि तीनों व्यक्ति लगभग 70 फीसदी झुलसे हैं। फिलहाल उनकी हालत नार्मल है। यदि उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो रेफर कर दिया जाएगा।

> जिलापूर्ति अधिकारी ने मौके की जांच की है। इस मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर केस दर्ज कर लिया जाएगा।
>
> –मनोज कुमार सिंह यादव, एसएचओ

# लखीमपुर के तीन असलहा तस्कर गिरफ्तार

**संसू, मिहींपुरवा/मोतीपुर (बहराइच) :** नेपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में असलहों की तस्करी करने वाले तीन लोगों को मोतीपुर थाना पुलिस व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित लखीमपुर जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से पांच तमंचे भी बरामद किए गए हैं। आरोपितों में एक का आपराधिक इतिहास बताया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा लिख कर उन्हें न्यायालय रवाना किया हैं।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में असलहा तस्करी किए जाने की सूचना उन्हें मिली थी। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार को टीम गठित कर तस्करों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। एएसपी ने मोतीपुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी की टीम बनाकर तस्करों के गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

एसओ ने बताया कि मुखबिरों का जाल बिछाने पर पता चला कि मंगलवार देर रात तस्कर असलहों की खेप लेकर बहराइच आ रहे हैं। थाना क्षेत्र के गायघाट स्थित मटिया मोड़ के पास तीन लोग बाइक से आते दिखाई पड़े। पुलिस के रोकने

- **पकड़े गए एक तस्कर का आपराधिक इतिहास**
- **पांच तमंचे व एक बाइक भी बरामद मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेजा**



मोतीपुर पुलिस की अभिरक्षा में असलहों संग पकड़े गए तस्कर ● जागरण

पर वह भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान युवकों के पास से पांच तमंचे बरामद किया गया। इनके पास मिली बाइक के भी दस्तावेज नहीं थे।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान छवि निवासी पसियनपुरवा मिर्जापुर थाना धौराहरा, मोनू मिश्र व विजय यादव निवासीगण कलुआपुर लखीमपुर के रूप में की गई है। इन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ वीरबहादुर यादव, अवधेश कुमार पाल, मुख्य आरक्षी पदमनाथ सिंह, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी अभिषेक सरोज, संदीप यादव, एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी साहब सिंह, अजीत सिंह, राजेंद्र यादव, करुणेश, आरक्षी आदर्श भट्ट, नवीन तिवारी, नितिन अवस्थी, नरोत्तमपुरी, मनीष यादव शामिल हैं।

## दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार

**संसू, कैसरगंज (बहराइच) :** पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को धर दबोचा, जिनके पास से अमेठी जिला से चुराई गई बाइक बरामद की गई। बाइक चुराने के बाद नंबर प्लेट बदलकर बेच देते थे। पकड़े गए चोरों की पहचान अबू तालिब निवासी ग्राम रज्जापुरवा पुरैनी थाना हुजूरपुर व तसौव्वर निवासी ग्राम रामस्वरूपपुरवा इब्राहिमपुर मझारा थाना रामगांव के रूप में की गई। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल कैसरगंज प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह, उप निरीक्षक कैसर खां, सिपाही जीतेंद्र यादव, मनीष यादव, विष्णु प्रताप सिंह शामिल रहे।

# रसोई गैस रीफिलिंग के दौरान विस्फोट, तीन झुलसे

## एक गंभीर, लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर, घायलों में सिद्धार्थनगर व बलरामपुर के लोग शामिल, 51 सिलिंडर बरामद





दरगाह क्षेत्र के नूरुद्दीन चक में गैस सिलिंडर की रीफिलिंग के दौरान हुए विस्फोट के बाद क्षतिग्रस्त मकान व घटना के बाद सिलिंडर बरामद करते अधिकारी ● जागरण

**जासं, बहराइच** : नूरुद्दीन चक में किराए के मकान में बड़े पैमाने पर गैस रीफिलिंग की जा रही थी। बुधवार को रीफिलिंग के दौरान हुए तेज विस्फोट में मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें एक की हालत चिंताजनक देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घायलों में सिद्धार्थनगर व बलरामपुर जिले के लोग शामिल हैं। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस व दमकल विभाग के अधिकारियों ने मौके से 51 सिलिंडर बरामद किए।

दरगाह क्षेत्र के मुहल्ला नूर्सी क्लीनिक की रहने वाली राबिया को गुल्लावीर नूरुद्दीनचक गांव में प्रधानमंत्री आवास आवंटित है। महिला ने इस मकान को किराये पर दे रखा था। बलरामपुर जिले के गैसड़ी निवासी मकसूद, सिद्धार्थनगर जिले के सोहरतगढ़ निवासी शमसुल रहमान व गुल्लावीर निवासी अभिषेक मकान में बड़े पैमाने पर गैस रीफिलिंग का काम करते थे। बुधवार को सिलिंडर में गैस भरने के दौरान विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बाहर बनी चहारदीवारी भी ढह गई। विस्फोट के दौरान रीफिलिंग कर रहे मकसूद, शमसुल रहमान व अभिषेक अत्यधिक झुलस गए। तीनों जान बचाने के लिए चीखते हुए घर के बाहर भागकर पहुंचे।

> गैस सिलिंडर रीफिलिंग मामले में जांच की जा रही है। घटनास्थल पर 51 सिलिंडर बरामद किए गए हैं। आवास को मिनी गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम गठित कर गैस रीफिलिंग करने वालों के खिलाफ अभियान भी चलाया जाएगा।
>
> **- अनंत प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी**

आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी मिलते ही सीओ नगर जंगबहादुर यादव व थानाध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सक ने अभिषेक की हालत चिंताजनक देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।



दरगाह के नूरुद्दीन चक में गैस रीफिलिंग के लिए रखे सिलिंडर ● जागरण

# दो वाहन चोर पकड़े, बाइक बरामद



कैसरगंज( बहराइच)। गैर जनपदों से बाइक चुराने के बाद नंबर प्लेट बदलकर महंगे दाम पर बेचने वाले दो चोरों को मंगलवार को कैसरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरों की निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद की गई। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि इनकी पहचान हुजूरपुर थाना क्षेत्र के रज्जापुर पुरैनी निवासी अबू तालिब व बाराबंकी के रामगांव थाना क्षेत्र के रामस्वरुप पुरवा निवासी तसौव्वर के रूप में हुई है। दोनों को जेल भेज दिया है। (संवाद)

# जीप पलटने से तीन की मौत, 12 घायल

**रूपईडीहा।** नेपालगंज के प्यूठान के पूर्णा गांव में मंगलवार की रात जीप पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नेपाल पुलिस के मुताबिक, पूर्णिमा मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं की जीप दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में मैमा घरती (52), बच्ची थापा (33) और खुमान थापा(46) की मौके पर ही मौत हो गई। (संवाद)

# कलेक्ट्रेट पहुंच तांत्रिक को बताया निर्दोष

**बहराइच।** कोतवाली देहात के चिलवरिया निवासी एक युवती ने उसी के गांव निवासी एक तांत्रिक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस जांच कर रही है। वहीं, प्रकरण में तांत्रिक को निर्दोष बताते हुए बुधवार को चिलवरिया के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। चिलवरिया निवासी सिद्धांत सिंह, रजनीश पाठक, राजन जायसवाल, रामनिवास, जितेन्द्र पांडेय आदि ने बताया कि युवती ने पुरानी रंजिश में लाल महाराज पर झूठा आरोप लगाया है। (संवाद)

# चौकी प्रभारी पर मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल

**बहराइच।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति दूसरे को थप्पड़ व लात घूंसों से पीट रहा है। वायरल वीडियो में पीटने वाले शख्स के मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर पुरैना चौकी प्रभारी होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो के आधार पर पीड़ित ने सीओ मिहींपुरवा को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायती पत्र में अमृतपुर निवासी मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी ने पिटाई की है। वह शिकायत करने चौकी गया था, लेकिन चौकी प्रभारी राधेश्याम यादव ने उसकी पिटाई कर दी। पत्नी से भी गाली-गलौज की। कोतवाल शशि कुमार राणा ने वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। (संवाद)

# दो वांछित और एक तस्कर गिरफ्तार

**नानपारा।** क्राइम इस्पेक्टर मनोज सिंह ने बताया कि सिलोरा निवासी बंशीलाल दुष्कर्म के मामले में वांछित था। बुधवार को दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शांतिभंग के आरोप में विश्वनाथ गांव निवासी राजित राम को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि मलंगपुरवा के पास एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर तलाशी ली गई तो नौ किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। (संवाद)

# सिलिंडर में रिफिलिंग के दौरान धमाका

## मकान क्षतिग्रस्त, तीन घायल, पुलिस और आपूर्ति विभाग जांच में जुटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र इलाके में बुधवार को घरेलू सिलिंडर में गैस की अवैध रिफिलिंग करने के दौरान तेज धमाका हुआ। इसकी चपेट में आकर तीन लोग घायल हो गए जबकि मकान में दरार पड़ने के साथ ही दीवार व खिड़की टूट गई। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां तीनों की हालत गंभीर बनी है।

आबादी क्षेत्र में हुए इस धमाके से पूरे इलाके में दहशत है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस व आपूर्ति विभाग के टीम मामले की जांच कर रही है। दरगाह थाना क्षेत्र के चांदमारी मोहल्ला स्थित एक मकान में घरेलू सिलिंडरों में अवैध तौर से एलपीजी की रिफिलिंग का धंधा चल रहा था। बुधवार सुबह रिफिलिंग के दौरान अचानक एक सिलिंडर में धमाका होने के बाद आग लग गई। धमाका इतना जोरदार था, कि पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके व आगजनी की चपेट में आकर मौके पर मौजूद तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

गंभीर रुप से घायल अभिषेक (25), मकसूद (19) और शमशुल रहमान (26) को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती करवाया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर बनी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर की अगुवाई में पहुंची पुलिस टीम के घटनास्थल की गहन जांच की।





बहराइच के मोहल्ला चांदमारी में सिलिंडर में विस्फोट के बाद क्षतिग्रस्त मकान। बरामद सिलिंडर। -संवाद

> हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया है। क्षतिग्रस्त मकान किसका था और इसमें कौन लोग रिफिलिंग के अवैध धंधे से जुड़े थे इसकी छानबीन की जा रही है। मौके से गैस सिलिंडर पर मापतौल यंत्र समेत कई खाली व भरे सिलिंडर समेत अवैध रिफलिंग में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण भी मिले हैं।
> **-अनंत सिंह,** जिला पूर्ति अधिकारी

आपूर्ति विभाग की तरफ से क्षेत्र में तैनात पूर्ति निरीक्षक भी मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि मौके पर 30-35 सिलिंडर, मापतौल यंत्र आदि बरामद हुआ है। आग लगने का कारण सार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस दौरान लगी आग को दमकल कर्मियों ने जल्द ही बुझा दिया।

■ ***पुलिस व पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल :*** घनी आबादी क्षेत्र के एक घर में अवैध तौर से संचालित घरेलू सिलिंडरों की रिफिलिंग का खेल काफी समय से चल रहा था।

क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि इसकी शिकायत के बाद भी रोकथाम की जिम्मेदारी से जुड़ी क्षेत्रीय पुलिस व आपूर्ति विभाग के अधिकारी उदासीन बने थे। जिस मकान में यह अवैध धंधा चल रहा था वहां पर आए दिन आस पास की गैस एजेंसियों से जुड़े हॉकरों का जमघट लगा रहने के बावजूद पुलिस व पूर्ति विभाग का न चेतना उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-11-2022

## बैंक चेकिंग कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

श्रावस्ती। पुलिस ने बुधवार को जिले भर में बैंक व एटीएम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रो के आस-पास, अंदर-बाहर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान सीसीटीवी, सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में मौजूद ग्राहकों साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## यातायात जागरूकता के लिए बांटे गए पम्फलेट

श्रावस्ती। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व उससे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए यातायात माह चलाया जा रहा है। इसके लिए बुधवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पाण्डेय ने टीम के साथ इकौना थाना क्षेत्र के सीताद्वार मेला में आये हुए श्रद्धालुओं व वाहन चालकों को पम्फलेट वितरित किया गया। इसके साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# 117 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 117 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 1,34,500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

# सीताद्वार मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

## पौराणिक सीता सरोवर में स्नान-दान कर श्रद्धालुओं ने मंदिर में चढ़ाया प्रसाद

**संसू, इकौना (श्रावस्ती)** : कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले सीताद्वार मेले में बुधवार को दूसरे दिन आस्था का सैलाब उमड़ा। विशाल मेला क्षेत्र में कहीं भी तिल रखने की जगह नही बची। पवित्र सीता सरोवर मे स्नान व आचमन कर श्रद्धालुओं ने सीता माता मंदिर मे दर्शन पूजन कर प्रसाद चढ़ाया।

**घाट पर उमड़े श्रद्धालु** : सीता सरोवर का पौराणिक महत्व है। श्रद्धालुओं ने झील में स्नान व आचमन कर घाट पर मौजूद पंडों को दान दक्षिणा दी। गोदान कर पुण्य अर्जित किया। सीता माता मंदिर के पार्श्व मे स्थित बाल्मीकि आश्रम पहुंच श्रद्धालुओं ने साधु सन्यासियों को भी दान दक्षिणा अर्पित किया।

**मेले में रही भारी भीड़** : मेले मे पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन ज्यादा भीड़ रही। कार्तिक पूर्णिमा के दिन चंद्र गहण होने के कारण सूतक काल मे मंदिर बंद रहने व दर्शन पूजन निषेध समझे जाने के से लोगों ने मेला आने से परहेज़ किया। दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मेला क्षेत्र मे कहीं भी तिल रखने की जगह नहीं थी।



कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दूसरे दिन इकौना के सीताद्वार मेले मेंउमड़ी भीड़ ● जागरण

**सुरक्षा की रही चाकचौबंद व्यवस्था** : मंदिर घाट व संपूर्ण मेला क्षेत्र मे जगह-जगह निगरानी के लिए महिला व पुरुष सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहे। वाच टावर व सीसी कैमरे से निगरानी की गई।

सीओ महेंद्र पाल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी दल बल के साथ भ्रमणशील रहे। घाट क्षेत्र में स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए स्थानीय गोताखोर व पीएसी जवान मुस्तैद रहे।

**ग्रामीणों के घर मेहमानों से रहे गुलजार** : कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले सबसे बड़ा मेले में क्षेत्र के ग्रामवासी अपने दूरदराज के रिश्तेदारों को मेला देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। उनके रहने, खाने व खातिरदारी की विशेष व्यवस्था करते हैं। टंड़वा महंत, इटौंझा, मोहनीपुर, भकुरइया, रामपुर, गोविंदपुर, कटघरा समेत अन्य गांवो मे लगभग हर घरों मे मेहमानों की भीड़ रही। उत्सव जैसा माहौला दिखा।

### खूब बिके कृषि उपकरण

ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा मेला होने के कारण कृषि कार्य मे उपयोगी लकड़ी का हाथा, हंसिया, गड़ासी, खुरपा समेत अन्य सामानों की दुकानों पर भीड़ रही। घरेलू सामान व खिलौने की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। घरेलू सामान व खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन, लाई-गटटा व खानपान की दुकानें ग्राहकों से गुलजार रहीं।



इकौना के सीताद्वार मेले में झूले का आनंद लेते बच्चे ● जागरण

# वाहन चालकों को बताए गए यातायात के नियम

**श्रावस्ती :** यातायात माह के तहत मंगलवार को यातायात पुलिस ने सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों व संकेतों के प्रति आमजन को जागरूक किया। यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने सीताद्वार मेले में आए हुए श्रद्धालुओं व वाहन चालकों को पंपलेट वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी। (वि.)

# शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात चलाए गए अभियान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, बुधवार को चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पांच वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान किया गया।

# पॉक्सो के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरवा निवासी महेश दत्त ने 14 वर्षीय किशोरी से विवाह किया था। बाद में किशोरी की इच्छा के बिना उसे विदा कराकर अपने साथ घर ले गया था जहां से किसी तरह भाग कर वापस घर पहुंची किशोरी ने आरोपी पति के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में आरोपी महेश दत्त की ओर से अपर सत्र न्यायाधीश व स्पेशल जज रेप विथ पॉक्सो दिनेश कुमार सिंह के न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। इसका अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने विरोध किया। अपर सत्र न्यायाधीश ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। संवाद